www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...
राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, शुक्रवार, 10 मई, 2024 | वर्ष-17 | अंक -34 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए





समय की कसौटी पर खरा उतरा भारतीय ... 02
■ प्राधिकरण की सख्ती के बाद बिल्डर लगाएंगे...
■ महापौर ने कहा कोई मंदिर नहीं तोड़ा गया विहिप... 04
■ रिश्ते को आगे बढ़ाने के लिए एक समझ पर...
■ पाकिस्तान में आतंकी हमले में सात लोगों की मौत 07
वरिष्ठ व दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्र... 10

# झूठे प्रचार से बचे, मोदी दुबारा नहीं आएंगे : राहुल

■ कांग्रेस नेता ने कहा, मोदी के हाथ से निकल रहा चुनाव ■ 4 जून को इंडिया गठबंधन को मिल रहा बहुमत

**नई दिल्ली, 9 मई (देशबन्धु)।** देश में लोकसभा चुनाव का दौर जारी है। तीन चरण के लिए वोटिंग चुकी है।

### 30 लाख पदों पर भर्ती की प्रक्रिया होगी शुरू

इस बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बड़ा दावा किया है। राहुल गांधी का कहना है कि 4 जून को जब चुनाव परिणाम की घोषणा होगी तो इंडिया गठबंधन को बहुमत मिलेगा। इसके बाद सरकारी विभागों में रिक्त पड़े 30 लाख पदों पर भर्ती की प्रक्रिया का काम शुरू होगा। इसके साथ ही राहुल गांधी ने नरेंद्र मोदी के झूठे प्रचार से भी लोगों को सावधान रहने की हिदायत दे डाली। राहुल गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी के हाथ से चुनाव निकल रहा है। वह दुबारा पीएम नहीं बनेंगे। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो मैसेज ट्वीट किया। इसके साथ उन्होंने लिखा, देश के युवाओं! 4 जून को इंडिया की सरकार बनने जा रही है और हमारी गारंटी है कि 15 अगस्त तक हम 30 लाख रिक्त सरकारी पदों पर भर्ती का काम शुरू कर देंगे। नरेंद्र मोदी के झूठे प्रचार से भटकना मत, अपने मुद्दों पर डटे रहना। इंडिया की सुनो, नफरत नहीं, नौकरी चुनो। राहुल गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी स्लिप कर रहे हैं। वह हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे। राहुल ने कहा कि पीएम मोदी ने यह फैसला ले लिया है कि अगले 4-5 दिन में आपके ध्यान को भटकाना है।



नरेंद्र मोदी के झूठे प्रचार से भटकना मत, अपने मुद्दों पर डटे रहना। इंडिया की सुनो, नफरत नहीं, नौकरी चुनो : राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

### भाजपा ने कांग्रेस मुख्यालय पर किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** भाजपा ने गांधी परिवार के करीबी सैम पित्रोदा के बयान को देश को बांटने का प्रयास बताते हुए गुरुवार को कांग्रेस मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन कर राहुल गांधी से माफी मांगने की मांग की। भाजपा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस मुख्यालय पर प्रदर्शन किया।

## मोदी ने चहेतों के भ्रष्टाचार का किया खुलासा : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अडानी अंबानी संबंधी कल के बयान पर उन्हें घेरने का प्रयास करते हुए गुरुवार को कहा कि यह श्री मोदी के चहेतों के भ्रष्टाचार का खुलासा है जो प्रधानमंत्री ने तीसरे चरण के चुनाव के बाद अपनी निश्चित हार को देखते हुए खुद किया है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि श्री मोदी ने 10 साल में पहली बार अडानी-अंबानी का नाम लिया है और कहा है कि वह बोरियों में रुपए दे रहे हैं और टेंपो में भर-भर रुपए इधर-उधर किए जा रहे हैं। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री की लाचारी बताया और कहा कि भ्रष्टाचार का खुलासा खुद करने के अलावा उनके पास अब कोई चारा नहीं बचा है। इस खुलासा से भाजपा के भ्रष्टाचारियों में हड़कंप मच गया है। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री की बेबसी करार देते हुए कहाख, देश का प्रधानमंत्री इतना कमजोर, इतना लाचार, इतना असहाय और इतना मजबूर पहले कभी नहीं रहा।



खुलासे से भाजपा के भ्रष्टाचारियों में हड़कंप मचा

## कांग्रेस का हरियाणा में बहुमत का दावा

**चंडीगढ़, 9 मई (एजेंसियां)।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपिंदर सिंह हुड्डा ने बहुमत का दावा किया है। उन्होंने एक बार फिर से कहा है कि राज्य में नायब सिंह सैनी की सरकार अल्पमत में आ गई है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस के विधायक एकजुट हैं. भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने विधायकों की संख्या गिनवाते हुए कहा कि कांग्रेस के 30, जेजेपी के 10, निर्दलीय 3 हैं। इसके साथ ही उन्होंने बलराज कुंडू और अभय चौटाला को मिलाकर कुल 45 विधायकों की संख्या बताई है। साथ ही विधायकों के परेड कराने की भी बात कही है।

कांग्रेस नेता भूपिंदर सिंह हुड्डा ने नैतिकता के आधार पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से इस्तीफा मांगा है। इसके साथ ही राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू कर नए सिरे से विधानसभा चुनाव कराने की मांग की है।

विपक्ष के नेता हुड्डा के सचिव शादी लाल कपूर ने हरियाणा राजभवन को पत्र लिखकर राज्य की वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर राज्यपाल से समय मांगा है। इसके लिए राज्यपाल से 10 मई को वक्त देने का अनुरोध किया गया है।



हुड्डा बोले, विधायकों की परेड करा देंगे

ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किया हलफनामा

## जांच एजेंसी ने केजरीवाल की जमानत का विरोध किया



■ कहा, चुनाव प्रचार का अधिकार संवैधानिक अधिकार नहीं
■ दिल्ली के मुख्यमंत्री ने गिरफ्तारी को कोर्ट में दी है चुनौती

**नई दिल्ली, 9 मई (एजेंसियां)।** आबकारी नीति घोटाला मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत अर्जी पर सुप्रीम कोर्ट का शुक्रवार को फैसला आने से पहले ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर किया है।

इस हलफनामे में कहा है कि चुनाव प्रचार के लिए केजरीवाल को जमानत नहीं दी जा सकती है। चुनाव प्रचार का अधिकार ना तो संवैधानिक अधिकार है और ना ही कानूनी अधिकार। सुप्रीम कोर्ट में ईडी की ओर से दाखिल नए हलफनामा में केजरीवाल की अंतरिम जमानत की मांग वाली अर्जी का विरोध किया गया। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान टिप्पणी की थी कि आम चुनाव के मद्देनजर वह केजरीवाल की अंतरिम जमानत अर्जी पर विचार करेंगे। इसके बाद अंतरिम जमानत पर सुनवाई हुई थी। पिछले सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखते हुए कहा था कि वह शुक्रवार को फैसला देंगे।

ईडी ने अंतरिम जमानत अर्जी का विरोध करते हुए हलफनामा दायर किया है और कहा है कि चुनाव प्रचार का जो अधिकार है वह ना तो मौलिक अधिकार है और ना ही यह संवैधानिक अधिकार है। ईडी ने कहा कि यहां तक कि चुनाव प्रचार का अधिकार कानूनी अधिकार के दायरे में भी नहीं है। साथ ही ईडी ने कहा है कि कोई भी राजनीतिक व्यक्ति किसी भी साधारण व आम जनता से ज्यादा अधिकार का दावा नहीं कर सकता है। कोई राजनीतिक व्यक्ति इस बात का अधिकार नहीं रखता है कि उसे किसी आम जनता से अलग ट्रीट किया जाए और ना ही वह आम जनता से ज्यादा अधिकार रखने का दावा कर सकता है।

**हलफनामे में कहा, जमानत मिली तो नजीर होगी**

ईडी ने अपने हलफनामे में यह भी कहा है कि कोई भी राजनीतिक पार्टी के नेता को चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत नहीं गई है चाहे वह पॉलिटिकल लीडर खुद चुनाव ही क्यों ना लड़ रहे हों। यहां तक कि कंटेस्ट करने वाले कैंडिडेट को भी चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत नहीं दी जाती रही है।

## सार संक्षेप

### हेलीकॉप्टर दुर्घटना में बाल-बाल बचे चिराग पासवान



**पटना।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान हेलिकॉप्टर दुर्घटना में बाल-बाल बच गए। उजियारपुर लोकसभा क्षेत्र के मोहद्दीनगर में उनका हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त होते-होते बचा। हेलिकॉप्टर का चक्का हैलीपैड से उतर कर गीली मिट्टी में धंस गया। दरअसल, चिराग पासवान उजियारपुर से एनडीए प्रत्याशी नित्यानंद राय के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करने मोहद्दीनगर पहुंचे थे।

### कुलगाम में मारे गए तीसरे आतंकी की पहचान हुई



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए तीसरे आतंकी की गुरुवार को पहचान कर ली गई। पुलिस ने बताया कि कुलगाम मुठभेड़ में मारे गए तीसरे आतंकवादी की पहचान श्रीनगर शहर में ईदगाह इलाके के निवासी गुलजार अहमद मीर के बेटे मोमिन गुलजार मीर के रूप में हुई है।

### चंडीगढ़ से अकाली दल के उम्मीदवार आप में शामिल



**चंडीगढ़।** शिरोमणि अकाली दल (शिअद) को झटका देते हुए चंडीगढ़ से उसके लोकसभा उम्मीदवार हरदीप सिंह बुटेरला समर्थकों के साथ गुरुवार को अकाली दल छोड़ आप में शामिल हो गए। आम आदमी पार्टी, पंजाब के अध्यक्ष और मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बुटेरला और उनके सहयोगियों को औपचारिक रूप से पार्टी में शामिल कराया।

### देश के कई हिस्सों में आंधी बिजली के साथ होगी बारिश



**नई दिल्ली।** देश के मध्य, पूर्व और दक्षिण प्रायद्वीपीय हिस्सों में 12 मई तक आंधी, बिजली और तेज हवाओं के साथ बारिश होने के आसार हैं। आईएमडी ने बताया कि पश्चिमी राजस्थान में शुक्रवार तक लू की स्थिति बनी रहेगी और उसके बाद मौसम में सुधार होने का अनुमान है।

## पीड़िता ने शाहजहां शेख के खिलाफ शिकायत वापस ली

संदेशखाली मामला



■ तृणमूल ने भाजपा पर लगाया आरोप
■ पार्टी ने चुनाव आयोग से भी की शिकायत

**कोलकाता, 9 मई (एजेंसियां)।** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के कथित उत्पीड़न का मामला चर्चा में है। भाजपा एक तरफ सच को दबाने के आरोप लगा रही है को दूसरी तरफ पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने विपक्षी पार्टी भाजपा पर झूठ फैलाने के आरोप लगाए हैं। तृणमूल कांग्रेस का कहना है कि उन्होंने इस संबंध में चुनाव आयोग से शिकायत की है। वरिष्ठ तृणमूल नेता और राज्य सरकार में मंत्री शशि पंजा ने कहा कि मनगढ़ंत डराने-धमकाने के इस घृणित कृत्य को बख्शा नहीं जाएगा। इसी बीच मीडिया रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि पीड़िताओं में एक ने शाहजहां शेख के खिलाफ दर्ज शिकायत वापस ले ली है।

**महिलाओं से कोरे कागजों पर हस्ताक्षर कराए**

तृणमूल कांग्रेस ने गुरुवार को कथित वीडियो का जिक्र कर कहा, भाजपा के एक स्थानीय नेता ने कई महिलाओं से कोरे कागजों पर हस्ताक्षर कराए। बाद में इसे टीएमसी नेताओं के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायतों के रूप में पेश किया गया।

## तमिलनाडु में पटाखा फैक्ट्री विस्फोट, आठ की मौत

सात गोदामों को अपनी चपेट में लिया, कई झुलसे

**विरुधुनगर, 9 मई (एजेंसियां)।** तमिलनाडु के दक्षिणी जिले विरुधुनगर में शिवकाशी के पास सेंगामालापट्टी गांव में गुरुवार को एक निजी पटाखा फैक्टरी में आग लगने के बाद हुए भीषण विस्फोट में पांच महिलाओं सहित कम से कम आठ श्रमिकों की मौत हो गई और कई अन्य झुलस गए, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि श्रमिक फैंसी किस्म के पटाखे बनाने के लिए अत्यधिक ज्वलनशील रसायनों को मिलाने में लगे हुए थे, तभी घर्षण के कारण उनमें आग लग गई। आग की लपटों ने देखते ही देखते सात गोदामों को अपने चपेट में ले लिया, जहां भारी मात्रा में तैयार पटाखों और रसायनों का भंडार रखा हुआ था।


## बसपा ने कुशीनगर व देवरिया से घोषित किए प्रत्याशी

**लखनऊ, 9 मई (एजेंसियां)।** लोकसभा चुनाव के लिए बहुजन समाज पार्टी ने गुरुवार को एक और लिस्ट जारी कर दी। पार्टी ने कुशीनगर और देवरिया सीट से प्रत्याशियों की घोषणा की है। बसपा की ओर से गुरुवार को जारी सूची के अनुसार, कुशीनगर से शुभ नारायण चौहान और देवरिया से संदेश यादव उर्फ मिस्टर को अपना उम्मीदवार बनाया गया है। ज्ञात हो कुशीनगर से भाजपा ने अपने पुराने सांसद विजय दुबे पर भरोसा जताया है।




एडीआर ने उम्मीदवारों के चुनावी शपथ पत्रों का किया विश्लेषण

## चौथे चरण में 634 प्रत्याशी दागी




■ 11 पर हत्या का आरोप, 26 है अनपढ़
■ 13 मई को चौथे चरण का मतदान होगा

**नई दिल्ली, 9 मई (देशबन्धु)।** तीन चरणो के मतदान के बाद लोकसभा की 543 सीटो में से आधे से ज्यादा पर मतदान पूरा हो गया है। अब 13 मई को चौथे चरण का मतदान होगा,जिसमें 10 राज्यो की 96 सीटो पर वोट डाले जाएंगे। लेकिन चौकाने वाली बात है कि इस चरण में 1,717 उम्मीदवारों की किस्मत दाव पर लगी है,जिसमें न केवल बडी संख्या में गंभीर अपराधों के आरोपी चुनाव मैदान में हैं, बल्कि दो दर्जन से ज्यादा अनपढ भी संसद पहुचने की कतार में हैं। ऐसासिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स यानी एडीआर ने चौथे चरण के उम्मीदवारों के चुनावी शपथ पत्रों का पड़ताल करके दावा किया है कि चौथे चरण में 26 उम्मीदवार निरक्षर हैं जो कि देश के विभिन्न लोकसभा क्षेत्रो से उम्मीदवार है। जबकि 30 उम्मीदवार साक्षर, 69 पांचवी पास, 93 आठवीं पास, 234 दसवीं पास,248 बारहवीं पास, 66 डिप्लोमा धारी,45 पीएचडी,195 प्रोफेशनल स्नातक, 348 स्नातक और 356 प्रत्याशी स्नातकोत्तर शिक्षा प्राप्त है। वहीं आपराधिक मामलों की बात करें तो इस चरण के उम्मीदवारो में 50 पर महिलाओं से जुड़े आपराधिक मामले, 44 पर भडाकाऊ भाषण देने,11 पर हत्या करने,30 पर हत्या के प्रयास के मामले और 17 पर दोषसिद्ध मामले है। उम्र की बात करें तो 130 उम्मीदवार 25 से 30 वर्ष,512 उम्मीदवार 31 से 40 वर्ष, 459 उम्मीदवार 41 से 50 वर्ष,383 उम्मीदवार,51 से 60 वर्ष,189 उम्मीदवार 61 से 70 वर्ष और 37 उम्मीदवार 71 से 80 वर्ष के बीच के है।

# देश

**उवाच**



"कांग्रेस कह रही है कि उनकी सरकार आएगी तो गरीबी मिटा देंगे। मनमोहन सिंह की सरकार में सोनिया गांधी ने पीछे से सरकार चलाई, राजीव गांधी, इंदिरा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू ने सरकारें चलाई लेकिन गरीबी दूर नहीं कर पाए।

-डॉ.मोहन यादव, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 37.0 | 28.0 |
| मुंबई | 31.0 | 28.0 |
| कोलकाता | 24.0 | 23.0 |
| चेन्नई | 32.0 | 30.0 |

# समय की कसौटी पर खरा उतरा भारतीय लोकतंत्र : ओम बिरला

- लोकसभा अध्यक्ष ने आईआईएमयूएन से जुड़े युवा छात्रों के प्रतिनिधिमंडल को किया संबोधित
- भारतीय लोकतंत्र की ऐतिहासिक यात्रा का किया उल्लेख

**नई दिल्ली,** 9 मई (देशबन्धु)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को संसद भवन परिसर में आईआईएमयूएन से जुड़े युवा छात्रों के एक प्रतिनिधिमंडल को संबोधित किया। इस अवसर पर बोलते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र समय की कसौटी पर खरा उतरा है और विश्व का मार्ग प्रशस्त करता रहा है। उन्होंने कहा कि भारत की संसद देश के 140 करोड़ लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करती है और उनकी समस्याओं और मुद्दों का समाधान प्रदान करती है। भारतीय लोकतंत्र की ऐतिहासिक यात्रा का उल्लेख करते हुए बिरला ने कहा कि प्राचीन काल से, भारतीय लोकतंत्र समृद्ध रहा है और हमारे लोगों की प्रगति और विकास सुनिश्चित करने के लिए अग्रिम भूमिका निभाता रहा है। उन्होंने कहा कि दुनिया को भारत से बहुत कुछ सीखना है, जो न केवल विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है बल्कि यह भी सुनिश्चित करता है कि विविधता और लोकतंत्र के मूल्य हमारे सभी कार्यों में व्याप्त हों। भारत की युवा शक्ति के विषय में बोलते हुए ओम बिरला ने आशा व्यक्त की कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 में



देश के 140 करोड़ लोगों की आशाओं व आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करती है भारत की संसद : ओम बिरला

विकसित भारत के सपने को भारत के युवा ही पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ-साथ नवाचार और शोध के माध्यम से हमारे युवा भारत को दुनिया में सबसे आगे ले जाएंगे।

**संविधान में निहित कर्तव्यों पर दिया जोर**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संविधान में निहित कर्तव्यों पर भी जोर दिया और युवाओं से अपनी सर्वोत्तम क्षमताओं के साथ अपने संवैधानिक कर्तव्यों को पूरा करने का आह्वान किया। भारत के संविधान के विषय में बोलते हुए ओम बिरला ने कहा कि संविधान सरकार और संसद के हर फैसले को दिशा देता है। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान प्रत्येक भारतीय के अधिकारों की रक्षा करता है और समाज के सबसे कमजोर सदस्यों के लिए न्याय सुनिश्चित करता है। संवैधानिक मूल्यों के प्रति प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी की मजबूत प्रतिबद्धता का उल्लेख करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की पहल पर युवाओं के लिए देश भर में अपने संविधान को जानें कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

### युवा मतदाताओं को करना चाहिए अपने मताधिकार का प्रयोग : लोस अध्यक्ष

चुनावी प्रक्रिया के प्रति युवाओं के उत्साह को देखते हुए ओम बिरला ने कहा कि युवा मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए और लोकतंत्र को सदृढ़ करना चाहिए। विश्व में भारत के बढ़ते कद के विषय में बोलते हुए ओम बिरला ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत पूरी दुनिया के लिए एजेंडा तय कर रहा है। उन्होंने कहा कि वसुधैव कुटुंबकम की भावना विश्व मंच पर भारत के सभी कार्यों में रची बसी है। अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन जैसी वैश्विक पहल का उल्लेख करते हुए लोस अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि भारत जलवायु परिवर्तन शमन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है।

## जम्मू में कश्मीरी पंडित प्रवासी मतदाताओं के लिए 23 मतदान केंद्र

**जम्मू,** 9 मई (एजेंसियां)। भारत चुनाव आयोग (ईसीआई) ने लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के मतदान से पहले जम्मू में कश्मीरी पंडित प्रवासी मतदाताओं के लिए 23 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। आधिकारिक




सूत्रों के मुताबिक जम्मू में कश्मीर पंडित प्रवासी मतदाताओं के लिए 23 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें दो सहायक मतदान केंद्र भी शामिल हैं। दिशा निर्देशों के तहत 1500 से अधिक मतदाताओं के लिए दो ऐसे मतदान केंद्र स्थापित करना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि श्रीनगर संसदीय सीट पर 13 मई को चुनाव होंगे। निर्वाचन क्षेत्र के लिए 13000 से अधिक कश्मीरी पंडित मतदाता पंजीकृत हैं, जो जम्मू के विभिन्न हिस्सों में स्थापित 23 मतदान केंद्रों पर वोट डालेंगे। इस बीच कश्मीरी पंडित मतदाताओं के 473 डाक मतपत्र श्रीनगर में रिटर्निंग ऑफिसर को भेजे गए हैं। श्रीनगर सीट पर मुख्य मुकाबला आगा रुहुल्लाह मेहदी (नेशनल कॉन्फ्रेंस), वहीद-उर-रहमान पारा (पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी) और मुहम्मद अशरफ मीर (जम्मू-कश्मीर अपनी पार्टी) के बीच है।

## ललन को हमारी जरूरत नहीं, वे चुनाव जीतने में सक्षम : अनंत सिंह

**पटना,** 9 मई (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के बीच 15 दिनों के पैरोल पर जेल से बाहर आए मोकामा के पूर्व बाहुबली विधायक अनंत सिंह ने अपने बयान से बिहार की सियासत को एक नई गर्माहट दे दी है। कहा जा रहा है कि मुंगेर में जेडीयू उम्मीदवार ललन सिंह को चुनाव में लाभ पहुंचाने के लिए अनंत सिंह जेल से बाहर आए हैं। हालांकि अनंत सिंह ने ऐसी किसी भी बात से इनकार किया है और कहा कि ललन सिंह को उनकी जरुरत नहीं है। वे चुनाव जीतने में खुद सक्षम हैं। मोकामा के पूर्व विधायक अनंत सिंह ने कहा कि वे चार भाई हैं। जिसमें से तीन भाइयों की मौत हो चुकी है। भतीजा सब आपस में लड़ता-झगड़ता है। इसलिए बंटवारा करना है। बंटवारा करने के लिए ही वह जेल से बाहर आए हैं और सबका कागज बनवा रहे हैं। इसी बीच जनता जहां बुलाती है, तो मिल लेते हैं। लगातार पांच बार विधायक रहे हैं, इसलिए जनता खोजती है। अनंत सिंह ने कहा कि जिस जनता ने इतनी बार जिताया, उससे मिलने तो हम जाएंगे ही। मोकामा की जनता मुझे खूब प्यार देती है और हम भी जनता से बहुत प्यार करते हैं। जनता की जो भी समस्या सुलझने वाली होती है, उसे हम जरूर सुलझा देते हैं। जिसकी जितनी मदद करने लायक होती



- पूर्व बाहुबली विधायक 15 दिनों के पैरोल पर जेल से आए बाहर

है, उसकी उतनी मदद करते हैं और जो काम होने लायक नहीं होता है तो स्पष्ट कह देते हैं कि नहीं होगा।

मुंगेर लोकसभा चुनाव में ललन सिंह को लाभ पहुंचाने के लिए क्या आपको जेल से बाहर निकाला गया है। इस सवाल का जवाब देते हुए अनंत सिंह ने कहा कि हमको कोई जेल से नहीं निकाला है। बल्कि कोर्ट के आदेश पर हम जेल से बाहर आए हैं। ललन सिंह के पास खुद बहुत वोट है।

### हम किसी के साथ नहीं हैं : सिंह

आप लालू के साथ रहे, अब नीतीश कुमार के साथ चले गए हैं इस सवाल पर अनंत सिंह ने दो टूक शब्दों में कहा कि हम किसी के साथ नहीं हैं। खुद को छोटे सरकार कहे जाने के पर अनंत सिंह ने कहा कि हम सबकी बात सुनते हैं। बड़का नेता सब तो गाड़ी बढ़ाकर चल देता है। लेकिन हम रुककर लोगों से उनका हालचाल लेते हैं। इसीलिए लोग मुझे प्यार करते हैं। जिनको कोई नहीं पूछता है, उन सब को हम पूछते हैं।

## सार संक्षेप

### रामलला के दर्शन करेंगे जगदीप धनखड़

**नई दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शुक्रवार को अयोध्या में श्रीराम लला के दर्शन करेंगे। उप राष्ट्रपति सचिवालय ने यह जानकारी दी। धनखड़ एवं उनकी पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ 10 मई को अयोध्या जाएंगे। एक दिवसीय अयोध्या यात्रा पर उपराष्ट्रपति अयोध्या के श्रीराम लला मंदिर, हनुमानगढ़ी मंदिर, कुबेर टीला में दर्शन करेंगे और सरयू घाट पर आरती में सम्मिलित होंगे।

### गुजरात में महसूस किए गए भूकंप के दो झटके

**गिर सोमनाथ/कच्छ।** गुजरात में कच्छ के खावडा के निकट और गिर सोमनाथ जिले के तलाला के निकट गुरुवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप अनुसंधान संस्थान के अनुसार बुधवार सुबह पांच बजकर 39 मिनट पर 2.6 तीव्रता का भूकंप आया, जिसका केंद्र कच्छ में खावडा से 56 किलोमीटर दूर उत्तर-उत्तर-पूर्व में था। दूसरी बार अपराह्न 12 बजकर 55 मिनट पर 3.7 तीव्रता का भूकंप के झटके आए, जिसका केंद्र सौराष्ट्र क्षेत्र में तलाला से 14 किलोमीटर उत्तर-उत्तर-पूर्व में था। भूकंप के कारण जानमाल के नुकसान की अभी तक कोई खबर नहीं है।

### बंगाल में ट्रक-रिक्शा की टक्कर से तीन की मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में ट्रक और ईरिक्शा के बीच टक्कर से तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दुर्घटना श्रीरामपुर इलाके के दिल्ली रोड पर बंगीहाटी में उस समय हुई जब कोन्नगर से श्रीरामपुर आ रहे रिक्शे को माल से लदे ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे उसमें बैठे लोग बाहर गिर गए और वे इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गए। घायलों को पास के वॉल्श अस्पताल में ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने तीन को मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना से गुस्साए स्थानीय लोगों ने पुलिस के पहुंचने से पहले ट्रक और सड़क पर मौजूद कुछ अन्य लोगों पर हमला कर दिया।

### गुजरात बोर्ड 12वीं सामान्य प्रवाह का परिणाम घोषित

**गांधीनगर।** गुजरात राज्य माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की गुरुवार को घोषित 12 वीं कक्षा के सामान्य प्रवाह की परीक्षा में इस बार 91.93 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं जो पिछले साल से 18.66 प्रतिशत कम परिणाम है। छात्राओं ने इस बार भी बाजी मारी है। छात्राओं की उत्तीर्णता का प्रतिशत 94.36 है जो छात्रों के 89.45 प्रतिशत की तुलना में करीब 4.91 प्रतिशत अधिक है। इस परीक्षा में कुल तीन लाख 78 हजार 268 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। उनमें से 3,47,738 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं।

## सिर्फ हिंदू-मुसलमान पर बहस छेड़ने में लगे मोदी : तेजस्वी

**पटना,** 9 मई (देशबन्धु)। बिहार विधानसभा में विपक्ष एवं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आरोप लगाते हुए कहा कि इस बार के लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान वह महंगाई और बेरोजगारी जैसे वास्तविक मुद्दों को छोड़कर केवल हिंदू-मुसलमान पर बहस छेड़ने में लगे हैं। यादव ने गुरुवार को यहां संवाददाताओं से बातचीत के दौरान देश में वर्ष 1950 से 2015 तक हिंदू आबादी में 7.8 प्रतिशत की गिरावट और मुस्लिम आबादी में लगभग पांच प्रतिशत की वृद्धि बताने वाली रिपोर्ट से संबंधित सवाल के जवाब में कहा कि यह नरेंद्र मोदी सरकार का हिंदू-मुसलमान पर एक और बहस छेड़ने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि जनगणना वर्ष 2021 में होने वाली थी लेकिन इसमें देरी हुई, इसके लिए किसे दोषी ठहराया जाए। विपक्ष के नेता ने कहा कि जनगणना के बिना कोई इस तथ्य को कैसे स्वीकार कर सकता है कि हिंदू आबादी घट गई और मुस्लिम आबादी बढ़ गई है। प्रधानमंत्री मोदी को मौजूदा लोकसभा चुनावों में अपने प्रचार अभियान में वास्तविक मुद्दों पर बात करने में कोई दिलचस्पी नहीं है। उन्होंने कहा कि उनके वादे के बावजूद वर्ष 2014 के बाद से हर साल युवाओं को दो करोड़ नौकरियां नहीं दी गई जबकि महंगाई में चिंताजनक वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार को विशेष दर्जा देने का वादा किया था लेकिन बिहार में प्रचार के दौरान उनके भाषणों में इस मुद्दे पर एक शब्द भी नहीं कहा गया।



- वास्तविक मुद्दों पर चुप्पी साधने का लगाया आरोप

## भाजपा को लोकसभा चुनाव के शुरुआती चरणों में महसूस हो रहा नुकसान : महबूबा

- पहले तीन चरणों के चुनाव को लेकर किया दावा

**श्रीनगर,** 9 मई (एजेंसियां)। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष एवं जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने गुरुवार को दावा किया कि लोकसभा चुनाव के पहले तीन चरणों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को सबसे बुरी हार का सामना करना पड़ रहा है। अनंतनाग-राजौरी सीट से लोकसभा चुनाव लड़ रही मुफ्ती ने पुलवामा जिले के खोनमोह इलाके में मीडियाकर्मियों से कहा कि संसदीय चुनाव के अब तक हुए तीन चरणों में भाजपा को अपनी सबसे बुरी हार का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने दावा किया कि भाजपा को चुनाव के शुरुआती चरणों में नुकसान महसूस हो रहा है, लिहाजा वह धार्मिक मुद्दों पर अभियान चला रही है और मंगल सूत्र तथा हिंदू-मुस्लिम



वोट हासिल करने के लिए हिंदुओं और मुसलमानों के बीच सांप्रदायिक झगड़े कराने पर आमादा है भाजपा : महबूबा मुफ्ती

सांप्रदायिक तनाव के बारे में बात कर रही है। मुफ्ती ने कहा कि लोग भाजपा की धार्मिक बयानबाजी से वाकिफ हैं और उन्हें पता चल गया है कि पार्टी उनके कल्याण के लिए कुछ नहीं करेगी, यही कारण है कि वे (भाजपा) वोट हासिल करने के लिए हिंदुओं और मुसलमानों के बीच सांप्रदायिक झगड़े कराने पर आमादा हैं। लोग कांग्रेस के घोषणापत्र पर विश्वास करते हैं, जिनमें 30 लाख नौकरियां, महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण और 450 रुपये में गैस सिलिंडर उपलब्ध कराने का वादा किया गया है। उन्होंने कहा कि उन्हें यकीन है कि लोग अब जाग गए हैं। अगर भाजपा दोबारा सत्ता में आई तो वे भारत के संविधान को खत्म कर देंगे।

### त्राल इलाके का दौरा करने नहीं दी गई अनुमति

महबूबा ने कहा कि मुझे भी पिछले दिनों पुलवामा जिले के त्राल इलाके का दौरा करना था, लेकिन अज्ञात कारणों से अनुमति नहीं दी गई। उत्तरी कश्मीर, दक्षिण कश्मीर और मध्य कश्मीर में पुलिस का रवैया सिर्फ भाजपा के प्रॉक्सी उम्मीदवारों का समर्थन करना है। वे नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी के आवागमन पर अंकुश लगा रहे हैं जो चुनाव आयोग के नियमों के खिलाफ है।

## एसीबी ने संजय पाटिल के तीन आवासों पर की छापेमारी

**कोल्हापुर,** 9 मई (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) कोल्हापुर विभाग के अधिकारियों ने गुरुवार को चंद्रपुर जिले में राज्य उत्पाद शुल्क अधीक्षक संजय जयसिंगराव पाटिल (54) के तीन आवासों पर छापेमारी की, जिसमें कुल 28 तोला सोना, एक कार और दो मोटरसाइकिल जब्त कीं। एसीबी ने एक बयान में बताया कि सात मई को एक लाख रुपए की रिश्वत लेने के बाद पाटिल के फरार हैं। जिसके बाद, एसीबी ने उनके आवासों पर छापेमारी की। डीवाईएसपी सरदार नाले के नेतृत्व में एसीबी कोल्हापुर के अधिकारियों ने शहर के आर के नगर, शिवाजी पेठ और शिरदावाड में पाटिल के तीन निवासियों पर छापेमारी की। इस दौरान, उनके शिरोल तहसील में और आर के नगर घर से कुल 28 तोला सोना (लगभग 280 ग्राम), एक कार और दो बाइक जब्त कीं।




## झारखंड की खनिज संपदा की लूट में भाजपा सहभागी : चंपई सोरेन



- केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने का किया दावा
- झामुमो की प्रत्याशी जोबा मांझी के समर्थन में मांगे वोट

**चाईबासा,** 9 मई (एजेंसियां)। झारखंड के सीएम चंपई सोरेन ने दावा किया है कि 4 जून के बाद केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही केंद्र के पास झारखंड के हिस्से का बकाया 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपए की रकम मिल जाएगी। इससे झारखंड की विकास योजनाओं को और गति मिलेगी। सोरेन गुरुवार को सिंहभूम लोकसभा सीट पर झामुमो की प्रत्याशी जोबा मांझी के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोल्हान प्रमंडल की धरती पर हो रहे इन कार्यक्रमों में जो जन-समर्थन इंडिया गठबंधन को मिल रहा है, वह ना सिर्फ झारखंड, बल्कि पूरे देश में परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने भाजपा पर राज्य की खनिज संपदा की लूट में सहभागी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि कई दशकों के आंदोलन के बाद जब झारखंड राज्य बना तो यहां के आदिवासियों, मूलवासियों एवं आम लोगों की उम्मीदें जगी। लेकिन, अफसोस,

### पिछली सरकार ने 11 लाख राशन कार्ड किए थे रद्द

अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए सोरेन ने कहा कि हमने बढ़ती उम्र की वजह से खेती-मजदूरी करने में अक्षम लाखों लोगों को पेंशन से जोड़ा। डबल इंजन वाली पिछली सरकार ने 11 लाख राशन कार्ड रद्द किए थे, पांच हजार से ज्यादा प्राथमिक विद्यालयों को बंद किया गया था, ताकि हमारे बच्चे ना पढ़ सकें। हमने 25 लाख लोगों को राशन कार्ड दिया, छात्रवृत्ति की रकम बढ़ाई, नौ लाख बेटियों को सावित्रीबाई फुले योजना से जोड़ा तथा सरकारी खर्च पर गरीबों के बच्चों को विदेश भेजा, ताकि शिक्षा के माध्यम से, हमारी अगली पीढ़ी अपना एवं अपने परिवार का बेहतर भविष्य बना सके।

## प्रत्येक वार्ड में कार्यालय खोलने का लक्ष्य जल्द होगा पूरा : देवेन्द्र यादव



**नई दिल्ली** 9 मई (एजेंसियां)। उत्तर पश्चिम लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. उदित राज के पक्ष में समर्थन जुटाने और कार्यकताओं को प्रेरित करने के उद्देश्य से दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेशअध्यक्ष देवेंद्र यादव ने अपनी अध्यक्षता में किराड़ी और रोहिणी जिलों के कार्यकर्ताओं की बुलाई बैठक में गुरुवार को कहा कि इस बार उदित से इस क्षेत्र का उदय होगा और जनता जर्नादन की विजय होगी। उन्होंने प्रत्येक वार्ड में कार्यालय खोलने का लक्ष्य भी निर्धारित किया, ताकि स्थानीय मुद्दों को जल्द से जल्द हल करने की कोशिश की जा सके। उन्होंने कार्यकर्ताओं को स्थानीय मुद्दों पर लोगों को अपने न्याय पत्र से परिचित कराने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कई जगह कार्यालयों का उद्घाटन भी किया गया और उन कार्यालयों के संचालन की जिम्मेदारी भी तय की गई। इस दौरान संसदीय क्षेत्र के प्रभारी चौधरी वीरेंद्र सिंह, किराड़ी जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार, किराड़ी जिले के पूर्व जिलाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह, इम्तियाज अली, महेंद्र कुमार, जितेंद्र आहूजा, आनंद लोचाब, सनी मलिक, हनुमान चौहान व अन्य वरिष्ठ नेता सहित अन्य सम्मानित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अहमदाबाद के जगन्नाथ मंदिर में रथों की विशेष

**अहमदाबाद,** 9 मई (एजेंसियां)। गुजरात में अहमदाबाद शहर के एतिहासिक भगवान जगन्नाथ मंदिर में 10 मई को रथ-पूजन, चंदन यात्रा और अक्षय तृतीया उत्सव में रथों की विशेष पूजा की जाएगी। मंदिर के न्यासी महेन्द्रभाई झा ने गुरुवार को बताया कि भगवान जगन्नाथ की 147वीं रथयात्रा से पहले पारंपरिक तौर पर आयोजित रथ पूजन, चंदन यात्रा और अक्षय तृतीया उत्सव शुक्रवार दस मई को महा मंडलेश्वर महंत दिलीपदास तथा अन्य संतों और भक्तों की उपस्थिति में सुबह नौ से 11 बजे तक होगा।

अक्षय तृतीया के दिन भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के तीनों रथों की यह विशेष पूजा विधि-विधान से की जाती है। हर साल अहमदाबाद के जमालपुर स्थित मंदिर परिसर में भगवान जगन्नाथजी की रथयात्रा से पहले अखात्रीज यानी अक्षय त्रितीया के दिन यह उत्सव आयोजित कर रथ यात्रा की पहली पूजा होती है। राज्य के गांधीनगर के अडालज स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में भी शुक्रवार को रथ गठन की विशेष पूजा की जाएगी। झा ने बताया कि रथयात्रा की तैयारी परंपरागत रूप से अक्षय तृतीया से शुरू हो जाती है। अक्षय तृतीया के दिन की जाने वाली इस पूजा को चंदनयात्रा कहा जाता है। जिसमें मंदिर के तीनों रथों की औपचारिक रूप से पूजा की जाती है।



- अक्षय तृतीया उत्सव में की जाएगी रथों की विशेष पूजा

**दावा** *आम चुनाव से महज कुछ ही दिन पहले श्रीनगर में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी का दावा*

# श्रीनगर का कोई भी निवासी अब आतंकवादी रैंक में नहीं

**श्रीनगर, 9 मई (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में पुलिस ने आम चुनाव से महज कुछ ही दिन पहले गुरुवार को यहां एक भी स्थानीय आतंकवादी नहीं होने की घोषणा की। महत्वपूर्ण आम चुनाव से कुछ दिन पहले 50 घंटे लंबे अभियान में अंतिम आतंकवादी को मार गिराए जाने के बाद एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने।**

गुरुवार को कहा कि श्रीनगर का कोई भी निवासी अब आतंकवादी रैंक में नहीं है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब श्रीनगर लोकसभा सीट, जो पांच जिलों में फैली हुई है, में 13 मई को मतदान होने वाला है। ग्रीष्मकालीन राजधानी का आखिरी जीवित आतंकवादी, फिरदौस कॉलोनी, ईदगाह निवासी मोमिन गुलज़ार मीर, दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले के रेडवानी में बुधवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया। इसी स्थान पर मुठभेड़ में एक दिन पहले 'द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ)' के संचालन प्रमुख बासित डार सहित दो आतंकवादी मारे गए थे। कुलगाम में 50 घंटे तक चला अभियान बुधवार शाम समाप्त हो गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि मोमिन के खात्मे के साथ श्रीनगर जिले में अब एक भी स्थानीय आतंकवादी नहीं है। मोमिन इस जिले का आखिरी आतंकवादी था जो कुलगाम मुठभेड़ में मारा गया।

- बासित व मोमिन का मारा जाना सुरक्षा बलों के लिए बड़ी कामयाबी
- मोमिन के खात्मे के साथ श्रीनगर में अब एक भी स्थानीय आतंकवादी नहीं

मंगलवार को मुठभेड़ स्थल से बासित सहित दो आतंकवादियों के शव बरामद होने के बाद, संयुक्त बलों ने तलाशी अभियान जारी रखा क्योंकि क्षेत्र में तीन आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में पुष्टि की गई थी।

एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि बुधवार दोपहर बाद, जब हम उस इलाके के आसपास तलाशी ले रहे थे जहां मुठभेड़ हुई थी, छिपे हुए आतंकवादी ने बलों पर गोलीबारी की, जिससे एक ताजा मुठभेड़ शुरू हो गई। मुठभेड़ के बाद मोमिन मारा गया। कुलगाम के रहने वाले बासित और मोमिन का मारा जाना सुरक्षा बलों के लिए बड़ी कामयाबी है। अधिकारी ने कहा ये दोनों श्रीनगर में कई आतंकवादी घटनाओं के पीछे थे। उन पर पिछले अक्टूबर में पुराने शहर में एक पुलिस निरीक्षक की हत्या का भी आरोप था। दोनों श्रीनगर और दक्षिण कश्मीर के जिलों में सक्रिय थे। बता दें कि रेडवानी इलाके में गत सोमवार से चल रही मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने बुधवार शाम को एक और आतंकी को मुठभेड़ में मार गिराया था। इसके साथ ही इस मुठभेड़ में तीन आतंकियों को सुरक्षाबलों ने ढेर किया। इससे पहले मंगलवार को टीआरएफ का शीर्ष कमांडर बासित अहमद डार और उसका साथी फहीम अहमद बाबा मारा गया था। सूत्रों के अनुसार गत सोमवार रात इलाके में तीन आतंकियों बासित अहमद डार, फहीम अहमद बाबा और मोमिन की मौजूदगी की सूचना के बाद सुरक्षाबलों ने इलाके में ऑपरेशन शुरू किया था।

# मतदान के बाद पोलिंग बूथ से घर तक मिलेगी मुफ्त ड्रॉप की सुविधा

**नई दिल्ली,** 9 मई (देशबन्धु)। राजधानी दिल्ली में वोटर्स को मतदान के दिन पोलिंग बूथ से घर तक के लिए फ्री ड्रॉप की सुविधा मिलेगी। इसके लिए दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पी. कृष्णमूर्ति ने गुरुवार को बाइक टैक्सी कंपनी के साथ एक महत्वपूर्ण साझेदारी की घोषणा की। कंपनी के साथ की गई साझेदारी के मुताबिक दिल्ली के सभी पात्र मतदाताओं को मतदान के दिन पोलिंग बूथ से उनके घर तक मुफ्त बाइक सवारी का विकल्प प्रदान किया जाएगा।

**मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने की साझेदारी**

बता दें कि दिल्ली 25 मई को लोकसभा चुनाव के लिए तैयार है और इस कदम का मकसद मतदाताओं के लिए परिवहन व्यवस्था को सुगम बनाना है। साथ ही नागरिकों को अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना भी है। मतदान प्रतिशत को अधिक से अधिक बढ़ाने की नियत से दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी पात्र मतदाताओं को पोलिंग स्थलों से उनके घर तक आरामदायक और सुरक्षित पहुंचाने के लिए यह अनूठी पहल की है। इस पहल का स्वागत करते हुए दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान दिवस पर मुफ्त बाइक सवारियों के विकल्प से हम, मतदान के अनुभव को बेहतर कर नागरिकों को वोट देने और उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रिया में योगदान करने के लिए प्रोत्साहित



**हर वोट मायने रखता है और यह महत्वपूर्ण है कि हर पात्र वोटर बिना किसी असुविधा के मतदान करें : पी. कृष्णमूर्ति**

करने का एकमात्र उद्देश्य रखते हैं। उन्होंने कहा कि हर वोट मायने रखता है और यह महत्वपूर्ण है कि हर पात्र वोटर बिना किसी असुविधा के मतदान करे। बता दें कि रैपिडो के पास आठ लाख बाइक कैप्टन और 80 लाख सब्स्क्राइबर बेस है।

राजधानी दिल्ली के सभी पोलिंग स्टेशन पर बाइक राइडर्स की सुविधा मौजूद रहेगी। मतदान के दिन दिल्ली के मतदाता वोट देने के बाद रैपिडो एप के माध्यम से मुफ्त बाइक राइड की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। रैपिडो राइडर मतदाता को पोलिंग स्टेशन से घर तक सुरक्षित पहुंचाने की जिम्मेदारी उठाएगा।

# प्राइवेट स्कूलों की मनमानी से दिल्ली के अभिभावक परेशान

## डीपीए ने एलजी, सीएम व शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर की पुनर्विचार याचिका दायर करने की मांग

**नई दिल्ली,** 9 मई (देशबन्धु)। राजधानी दिल्ली के प्राइवेट स्कूलों की मनमानी से अभिभावक खासे परेशान हैं। हर साल मनमाने ढंग से बढ़ने वाली फीस के चलते अभिभावकों पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है जिससे उन्हें खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह वजह है कि अब दिल्ली पैरेंट्स एसोसिएशन (डीपीए) ने दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी), मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर शिक्षा निदेशालय के 27 मार्च 2024 के आदेश पर रोक लगाने के दिल्ली हाई कोर्ट के निर्णय पर पुनर्विचार याचिका दायर करने का अनुरोध किया है।

डीपीए ने पत्र में लिखा है कि दिल्ली में प्राइवेट स्कूलों द्वारा हर साल बढ़ी हुई मनमानी फीस वसूली जाती है, जिससे मध्यम वर्गीय परिवारों पर बच्चों की शिक्षा का अतिरिक्त भार पड़ता है। बता दें कि 27 मार्च को शिक्षा निदेशालय ने सर्कुलर जारी कर सभी निजी स्कूलों को फीस बढ़ाने से पहले शिक्षा निदेशालय से अनुमति लेने के लिए कहा था। साथ ही बिना अनुमति फीस बढ़ाने पर सख्त कार्रवाई की बात कही थी। इस आदेश के बावजूद स्कूलों द्वारा 40 से 50 प्रतिशत की फीस वृद्धि कर पैरेंट्स से जबरन फीस वसूली जा रही है। साथ ही स्कूल एसोसिएशन ने शिक्षा निदेशालय के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की। जिस पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने दो मई को शिक्षा निदेशालय के फीस बढ़ाने से पहले अनुमति लेने के आदेश पर रोक लगा दी थी। इसकी वजह से दिल्ली के अभिभावक में खासे निराशा हैं। डीपीए ने पत्र में लिखा है कि दिल्ली के अभिभावकों में शिक्षा विभाग की प्राइवेट स्कूल ब्रांच और शिक्षा विभाग की तरफ से दलील पेश करने वाले वकीलों के खिलाफ आक्रोश है। क्योंकि ये देखा गया है कि शिक्षा विभाग के पास सभी आवश्यक दस्तावेज जैसे स्कूलों के 17(3) का बयान जिनमें वित्तीय अनियमितताएं साबित हो रही रही हैं, के बावजूद कोर्ट में या तो उन्हें पेश नहीं किया जाता या फिर दलील इतने हल्के तरीके से रखी जाती है कि केस स्कूल के पक्ष में चला जाता है।

डीपीए ने पत्र में कुछ आंकड़े देते हुए बताया है कि दिल्ली में मान्यता प्राप्त सरकारी स्कूलों की संख्या लगभग 2000 है। जिनमें से लगभग 394 स्कूल सरकारी ज़मीन पर बने हैं। इन 394 स्कूलों में से भी केवल लगभग 350 स्कूलों पर लैंड क्लॉज लागू है। मतलब 2000 स्कूलों में से केवल 350 स्कूलों का हर वर्ष ऑडिट करने की जिम्मेदारी शिक्षा विभाग पर है। अब इन 350 लैंड क्लॉज वाले स्कूलों में से केवल अधिकतम 230 स्कूल ही अपनी 17(3) की स्टेटमेंट शिक्षा विभाग में फीस बढ़ोतरी के लिए जमा करवाते हैं। साल 2016-17 में 98 स्कूलों ने निदेशालय के पास फीस बढ़ाने की अनुमति के लिए आवेदन किया था। इनमें से सिर्फ 32 स्कूलों को निशालय से 15 प्रतिशत फीस बढ़ाने की अनुमति मिली थी, लेकिन स्कूलों ने आदेश का उल्लंघन करते हुए 33 प्रतिशत फीस बढ़ाई। इसके बाद वर्ष 2017-18 में 225 स्कूलों ने आवेदन किया। 59 स्कूलों को 15 प्रतिशत फीस बढ़ाने की अनुमति मिली लेकिन स्कूलों ने 26 प्रतिशत फीस वसूली। इसी तरह 2018-19 में 158 स्कूलों में से 38 को 20 प्रतिशत प्रतिशत फीस बढ़ाने की अनुमति मिली। स्कूलों ने 24 प्रतिशत प्रतिशत फीस वसूली। इसी तरह 2019-20 में 229 स्कूलों में से 93 को 20 प्रतिशत फीस बढ़ाने की अनुमति मिली लेकिन स्कूलों ने 41 प्रतिशत फीस वसूली।

### 90 प्रतिशत स्कूल वसूल रहे हैं मनमानी फीस : डीपीए

दिल्ली पैरेंट्स एसोसिएशन का कहना है कि 2000 निजी स्कूलों में से लगभग 1800 स्कूल यानि 90 प्रतिशत स्कूल मनमानी फीस वसूल रहे हैं, क्योंकि वे पूर्वानुमति के दायरे में नहीं आते। और जो आते हैं वे भी मनमानी फीस वसूल रहे हैं। क्योंकि वे बार-बार लगातार आदेशों की अवहेलना करने के बावजूद उन पर सख्त कार्रवाई नहीं होती। जबकि स्कूल के पास इतना पैसा उपलब्ध है कि उसे फीस बढ़ाने की आवश्यकता ही नहीं। यहां ध्यान देने वाली बात ये भी है कि कोर्ट द्वारा आदेशों में हर बार इस बात पर जोर दिया जाता है कि स्कूल कैपिटेशन फीस, मुनाफाखोरी या शिक्षा के व्यावसायीकरण में शामिल नहीं हो सकते। जबकि स्कूल खुलेआम ऐसा कर रहे हैं।

## सार संक्षेप

### नजफगढ़ आयुर्वेद संस्थान के छात्रों का कैंपस साक्षात्कार

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के नजफगढ़ स्थित चौधरी ब्रह्म प्रकाश आयुर्वेद चरक संस्थान में गुरुवार को मेडिकल ऑफिसर एवं क्लेम प्रोसेसर के 100 से अधिक पदों के लिए कैंपस साक्षात्कार का आयोजन किया गया। संस्थान के निदेशक प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) एम बी गौड़ ने बताया कि संस्थान से निकलने वाले सभी छात्रों को अच्छी जगह नौकरी मिले, इसके लिए संस्थान में प्लेसमेन्ट सेल का निर्माण किया गया है। इस माध्यम से हर वर्ष यहां प्लेसमेंट का आयोजन किया जाता है साथ ही उन्होंने आज चयनित होने वाले सभी छात्रों को अग्रिम शुभकामनाएं भी दी। प्लेसमेंट सेल के कोर्डिनेटर प्रोफेसर (डॉ.) अरुण गुप्ता ने बताया कि आज 44 छात्रों ने जॉब के लिए साक्षात्कार दिया है। फाइनल चयनित छात्रों को बाद में कंपनी ऑफर लेटर जारी करेगी। संस्थान के मीडिया प्रभारी डॉ. जय सिंह यादव ने बताया कि संस्थान अधिक से अधिक छात्रों को कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से जॉब दिलवाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर पर इंचार्ज एकेडेमिक डॉ. पूजा सभरवाल, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. पंकज कटारा तथा रक्षा हेल्थ बीमा कंपनी की तरफ से सहायक उपाध्यक्ष डॉ. मोहमद सादिक, सीनियर मैनेजर प्रियांक झा व मेदिनी अग्निहोत्री उपस्थित थे।

### समर्पण दिवस का आयोजन 13 मई को



**नई दिल्ली।** हृदय सम्राट बाबा हरदेव सिंह जी की पावन स्मृति में समर्पण दिवस का आयोजन सोमवार, 13 मई को सांय 5 से रात्रि 9.30 बजे तक, संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल समालखा में सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के सान्निध्य में किया जाएगा जिसमें समस्त निरंकारी परिवार एवं श्रद्धालुगण सम्मिलित होकर बाबा हरदेव सिंह जी के प्रति अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे। बाबा हरदेव सिंह जी प्रेम एवं करूणा की सजीव मूरत थे। उन्होंने अपनी सादगी और दिव्य मुस्कुराहट से न केवल भक्तों को निहाल किया अपितु समस्त मानव जाति को कल्याण का मार्ग अपनाकर एक सार्थक एवं संतुष्ट जीवन जीने की कला सिखाई। यही कारण रहा कि वह प्रत्येक वर्ग के लोगों के सदैव प्रिय बने रहे।

### पुलिस से बचने के लिए की दूसरी शादी, गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** आरके पुरम थाना पुलिस ने फैक्ट्री के लिए जमीन दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले आरोपित को 14 साल बाद गिरफ्तार किया है। आरोपित ने पुलिस से बचने के लिए दूसरी शादी कर ली थी और अपनी पहचान छिपाकर कोटला मयूर विहार में रह रहा था। दक्षिणी पश्चिमी जिले के पुलिस उपायुक्त रोहित मीना ने बताया कि आरोपित की पहचान 65 वर्षीय सत्यप्रकाश उर्फ बलजीत के रूप में हुई है। सत्यप्रकाश मूलरूप से ग्रेटर नोएडा के बेदपुरा का रहने वाला है। सात सितंबर 2010 में आरके पुरम थाने में आरोपित के खिलाफ धोखाधड़ी व फर्जी दस्तावेज तैयार करने का केस दर्ज किया गया था।

# हाईकोर्ट का एनबीसीसी से घर खरीदार को ब्याज समेत पैसे लौटाने का आदेश

## अदालत के फैसले में भरोसे का टूटना व खरीदार पर मनोवैज्ञानिक असर का जिक्र

**नई दिल्ली,** 9 मई (एजेंसियां)। दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को राष्ट्रीय भवन निर्माण निगम (एनबीसीसी) से कहा कि वो फ्लैट मिलने में देरी के कारण एक घर खरीदार को 76 लाख रुपए से ज्यादा लौटाए। खरीदार ने साल 2017 में फ्लैट के लिए पैसे दिए थे, लेकिन उसे फ्लैट कभी नहीं सौंपा गया।

न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने एनबीसीसी को खरीदार (वादी) द्वारा भुगतान की गई पूरी रकम 30 जनवरी 2021 से आज तक 12 प्रतिशत ब्याज के साथ वापस करने का आदेश दिया। यह फैसला खरीदार को छह साल से अधिक की देरी और अनिश्चितता के कारण काफी परेशानी का सामना करने के बाद आया है।

अदालत के फैसले में भरोसे का टूटना और खरीदार पर मनोवैज्ञानिक




असर का जिक्र है। अदालत ने कहा कि घर खरीदना किसी व्यक्ति या परिवार के लिए अपने जीवनकाल में किए गए सबसे महत्वपूर्ण निवेशों में से एक है। इसमें अक्सर सालों की बचत, सावधानीपूर्वक योजना और भावनात्मक निवेश शामिल होता है। एनबीसीसी ने तर्क दिया कि वादी ने कई मंचों के माध्यम से इसी तरह की राहत की मांग की थी, जिसे खारिज कर दिया गया था, इसलिए इसे भी खारिज किया जाए।

### अदालत ने दिया एक परिवार को 50 पौधे लगाने का आदेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक परिवार को उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने की शर्त के रूप में 50 पौधे लगाने का आदेश दिया। सुल्तानपुरी में हुए झगड़े और छेड़छाड़ के मामले को संबंधित पक्षों ने बातचीत कर सुलझा लिया। मामले में दर्ज एफआईआर को रद्द करने की शर्त के रूप में न्यायमूर्ति अनूप कुमार मेंदीरत्ता ने परिवार को आदेश दिया कि वे कम से कम तीन फीट ऊंचे पौधे सुल्तानपुरी पुलिस स्टेशन के क्षेत्रांतर्गत लगाएं। अदालत के आदेश में यह भी कहा गया है कि परिवार को आठ सप्ताह के भीतर पौधे लगाने का फोटोग्राफिक साक्ष्य प्रदान करना होगा।



■ नई दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सैम पित्रोदा के रंगभेद वाले बयान के विरोध में किया प्रदर्शन।

फोटो इम्तियाज खान

# आदि शंकराचार्य की 2531वीं जयंती पर होगा भव्य कार्यक्रम का आयोजन

**नई दिल्ली,** 9 मई (देशबन्धु)। आदि शंकराचार्य की 2531वीं जयंती के उपलक्ष्य में इंटरनेशनल आदि शंकराचार्य रिसर्च एंड अवेयरनेस फाउंडेशन द्वारा दिल्ली स्थित प्रेस क्लब में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें आदि शंकराचार्य की 2531वीं जयंती के उपलक्ष्य में 12 मई को एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाने की घोषणा की गई। इस मौके पर फाउंडेशन के प्रमुख महर्षि केशवानंद ने मीडिया के समक्ष इस जयंती समारोह के कार्यक्रम के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का आयोजन दिल्ली रोहिणी स्थित महाराजा अग्रसेन ऑडिटोरियम में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर विशेष अतिथि-गण आवाहन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर 1008 अनंत श्री विभूषित अवधूत बाबा अरुण गिरि, उदासीन अखाड़े के मुख्य महंत दुर्गादास, महानिर्वाणी अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी रामेश्वरानंद, पंच गौड़ पीठाधीश्वर आचार्य रमेश चंद्र और वेदांताचार्य स्वामी हंस दास




**शारदा पीठ के दर्शन व पूजा के दर्शन के लिए कॉरिडोर बनाए जाने की मांग**

सहित अनेकों विद्वान शामिल होंगे। इसके साथ ही महर्षि केशवानंद ने पीओके स्थित शारदा पीठ में दर्शन और पूजा के लिए शीघ्र एक सुरक्षित कॉरीडोर और कश्मीर में शक्ति पीठ सर्किट बनाए जाने की मांग भी उठाई।

फाउंडेशन ने केंद्र सरकार से आग्रह किया है कि वह सभी सनातन धर्मावलंबियों के लिए पाक-अधिकृत कश्मीर स्थित शारदा पीठ के दर्शन व पूजन का मार्ग प्रशस्त करें।

# आरएमएल रिश्वत मामले में दो और गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** 9 मई (देशबन्धु)। राजधानी दिल्ली के राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) अस्पताल में रिश्वतखोरी रैकेट मामले में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने चिकित्सा साजो सामान के एक आपूर्तिकर्ता और एक नर्स सहित कुल दो लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि बायोट्रॉनिक्स के क्षेत्रीय बिक्री प्रबंधक आकर्षण गुलाटी और नर्स शालू शर्मा की गिरफ्तारी के साथ ही इस मामले में अब तक गिरफ्तार किए गए लोगों की संख्या 11 हो गई है। इसमें दो हृदय रोग विशेषज्ञ और तीन अस्पताल सहायक कर्मचारी शामिल हैं, जिन्हें बुधवार को हिरासत में लिया गया। नर्स शालू और क्लर्क भुवाल जायसवाल ने कथित तौर पर एक व्यक्ति को धमकी दी थी कि अगर उसने उन्हें 20,000 रुपए नहीं दिए तो वे उसकी गर्भवती पत्नी को अस्पताल से बाहर कर देंगे। सीबीआई द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी के अनुसार शालू ने कथित तौर पर उस व्यक्ति की पत्नी का इलाज रोकने और उसे डिस्चार्ज करने की धमकी दी। व्यक्ति ने यूपीआई के माध्यम से राशि का भुगतान किया। अधिकारियों के मुताबिक हृदय रोग विभाग के प्रोफेसर अजय राज और सहायक प्रोफेसर पर्वत गौड़ा चन्नप्पागौड़ा को चिकित्सा उपकरणों के आपूर्तिकर्ताओं से उनके उत्पादों और स्टेंट का उपयोग करने के एवज में रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

**सीबीआई ने अब तक कुल 11 लोगों को पकड़ा**

# इस्कॉन द्वारका में अक्षय तृतीया व चंदन यात्रा उत्सव आयोजित

## सोना खरीदने व अन्न दान से होगा मंगल ही मंगल

**नई दिल्ली,** 9 मई (देशबन्धु)। साल का सबसे शुभ दिन अर्थात अक्षय तृतीया असंख्य पुण्य और शुभ फल देने आ रहा है। अक्षय तृतीया के दिन धन की देवी महालक्ष्मी ने कुबेर देव को असीम संपत्ति प्रदान की थी, जिससे कुबेर जी सभी देवताओं में सबसे धनी और श्रेष्ठ हो गए थे। इसलिए इस दिन को स्वर्ण दिन और कुबेर का दिन भी कहते हैं। इस शुभ अवसर पर श्री श्री रुक्मिणी द्वारकाधीश मंदिर इस्कॉन द्वारका दिल्ली में 10 मई को अक्षय तृतीया उत्सव खूब धूमधाम से मनाया जा रहा है।

वैशाख शुक्ल की अक्षय तृतीया को बहुत शुभ दिन माना जाता है जिसमें आज के दिन कोई भी शुभ-मंगल कार्य किया जाए तो वह अविनाशी हो जाता है। चाहे आप




सोना खरीदकर दान करें, अन्न दान करें या मंदिर निर्माण में सहयोग करें। उपहार में देने के लिए इस्कॉन द्वारका ने सोने व चांदी के सिक्के खरीदने की व्यवस्था भी की है, जिसे आप मंदिर काउंटर से ले सकते हैं। यह सिक्का आप श्री श्री रुक्मिणी द्वारकाधीश के चरणों में अर्पण कर जन्मों-जन्मों के लिए अक्षय लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस दिन हरे-भरे पेड़ लगाने का संकल्प भी ले सकते हैं। चंदन यात्रा के लिए मंदिर में चंदन भी दान कर सकते हैं।

# 'आप' ने बाइक रैली निकाल कर की 'जेल का जवाब वोट से' देने की अपील

**नई दिल्ली,** 9 मई (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी ने गुरुवार को 'जेल का जवाब वोट से' कैंपेन के तहत बाइक रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया।

पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के आप प्रत्याशी कुलदीप कुमार के नेतृत्व में लक्ष्मी नगर के कई इलाकों से होकर यह रैली गुजरी। इस दौरान कुलदीप कुमार के साथ भारी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं ने बाइक पर सवार होकर जनता से संपर्क किया। कुलदीप कुमार ने कहा कि इंडिया गठबंधन दिल्ली की सातों लोकसभा सीटें जीत रहा है। भाजपा ने सीएम अरविंद केजरीवाल को जेल में डालने के अलावा और कोई काम नहीं किया है। इसे लेकर दिल्लीवालों में भाजपा के खिलाफ जबरदस्त गुस्सा है। दिल्ली की जनता 25 मई को भाजपा के खिलाफ वोट कर इसका जवाब देगी।



**भाजपा ने सीएम अरविंद केजरीवाल को जेल में डालने के अलावा और कोई काम नहीं किया है। इसे लेकर दिल्लीवालों में भाजपा के खिलाफ जबरदस्त गुस्सा है : कुलदीप कुमार**

गुरुवार की सुबह पूर्वी दिल्ली से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी कुलदीप कुमार समर्थकों ने साथ लक्ष्मी नगर में बाइक रैली निकालर लोगों से संपर्क किया। बाइक रैली शुरु करने से पहले उन्होंने गीता कॉलोनी वार्ड 210 में जाकर शहीद-ए-आजम भगत सिंह की प्रतिमा पर फूल माला चढ़ाया और पार्क में वृक्षरोपण किया।

इस दौरान कृष्णा नगर विधानसभा के विधायक एसके बग्गा भी वहां मौजूद रहे। उन्होंने गीता कॉलोनी के लोगों से चुनाव पर चर्चा की। इसके बाद लक्ष्मी में बाइक रैली निकाली गई। समर्थकों ने बाइक पर "आप" के झंडे और 'जेल का जवाब वोट से' के पोस्टर्स के साथ रैली निकाली और लोगों से संपर्क किया। इस दौरान कुलदीप कुमार ने दुकानों पर जाकर लोगों से संवाद कर वोट की अपील की।

कुलदीप कुमार ने कहा कि हम बाइक रैली, रोड शो और डोर टू डोर कैंपेन के जरिए जनता के बीच जाकर उनका आशीर्वाद लेने के लिए निकल रहे हैं। हमारी कोशिश है कि हम हर मतदाता से वोट की अपील करें। बीजेपी ने दिल्ली के लोगों के 10 साल बर्बाद किए हैं और उनके साथ धोखा किया है। अब लोग उसका बदला लेना चाहते हैं। इस चुनाव में वो अपने बेटे अरविंद केजरीवाल के लिए वोट करेंगे।

सीएम अरविंद केजरीवाल की जमानत पर कुलदीप कुमार ने कहा कि बजरंग बली का आशीर्वाद उनके साथ है। भगवान के घर देर हो सकती है, अंधेर नहीं। ईश्वर उनके साथ है, सच्चाई और ईमानदारी की जीत होगी। सीएम अरविंद केजरीवाल जल्द हमारे बीच होंगे।

आम आदमी पार्टी के कैंपेन पर कुलदीप कुमार ने कहा कि हमारा काम जनता के बीच जाकर उनसे वोट की अपील करना है। इसमें हमारे साथ सुनीत केजरीवाल, भगवंत मान और हमारे नेता शामिल होंगे। हम सब जनता के बीच जा रहे हैं और एक-एक व्यक्ति से वोट करने की अपील कर रहे हैं। हमें लोगों को देश और दिल्ली के हालात के बारे में बताना है।

उत्तर रेलवे

अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई)

आज़ादी का अमृत महोत्सव

फाइल संख्या File No. IC-MG-MMLT -HUK-2024

दिल्ली मंडल, उत्तर रेलवे निजी पार्टियों को 'होलम्बी कलां, दिल्ली डिवीजन में प्रस्तावित "विश्व स्तरीय मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स टर्मिनल" पर मूल्यवर्धित सुविधाएँ/सेवाएँ प्रदान करने के लिए अभिरुचि की अभिव्यक्ति' आमंत्रित करता है। ईओआई के संबंध में विस्तृत जानकारी उत्तर रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट यानी www.nr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है। ईओआई जमा करने की अंतिम तिथि 10.05.2024 को 16.00 बजे तक है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1401/24

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्लॉट न0-01, सेक्टर-के0पी0-04, ग्रेटर नौएडा सिटी

जिला-गौतमबुद्ध नगर

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि Civil Services Officers Welfare Society के माध्यम से आवंटित भूखण्ड संख्या-C-26, Sector-Builder's Area, Pocket-P7, Greater Noida क्षेत्रफल-500 वर्ग मीटर, Shri Vijay S. Madan S/o Dr. Satya Pal Bedar & Smt. Preeti Madan W/o Shri Vijay S. Madan के पक्ष में आवंटित/पंजीकृत है। मूल आंवटी Shri Vijay S. Modan की मृत्यु दिनांक-23.08.2022 को हो जाने के उपरान्त वसीयत के आधार पर पूर्ण रूप से सह आवंटी (Smt. Preeti Madan W/o Late Shri Vijay S. Madan) ने उक्त भवन को अपने पक्ष में नामान्तरण कराने हेतु आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाश की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में सह आवंटी Shri Vijay S. Madan के स्थान पर वसीयत के आधार पर पूर्ण रूप से सह आवंटी (Smt. Preeti Madan W/o Late Shri Vijay S. Madan) के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रभारी (ग्रुप हाउसिंग)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

# कैपिटल ज़ोन

उवाच "

थाना साइबर क्राइम, पुलिस कमिश्नरेट ने विभिन्न साइबर फ्राड की घटनाओं में तत्काल अभियोग पंजीकृत कर तत्परता से कार्रवाई करते हुए बैंको से सम्पर्क कर उन बैंक खातों को फ्रीज कराया गया। ये घटनायें जैसे टेलीग्राम टास्क फ्राड, शेयर ट्रेडिंग फ्रॉड, फेडेक्स कुरियर फ्राड व पुलिस आफिसर बन मुकदमें में फंसाने का भय दिखाकर फ्राड करने आदि में कुल-116 अभियोग पंजीकृत किए गए।

**सच्चिदानंद, एडीसीपी**

## प्राधिकरण की सख्ती के बाद बिल्डर लगाएंगे रजिस्ट्री के लिए कैंप

■ **20 बिल्डरों ने जमा कराई 25 प्रतिशत रकम**




**नोएडा,** 9 मई (देशबन्धु)। अमिताभ कांत की सिफारिश लागू होने के बाद प्राधिकरण का ध्यान सिर्फ बायर्स की रजिस्ट्री कराने को लेकर है। इसके लिए गुरुवार को नोएडा प्राधिकरण के बोर्ड रूम में बिल्डर और क्रेडाई के अधिकारियों के साथ सीईओ लोकेश एम ने बैठक की। बैठक में बिल्डर वार बायर्स के पक्ष में किये जाने वाली रजिस्ट्रियों की समीक्षा की गई। समीक्षा में सामने आया कि अब तक 57 बिल्डरों में से 20 बिल्डरों द्वारा 25 प्रतिशत धनराशि रुपए 170.77 करोड़ जमा करा दी गई है। इन 20 बिल्डरों से भविष्य में नोएडा प्राधिकरण को लगभग रुपए 450 करोड़ की प्राप्ति होगी। 4 बिल्डरों द्वारा कुल 25 प्रतिशत धनराशि 83.47 करोड़ में आंशिक धनराशि 53.68 करोड़ जमा करायी गई है। इस प्रकार प्राधिकरण को 9 मई तक कुल 224.45 करोड़ रुपए मिले। 18 ऐसे बिल्डर है जिन्होंने 25 प्रतिशत धनराशि जमा कराने के लिए सहमति दी है।

18 बिल्डरों में से ग्रुप हाउसिंग भूखंड संख्या जीएच-4/बी, सेक्टर-78, कलरफुल एस्टेट प्रालि, भूखंड संख्या जीएच-5/बी, सेक्टर-78 सनशाइन इन्फ्रावेल प्रालि, सेक्टर-168 सनबर्ड रेजीडेंसी प्रालि, सेक्टर-76 स्काईटेक कंस्ट्रक्शन प्रालि, प्रतीक बिल्डटेक इंडिया प्रालि अपने सभी परियोजनाओं के तहत 25 प्रतिशत धनराशि शीघ्र जमा कराने का आश्वासन दिया है।

20 बिल्डरों द्वारा कुल 1604 रजिस्ट्रियों कराई जानी है। इसी क्रम में प्राधिकरण ने 01 मार्च, 29 अप्रैल और 08 मई को अलग अलग स्थानों पर कैंप लगाकर 530 रजिस्ट्रियां करायी जा चुकी हैं। बैठक में बिल्डर लॉबी से अमित जैन, दिनेश गोयल, राजीव शर्मा ने आगामी सप्ताह में लगभग 200 रजिस्ट्रियां विशेष कैम्प का आयोजन करते हुए कराये जाने का आश्वासन दिया।

## महापौर ने कहा कोई मंदिर नहीं तोड़ा गया विहिप ने स्थगित किया धरना प्रदर्शन

**गाजियाबाद,** 9 मई (देशबन्धु)। विवेकानंद नगर समेत महानगर में 12 स्थानों पर नगर निगम द्वारा कथित तौर पर मंदिर तोड़े जाने का मामला लगातार तूल पकड़ रहा है। गुरुवार को इस मसले पर महापौर सुनीता दयाल ने मीडिया से बातचीत में कहा कि नगर निगम ने पिछले एक साल के दौरान कोई मंदिर नहीं तोड़ा है। बल्कि मन्दिरों को अवैध कब्जा होने से बचाया है। उन्होंने कहा कि विहिप, बजरंग दल के नेताओं ने अधूरी जानकारी के इस मामले को हाई लाइट किया है। जो सीधे तौर पर नगर निगम के खिलाफ साजिश हो सकती है।

सुनीता दयाल ने कहा कि विवेकानंद नगर में देखा जाए तो मंदिर के साथ दूर तक भी छेडछाड नहीं की गई, बल्कि विवादित हिस्से को भी इस चलते हटाया गया, चूंकि निगम अधिकारियों की नौकरी पर आ गई थीं, उच्च न्यायालय के आदेशों का पालन किया गया है। उन्होंने ये भी साफ संकेत दिए कि चूंकि फिलहाल लोकसभा चुनाव की



**मंदिर तोड़े जाने का मामला झूंठा, निगम के खिलाफ साजिश : महापौर**

प्रक्रिया चल रही है, वह खामौश है, लेकिन जिन लोगों के द्वारा उन्हें बदनाम करने की साजिश की जा रही है, उन्हें समय आने पर जबाव दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि विजय नगर कुटी के मंदिर की बात है टी उसपर बैंसला नामक एक शख्स कब्जा कर रहा था। जिसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई।

सुनीता दयाल ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद एवं भाजपा एक ही परिवार का हिस्सा है। मुद्दे को लेकर यदि किसी तरह



भ्रांतियां थीं, तो उनसे बात की जा सकती थीं, लोगों के लिए उनके द्वारा 24घंटे खुले है। रात 12 बजे तक भी उनके द्वारा काल रिसीव की जाती है। उन्होंने कहा कि कि मुद्दे को लेकर किसी के द्वारा उनसे संपर्क करने का प्रयास ही नहीं किया गया। उन्होने ये भी दावा किया कि उनके कार्यकाल के दौरान निगम प्रशासन के द्वारा किसी मंदिर के साथ छेड़छाड़ का भी प्रयास नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि तमाम मंदिरों का न केवल सर्वे कराया गया है, बल्कि जीयो टेग आधारित फोटो कराए गए है। इन मंदिरों का किसी के द्वारा भी सर्वे किया जा सकता है।

### महापौर से वार्ता के बाद विहिप-बजरंग दल ने स्थगित किया धरना

उधर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने मंदिर मामले में 10 मई को नगर निगम मुख्यालय पर स्थगित कर दिया है। इसको लेकर गुरुवार की शाम को एक वीडियो जारी की गई। जिसे महापौर सुनीता दयाल के आवास का बताया जा रहा है। उसमें विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के महानगर अध्यक्ष आलोक गर्ग ने कहा है कि विश्व हिंदू परिषद - बजरंग दल अतिक्रमण के पक्ष में नहीं है और वह महापौर की बात से पूरी तरह से सहमत हैं। इसलिए 10 में को घोषित धरना स्थगित किया जाता है। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता बलदेव राज शर्मा के अलावा महापौर सुनीता दयाल, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के नेता विनय कक्कड़, पवन अग्रवाल आदि भी उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप

### तमंचे के बल पर महिला से दुष्कर्म का प्रयास

**बुलंदशहर।** जहांगीराबाद कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में घेर पर पशुओं को पानी पिलाने गई महिला के साथ तमंचे के बल पर रेप का प्रयास करने व छेड़खानी करने का मामला सामने आया है। पीड़िता के पति ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। पीड़िता के पति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी पत्नी घेर पर पशुओं को पानी पिलाने गई थी, इसी दौरान गांव निवासी कपिल ने तमंचे के बल पर उसकी पत्नी के साथ गलत काम करने का प्रयास किया एवं अभद्रता की। पीड़िता के शोर मचाने पर वह एवं उसकी मां मौके पर पहुंचे, दोनों को अपनी ओर आता देख आरोपी ने पीड़िता के सिर पर तमंचे की बट से बार कर एवं जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग गया।

### स्कूल में बच्चों ने मनाया मातृ दिवस



**नोएडा।** विश्व भारती पब्लिक स्कूल प्री प्राइमरी विभाग द्वारा मातृ दिवस मनाया गया। इसमें अध्यापिकाओं द्वारा बच्चो के लिए एक नाटक और मैजिक शो किया गया। जिसमे बच्चों की माताओं ने भी भाग लिया। इस अवसर पर 'मेरी मां' गीत प्रस्तुत किया गया। माताओं और बच्चों के द्वारा बहुत से क्रियाकलाप किए गए। उसमे उनको विभिन्न साधन उपलब्ध कराए गए थे जैसे पास्ता मैक्रोनी, पत्ते आदि। जिससे उन्होंने मालाएं, कर्णफूल, कंगन बनाए। और अपने और बच्चे के साथ फोटो के फ्रेम बनाए। रैंप वॉक और म्यूजिकल चेयर में बच्चों और उनकी माताओं ने जमकर मस्ती की। इसी अवसर पर माध्यमिक विभाग द्वारा इंटर हाउस फ्लावर डेकोरेशन का भी आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने सुंदर सुंदर फूल कागज़ों के माध्यम से बनाकर विद्यालय को सजाया। सारा विद्यालय सुंदर फूलों और कलाकृतियों के द्वारा सजा गया। इसमें शिवम हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्या वीरा पांडे ने कहा कि सभी माताओं को रोज कुछ समय अपने बच्चों के साथ जरूर बिताना चाहिए। और पुस्तक पढ़ने की आदत बच्चों को डालनी चाहिए ताकि वो अपना समय इंटरनेट पर न बिताए। विद्यालय ने समस्त माताओं को बेस्ट मॉम का बैच लगाकर सम्मानित किया।

### पुलिस ने बदमाश के पैर में मारी गोली

**नोएडा।** नोएडा पुलिस ने एक बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया। बदमाश पर नोएडा, गाजियाबाद के थानों में पहले से 12 से ज्यादा मुकदमे दर्ज है। दरअसल, थाना सेक्टर-58, नोएडा पुलिस टीम खोड़ा तिराहा के पास चेकिंग कर रही थी। बुधवार देर रात चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति को रोकने का प्रयास किया। मोटरसाइकिल सवार ने रुकने की बजाए डी पार्क, सेक्टर-62 की तरफ तेज गति से भागने का प्रयास। अपने को घिरता देखकर बदमाश ने पुलिस पर फायर कर दिया। जवाबी कार्यवाही में बदमाश के पैर में गोली लगी। वो बाइक के साथ गिर गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

## ईडी के बाद अब औद्योगिक विभाग भी कसने लगा हेजिंडा प्राइवेट लिमिटेड पर शिकंजा

■ **लोटस-300 सोसायटी की जमीन का कंपनी के नाम पर किया गया था आवंटन**
■ **कंपनी को 27941.09 वर्ग मीटर जमीन बेचने की अनुमति किन हालात में दी, मांगी जानकारी**

**नोएडा,** 9 मई (देशबन्धु)। सेक्टर-107 स्थित लोटस-300 के फंड ट्रांसफर की जांच ईडी ने शुरू कर दी है। टीम ने पहले नोएडा प्राधिकरण को पत्र लिखकर कुछ दस्तावेज मांगे थे। अब प्राधिकरण दफ्तर आकर भी फाइलों को खंगाला। टीम ने कुछ और दस्तावेज प्राधिकरण से मांगे हैं। ईडी जांच में परियोजना में पैसों की हेराफेरी की आशंका है। यह कार्रवाई खरीदारों की पहले के बाद शुरू हुई है। खरीदारों ने न्यायालय में बताया है कि उन्होंने बिल्डर को अपने फ्लैट का पैसा दिया। बिल्डर ने प्राधिकरण का बकाया नहीं जमा किया, इसलिए रजिस्ट्री फंसी हुई है। अब ईडी पता लगाएगी कि फ्लैट खरीदारों का पैसा परियोजना में नहीं लगा तो कहां गया। लोटस-300 सोसायटी की जमीन का आवंटन हेजिंडा प्राइवेट लिमिटेड नाम की कंपनी को हुआ था। इसमें पहले कुछ निदेशक थे, जो अलग हो चुके हैं। इस ग्रुप में शामिल तत्कालीन निदेशक दूसरी कौन सी कंपनी में गए, उन कंपनियों को तीनों प्राधिकरण में कहां-कहां जमीन का आवंटन हुआ। यदि हुआ तो उस जमीन की स्थिति क्या है, प्राधिकरण का बकाया कितना है। सूत्रों ने बताया कि ईडी की टीम ने ग्रुप हाउसिंग विभाग में आकर इस परियोजना से जुड़े दस्तावेजों को देखा है।

सेक्टर-107 स्थित ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट लोटस-300 की प्रिवेंशन आफ मनी लांड्रिंग एक्ट 2002 के तहत जांच शुरू की है। यह जांच उच्च न्यायालय के आदेश के बाद शुरू हुई है। न्यायालय ने 29 फरवरी को आदेश दिया था कि प्राधिकरण फ्लैट खरीदारों की रजिस्ट्री करवाए। ईडी जांच कर पता लगाए कि यदि खरीदारों से पैसा लेने के बाद भी बिल्डर की तरफ से प्राधिकरण में जमा नहीं किया गया, तो पैसा कहां गया। इसके बाद ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ से प्राधिकरण के सीईओ को पत्र व रिमाइंडर भेजकर जानकारी मांगी गई थी। इस परियोजना के खरीदार रजिस्ट्री के लिए कई सालों से संघर्ष कर रहे हैं। इसमें 330 फ्लैट हैं।

## नगर आयुक्त ने विहिप नेताओं को दिया आश्वासन, निगम ने न कोई मंदिर तोड़ा है और न ही तोड़ा जाएगा

**गाजियाबाद,** 9 मई (देशबन्धु)। गाजियाबाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने गुरुवार की देर शाम विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के नेताओं को आश्वासन दिया कि नगर निगम ने कोई मंदिर न तो तोड़ा है और न ही भविष्य में तोड़ेगा



इससे पहले विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के महानगर अध्यक्ष आलोक गर्ग की अगवाई में कई नेता नगर निगम मुख्यालय पहुंचे और नगर आयुक्त विक्रमादित्य मालिक से इस मंदिर मामले को लेकर वार्ता हुई वार्ता में नगर आए ने कहा कि विवेकानंद नगर में कोई मंदिर नहीं तोड़ा गया है। और शहर में भविष्य में कोई मंदिर नहीं तोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि विवेकानंद नगर में हाई कोर्ट के आदेश का पालन किया गया था। उसमें भी मंदिर को कोई क्षति नहीं पहुंचाई गई केवल रास्ता हटाया गया था। बावजूद इसके मामले की जांच कर ली जाएगी। आश्वासन के बाद विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के नेताओं ने 10 तारीख को दिए जाने वाले धरना को स्थगित करने का ऐलान किया।

## नोएडा के पहले स्काईवाक के डिजाइन में होगा बदलाव

■ **सेक्टर-51-52 के बीच बनाया जा रहा है मेट्रो स्टेशन**
■ **पार्किंग के अलावा सड़क से जोड़ा जाएगा**

**नोएडा,** 9 मई (देशबन्धु)। सेक्टर-51 से 52 मेट्रो स्टेशन को आपस में जोड़ने के लिए निर्माणाधीन स्काईवाक के डिजाइन में बदलाव किया जा सकता है। इसके लिए जल्द ही दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन (डीएमआरसी) की ओर से नोएडा प्राधिकरण को अनुमति प्रदान कर सकता है। इसके लिए कंसल्टेंट टीम के साथ डीएमआरसी के अधिकारियों ने भी निर्माणाधीन स्काईवॉक का जाएजा लिया। बता दें कि यदि नोएडा प्राधिकरण और डीएमआरसी के बीच सहमति बन जाती है तो सेक्टर-52 की भी सड़क से भी स्काईवाक को जोड़ दिया जाएगा।

अभी तक स्टेशन के पार्किंग की तरफ स्काईवाक का जुड़ना प्रस्तावित था लेकिन डिजाइन में बदलाव को लेकर डीएमआरसी और प्राधिकरण के बीच सहमति बन गई है। एक-दो दिन में डीएमआरसी की तरफ से पत्र भी प्राधिकरण को मिल जाएगा। वर्क सर्किल तीन वरिष्ठ प्रबंधक राज कमल ने बताया कि अब तक जिस हिस्से में सेक्टर-52 स्टेशन से स्काईवाक जुड़ना था, वहां पर डीएमआरसी की केबिल, आग से बचाव के उपकरण भूमिगत थे, इसी वजह से डिजाइन में बदलाव किया गया है। डिजाइन में बदलाव की वजह से सेक्टर-52 स्टेशन की तरफ काम रुका हुआ था लेकिन अब शनिवार से काम शुरू होने की उम्मीद है। स्काईवाक पर ट्रेवलेटर लगाने का काम चल रहा है।

## पुलिस ने लौटाई साइबर ठगों के शिकार पीड़ितों के चेहरे की खुशी

■ **वापस कराए छह करोड़ से ज्यादा**

**गाजियाबाद,** 9 मई (देशबन्धु)। थाना साइबर क्राइम पुलिस ने ऑनलाइन साइबर ठगी के पीड़ितों को बड़ी राहत दिलाई है। पुलिस ने ठगी का शिकार हुए लोगों को 55 व्यक्तियों के छह करोड़, 73लाख 45 हजार 787 रुपए वापस कराये। यह धनराशि कोर्ट के आदेश के बाद रिफंड कराए गए।

एडीसीपी सच्चिदाननद ने बताया कि थाना साइबर क्राइम, पुलिस कमिश्नरेट ने विभिन्न साइबर फ्राड की घटनाओं में



तत्काल अभियोग पंजीकृत कर तत्परता से कार्रवाई करते हुए बैंको से सम्पर्क कर उन बैंक खातों को फ्रीज कराया गया। ये घटनायें जैसे टेलीग्राम टास्क फ्राड, शेयर ट्रेडिंग फ्रॉड, फेडेक्स कुरियर फ्राड व पुलिस आफिसर बन मुकदमें में फंसाने का भय दिखाकर फ्राड करने आदि में कुल-116 अभियोग पंजीकृत किए गए। जिसमें 27 जनवरी से 08 मई तक कुल सात करोड़, 98 लाख 32 हजार 787 की धनराशि होल्ड कराते हुए 55 व्यक्तियों के छह करोड़, 73 लाख 45 हजार 787 रुपए वापस कराये गए। जिसके बाद राहत पाने वाले लोगों के चेहरे पर खुशी लौट आई और उन्होंने पुलिस के इस कार्य की प्रशंसा की है।

- इस बातों पर करें अमल तो बच सकते हैं साइबर ठगों सगे एडीसीपी ने साइबर अपराध से बचाव के तरीके को लेकर भी गाइडलाइन जारी की है। जो इस तरह है
- शेयर ट्रेडिंग फ्राड से बचने के लिये अधिकारिक डीमेट एकाउंट से ही शेयर ट्रेडिंग करें।
- किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें। /टेलीग्राम टास्क फ्रॉड से बचे।
- क्रेडिट कार्ड लिमिट बढाने आदि को लेकर आने वाली कॉल पर कोई भी बैंक डिटेल एवं ओटीपी शेयर न करें।
- किसी भी सोशल साइट पर बिना पूर्ण जानकारी के किसी भी ग्रुप (टेलीग्राम/व्हाटसएप आदि) से न जुडें।
- किसी के कहने पर कोई रिमोट एक्सेस ऐप जैसे -एनीडेस्क/टीम व्यूवर आदि डाउनलोड न करें।
- वर्क फ्राम होम के ऐड देखकर लालच में न पड़े।
- सोशल मीडिया से सम्बन्धित एप्लीकेशन में सुरक्षा हेतु -टू-स्टेप एथेन्टीकेशन का हमेशा प्रयोग करें।
- किसी भी कस्टमर केयर नम्बर को गूगल पर सर्च करते -समय सम्बन्धित कम्पनी की अधिकारिक वेबसाइट से ही नम्बर लें।
- जाब के नाम पर, लोन के नाम पर,टावर लगाने के नाम पर एवं लाटरी के नाम पर, रिश्तेदार बनकर यदि कोई आपसे पैसा मांगता है तो आपके साथ फ्राड हो सकता है, उससे बचें।
- साइबर वित्तीय फ्राड होने पर तत्काल हेल्पलाइन नं0-1930 पर काल करें अथवा साइबर फ्राड होने पर वेव साइट https://cybercrime.gov.in आनलाइन शिकायत दर्ज करायें।

## नोएडा में अक्षय तृतीया पर 550 करोड़ कारोबार का अनुमान

■ **इस बार 25 प्रतिशत अधिक खरीदा जाएगा सोना चांदी, सर्राफा करोबारियों में दिख रहा उत्साह**

**नोएडा,** 9 मई (देशबन्धु)। अक्षय तृतीया पर इस बार नोएडा में करीब 550 करोड़ रुपए कारोबार होने का अनुमान है। यह कोविड काल के बाद सबसे ज्यादा का कारोबार होगा। इसके अलावा ऑटो मोबाइल सेक्टर और नार्मल बाजार में भी रौनक देखने को मिलेगी। इस बार सबसे अधिक उत्साहित 300 शोरूम समेत सराफा व्यापारी दिख रहे है, क्योंकि इस दिन सबसे अधिक सोने के आभूषणों की खरीद फरोख्त होती है। इस बार पिछले वर्ष की तुलना में 25 प्रतिशत अधिक सोने की बिक्री होने का अनुमान लगाया जा रहा है। हालांकि मई व जून में शादी ब्याह का सीजन नहीं होने की वजह से पिछले वर्ष के मुकाबले यह कारोबार कम होना ही बताया जा रहा है। नोएडा ज्वेलर्स वैलफेयर एसोसिएशन महासचिव सुशील कुमार जैन ने बताया कि इस बार सोने चांदी का कुल कारोबार जिले में 450 करोड़ होने का अनुमान है। साल 2020 व 2021 में कोरोना के बाद साल 2022 में अक्षय तृतीया पर सोने का कुल कारोबार नोएडा में 300 करोड़ रुपए का हुआ था, लेकिन साल 2023 में यह 20 प्रतिशत अधिक बढ़कर 360 करोड़ रुपए पहुंचा।

इस दिन किसी भी मुहूर्त में विवाह, सगाई, मुंडन आदि शुभ कार्य किए जाते हैं। ऐसा माना जाता है कि अक्षय तृतीया के दिन किए गए काम कई गुना फल प्रदान करते है। इस दिन सोना खरीदने का खास महत्व है। सुख-समृद्धि का प्रतीक अक्षय तृतीया का त्योहार आज मनाया जा रहा है। इसे अक्षय तीज या वैशाख तीज भी कहते हैं। इस अवसर पर ग्राहक आभूषणों की खरीदारी ज्यादा करते है। तिरुपति ज्वैलर्स के प्रोपराइटर विनोद गुप्ता ने बताया कि इस त्योहार को देखते हुए अक्षय तृतीया पर ग्राहकों की आभूषणों के प्रति अलग रुचि होती है।

अक्षय तृतीया पर नोएडा के बाजारों में अभी से खरीदारी का दौर शुरू हो गया है। सर्राफा, कपड़ा, किराना, इलेक्ट्रानिक्स और ऑटोमोबाइल बाजार सहित अन्य बाजारों में अच्छी खरीदारी होगी। चूंकि इस दिन सोना खरीदना शुभ माना जाता है ऐसे में आम दिनों की अपेक्षा सर्राफा बाजार में 25 प्रतिशत तक बिक्री बढ़ने की उम्मीद है।

#### अक्षय का मतलब जिसका कभी क्षय न हो

हिंदू मान्यताओं के अनुसार यह दिन बहुत शुभ माना जाता है। अक्षय का मतलब है, जिसका कभी क्षय न हो, जो कभी खत्म न हो, जिसमें कमी न हो। मान्यताओं के अनुसार, अक्षय तृतीया तिथि को ही सतयुग और त्रेतायुग का प्रारंभ हुआ था, द्वापर युग का अंत हुआ था और अक्षय तृतीया को ही कलयुग का प्रारंभ हुआ था। इसलिए इसे युगादि तिथि भी कहा जाता है।

#### गाड़ियों की भी बिक्री बढ़ेगी

अक्षय तृतीया के अवसर पर गाड़ियों की मांग बढ़ जाती है। इस बार भी अक्षय तृतीया के दिन बड़ी संख्या में गाड़ियां बिकेंगी। इस दिन खरीदारी को ग्राहक बेहद शुभ मानते हैं। वैसे तो सभी दिन उनके लिए शुभ ही होता है लेकिन अक्षय तृतीया का महत्व अलग होता है। अक्षय तृतीया पर बाजार में उत्साह का माहौल है।

## मुख्य और सर्विस मार्ग पर अतिक्रमण होने से आवाजाही से परेशान

■ **सी पी पाठक**

**खोड़ा,** 9 मई (देशबन्धु)। मुख्य मार्ग और सर्विस रोड पर अतिक्रमण होने से लोगो को आवागमन में परेशानी होती है। दुपहिया और चारपहिया वाहनों को सुबह शाम जाम के झाम में फंसकर कोसना पड़ता है। यह स्थिति है खोड़ा कालोनी की दस लाख आबादी वाली विशाल कालोनी की। ऊबर ओला टैक्सी वाले अंदर की लोकेशन देखकर तुरंत बुकिंग कैंसिल कर देते है। किसी को रेलवे स्टेशन या बस अड्डा गंतव्य तक पहुंचने के लिए सेक्टर-62, 56 या मयूर विहार फेज तीन पहुंचकर सवारी पकड़नी पड़ती है। बाहर से कालोनी के अंदर आने वाले वाहन अक्सर सावरियो से बहस करके बाहर ही उतारकर चले जाते है। कालोनी के अंदर पार्किंग के लिए कोई जगह नहीं है खोड़ा में हजारों की संख्या में वाहन तो है। लेकिन पार्किंग के लिए कहीं जगह नहीं है। दर्जनों लोगो ने निजी खाली भूखंडों पर पार्किंग की व्यवस्था बनाकर चांदी काट रहे है।

### ओला ऊबर तक टैक्सी चालक कर रहे राइड कैंसिल

सुबह शाम क्यों लगता है जाम। खोड़ा में हजारों की संख्या में कामगार नोएडा की फैक्ट्रियों में कार्यरत है। भारी संख्या में सस्ता और सुलभ मकान उपलब्ध होने की वजह से कामगार खोड़ा में निवास करते है। रोजी रोटी के लिए हजारों की संख्या कामगार और महिलाएं सुबह आठ से नौ के बीच शायकाल छह से सात के बीच वापस घर के लिए साइकिल या पैदल लौटते है। क्या है अतिक्रमण की वजह। खोड़ा में मुख्य सड़के 25 फिट से ज्यादा चौड़ी नहीं है। दोनो तरफ से चार चार फीट तक मकानों पर छज्जा निकलने की वजह से बिजली के पोल छज्जों के बगल में गाड़ दिया गया है रही सही कसर दुकानदारों ने घर के बाहर नाली के ऊपर रैंप बनाकर दुकानें सजा ली है। दो बड़ी गाड़ियों के आमने सामने से गुजरने पर पैदल निकलने की जगह सड़क पर नहीं होती है। नगर पालिका परिषद की ओर से अतिक्रमण की निगरानी का समुचित इंतजाम नहीं है। पिछले एक वर्ष से परिषद द्वारा अतिक्रमण अभियान नहीं चलाया गया। परिणाम स्वरूप लोगो ने ईट गिट्टी मोरंग बोर से निकलने वाला मलबा तक सड़को के हवाले कर दिया है। पुलिस के पास भी फुरसत नहीं है। पुलिस भी लड़ाई झगड़े और अन्य विवादो के निपटाने और लोगो को सस्ता न्याय देने में मस्त है। सुबह शाम जाम लगने से सड़के कराह रही है। लोगो का घंटो समय भी बर्बाद होता है। नगर पालिका परिषद के प्रभारी अधिशासी अधिकारी से संपर्क करने पर स्वास्थ्य खराब होने की वजह से संपर्क नहीं हो पाया।

## अतुलाशा विद्यालय के छात्रों ने मनाया 'अपनापन दिवस'

**नोएडा,** 9 मई (देशबन्धु)। सेक्टर-126 स्थित एमिटी विश्वविद्यालय के चांसलर और रितनंद बलदेव एजुकेशन फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. अतुल चौहान के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 'अपनापन दिवस' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एमिटी ह्यूमैनिटी फाउंडेशन द्वारा वंचित बालकों के लिए संचालित किये जा रहे विद्यालय अतुलाशा के छात्रों ने मनमोहक प्रस्तुती दी। डॉ. अतुल चौहान ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि ईश्वर पर विश्वास रखने वाले व्यक्तियों की ईश्वर सदैव सहायता करते है। आपने जिस ऊर्जा के साथ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये, उन कार्यक्रमों ने हम सभी को प्रभावित किया है। जीवन में इसी प्रकार मेहनत से कार्य करेंगे तो अवश्य सफल होगें। आज अतुलाशा के साथ नवाचार, खेल, सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं आदि में अपने कार्यों से हम सभी का नाम रौशन कर रहे है। जीवन मे कभी भी अपने अभिभावकों



के संघर्ष को नहीं भूलना क्योंकि उन्होंने आप सभी की सफलता के लिए बहुत त्याग किया है। आपको सफल बनाने के लिए हमारी तरफ से हर संभव सहायता प्रदान की जायेगी। चेयरपर्सन पूजा चौहान ने कहा कि अतुलाशा में हम युवा छात्रों को ज्ञान और कौशल से विकसित करके सशक्त व सफल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा दृढ़ विश्वास है कि हमारे प्रयासों से एक कुशल छात्र का निर्माण होगा जो अपने कार्यो से राष्ट्र निर्माण में सहायक होगा।

उवाच

थाना बीटा-दो क्षेत्र के में ढाबा चलाने वाले कृष्ण कुमार शर्मा का 14 वर्षीय बेटा कुनाल एक मई को लापता हो गया था। उन्होंने बताया कि सर्विलांस विधि, सीसीटीवी कैमरे आदि की सहायता से पुलिस मामले की जांच कर रही थी। सीसीटीवी कैमरे के अवलोकन के बाद पाया गया कि किशोर एक लड़की के साथ गया है।

बबलू कुमार, अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय



# नोएडा एयरपोर्ट का 80 फीसदी से ज्यादा निर्माण कार्य पूरा

**ग्रेटर नोएडा,** 9 मई (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री और नागरिक उड्डयन विभाग एसपी गोयल ने गुरुवार नोएडा इंटरनेशनल ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट जेवर के विकास के सम्बन्ध में हुई प्रगति का

- नोएडा एयरपोर्ट प्रोजेक्ट का अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री व उप्र नागरिक उड्डयन एसपी गोयल ने किया निरीक्षण
- एसपी गोयल ने टर्मिनल बिल्डिंग, एटीसी बिल्डिंग, रनवे, राडर लगाने का निर्माण कार्यों का लिया जायजा



स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी गोयल ने कहा कि नोएडा एयरपोर्ट का निर्माण कार्य 80 फीसदी से ज्यादा पूरा हो चुका है। एयरपोर्ट को निर्धारित समय पर निर्माण कार्य पूरा किया जाएगा। जून तक एयरपोर्ट से विमानों के ट्रायल करने की प्रक्रिया चल रही है। बता दें कि एग्रीमेंट के हिसाब से एक अक्टूबर तक नोएडा एयरपोर्ट से कामर्शियल विमानों का उड़ान शुरू हो जाएगा। इसके लिए निर्माण की सारी प्रक्रिया समय पर पूरा करने का निर्देश विकासकर्ता कंपनी के अधिकारियों को दिया। विकासकर्ता जुरिख एयरपोर्ट की एसपीवी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड ने बताया कि परियोजना हेतु डिवेलप्मेंट प्लान के अनुसार एयरपोर्ट के विकास के लिए ईपीसी कांट्रैक्टर टाटा प्रोजेक्ट ने टर्मिनल बिल्डिंग, एटीसी और रनवे का कार्य प्रगति पर है।

टर्मिनल बिल्डिंग पर शेड लगाने का निर्माण कार्य पूरा होने वाला, रनवे का निर्माण कार्य करीब पूरा हो चुका है। एटीसी बिल्डिंग का निर्माण अंतिम दौर में है। एटीसी बिल्डिंग में ट्रैफिक कंट्रोल संबंधित उपकरण लगाने का कार्य विमानन महानिदेशालय ने शुरू कर दिया। टर्मिनल बिल्डिंग पूरी सेफ ले चुका है। मशीनरी और वर्क फोर्स एयरपोर्ट साईट पर बढ़ाया गया है तथा एयरपोर्ट का निर्माण समय से पूरा होगा। कंसेसियनार ने यह प्रेजेंटेशन के माध्यम से भी स्थिति से अवगत कराया। एन एच ए आई द्वारा बनाये जा रहे इंटरचेंज और कनेक्टिविटी का भी निरीक्षण किया। अपर मुख्य सचिव ने निर्देश दिए की एयरपोर्ट का विकास माइलस्टोन के अनुसार समय से माह सितम्बर 2024 तक पूर्ण किया जाए।

निरीक्षण में डायरेक्टर सिविल एविएशन कुमार हर्ष, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (नायल) के सीईओ डॉ. अरूणवीर सिंह, नियाल के नोडल ऑफिसर शैलेंद्र भाटिया, कंसेशनयर यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड की चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर किरन जैन, सीडीओ निकोलस समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# गांवों के विकास पर 200 करोड़ खर्च करेगा ग्रेनो प्राधिकरण

**ग्रेटर नोएडा,** 9 मई (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र के गांवों के विकास पर दो सौ करोड़ रुपए खर्च करेगा। इसकी कार्य योजना तैयार कर ली गई है। आचार संहिता समाप्त होने के बाद निविदा जारी कर विकास कार्य शुरू करा दिए जाएंगे। साथ ही गांवों में साफ सफाई का अधिकारी मौके पर जाकर निरीक्षण करेंगे। बारिश से पहले नाली, सड़क आदि कार्य पूरा कराए जाने का लक्ष्य रखा गया है। दो दिन पहले ही एच्छर और कासना गांव के लोगों ने सीईओ से मिल गांवों की स्थिति से अवगत कराया था। दरअसल अधिसूचित क्षेत्र के गांव में बिजली, पानी, नाली, सीवर, सड़क सहित सभी मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने की जिम्मेदारी प्राधिकरण की है।

- आचार संहिता समाप्त होने के बाद निविदा जारी कर शुरू किया जाएगा काम
- सीवर, नाली, सड़क, साफ-सफाई आदि प्रमुख समस्याओं से जूझ रहे हैं लोग

क्षेत्र में ग्राम पंचायत की व्यवस्था समाप्त होने के बाद प्राधिकरण का ही भरोसा है। प्राधिकरण द्वारा समय- समय पर विकास कार्य कराए जाने का दावा किया जाता है, लेकिन स्थिति में ज्यादा सुधार नहीं हुआ है। नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बहता रहता है। एच्छर गांव के रहने वाले ब्रजेश भाटी ने बताया कि गांव में नियमित रूप से साफ सफाई न होने से चारों तरफ गंदगी फैली हुई है। नाली का पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों पर बह रहा है। कासना गांव के लोगों ने भी सीईओ को गांव की स्थिति से अवगत कराया है। इस संबंध में लिखित शिकायत की है।

गांवों के विकास को लेकर प्राधिकरण पर हमेशा से भेदभाव का आरोप लगता रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सफाईकर्मी गांव में जाते हैं और खानापूर्ति करके चले आते हैं। ऐसे में कूड़े का ढेर लगा हुआ है। गांवों में साफ सफाई की व्यवस्था दिन प्रतिदिन चौपट होती जा रही है। वहीं प्राधिकरण के अधिकारी गांवों को स्मार्ट विलेज के रूप में विकसित किए जाने की बात करते हैं। इस पर प्रतिवर्ष करोड़ों रुपए का बजट खर्च किया जाता है।

# फिल्म देखकर कुनाल के अपहरण व हत्या की रची गई थी साजिश

**ग्रेटर नोएडा,** 9 मई (देशबन्धु)। ढाबा संचालक कृष्ण कुमार शर्मा के 15 वर्षीय बेटे कुनाल शर्मा का अपहरण कर हत्या के मामले में पुलिस ने खुलासा किया है, पुलिस ने बताया कि हिट वेब सीरीज देखकर कुनाल की हत्या की आरोपियों ने योजना बनाई थी। अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय बबलू कुमार ने बताया कि थाना बीटा-दो क्षेत्र के में ढाबा चलाने वाले कृष्ण कुमार शर्मा का 14 वर्षीय बेटा कुनाल एक मई को लापता हो गया था। उन्होंने बताया कि सर्विलांस विधि, सीसीटीवी कैमरे आदि की सहायता से पुलिस मामले की जांच कर रही थी। सीसीटीवी कैमरे के अवलोकन के बाद पाया गया कि किशोर एक लड़की के साथ गया है। उन्होंने बताया कि देर रात को एक मुठभेड़ के दौरान डाढ़ा गांव निवासी कुनाली भाटी, अगौता बुलंदशहर निवासी हिमांशु चौधरी और मनोज को गिरफ्तार कर जब पूछताछ की गई तो पता चला कि हिट वेब सीरीज देखकर हत्या की योजना बनाई थी। उन्होंने बताया कि कार में कुनाल को बैठाकर ले जाने वाली युवती तन्वी, हिमांशु की दोस्त है। वह गुरुग्राम से एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही है। उसने हिट वेब



- हत्या के बाद शव को सूटकेस में रखकर लगाया ठिकाने
- ब्याज का पैसा मांगने को लेकर कुनाल से हुई थी नोकझोंक
- हत्या में शामिल महिला कर रही है मेडिकल की पढ़ाई

सीरीज के तर्ज पर हत्या की योजना तैयार कराई। जिसे तीनों ने अंजाम दिया। इस घटना के मास्टर माइंड हिमांशु व मनोज शर्मा थे। पुलिस उपायुक्त जोन तृतीय साद मियां खान ने बताया कि पूछताछ में पता चला कि ब्याज के पैसों और रेस्टोरेंट को हड़पने के विवाद में कुनाल का अपहरण किया गया था और उसकी हत्या कर शव नहर में फेंक दिया गया था। पकड़े गए बदमाश की पहचान डाढ़ा गांव निवासी कुनाल भाटी गांव डाढ़ा और अगौता बुलंदशहर निवासी हिमांशु चौधरी, अगोता बुलंदशहर और मनोज माइचा की मडैया दादरी के रूप में हुई है। मनोज मृतक कुनाल का मौसा है।

### ढाबे पर कब्जा करने लिए रची गई थी हत्या की साजिश

मनोज और मृतक कुणाल के पिता के.के. शर्मा ने साझेदारी में शिवा होटल खोला था। मनोज की योजना यह थी कि कुनाल की हत्या के बाद के.के. शर्मा कमजोर पड़ जाएंगे तथा वह होटल पर कब्जा कर लेगा, तथा हिमांशु आदि की 2 लाख रुपए जो कृष्ण कुमार को देने हैं वह उनके बच जाएंगे। इसी के तहत तीनों ने मिलकर कुनाल की हत्या की योजना बनाई। कुनाल की कम उम्र का होने के बावजूद भी कुशाग्र बुद्धि था, तथा अपने पिता के काम धंधे को संभालता था। उन्होंने बताया कि हिमांशु गाड़ियों के बेचने खरीदने का काम करता है। उसने मृतक के पिता से दो लाख रुपए ब्याज पर लिए थे। ब्याज न देने पर कुनाल ने हिमांशु को तीखी बात कह दी थी जो हिमांशु को अच्छी नहीं लगी और उसने अपनी महिला मित्र, मृतक के मौसा और अपने साथियों के संग मिलकर कुनाल को सबक सिखाने की साजिश रची और महिला मित्र के माध्यम से उसे रेस्टोरेंट से अगवा कर, उसकी हत्या कर शव को नहर में फेंक दिया।

# मुख्यमंत्री के द्वारा किए गए उद्घाटन के डेढ़ वर्ष पश्चात भी ग्रेनो में गंगाजल को तरसे शहरवासी





**ग्रेटर नोएडा,** 9 मई (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा के लोगों को तपती गर्मी में गला तर के लिए गंगा जल नहीं मिल पा रहा है। जिन सेक्टरों में भी गंगा जल की आपूर्ति हो रही है उन सेक्टरों के लोगों को गंगा जल नहीं मिल पा रहा है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट तक मार्च 2024 तक प्राधिकरण अधिकारियों ने गंगा जल आपूर्ति का वादा किया था। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में आज तक गंगा जल की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। पानी को लेकर गर्मी के मौसम में पानी को लेकर सेक्टरों में हाहाकार मचा हुआ है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी इस दिशा में कोई ठोस कदम उठा पा रहे हैं।

बता दें कि 1 नवम्बर 2022 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर कमलों द्वारा क्षेत्रीय

- ग्रेटर नोएडा शहर के लाखों नागरिक गंगाजल की बूंद-बूंद के लिए तरस रहे चारों तरफ 'पानी के लिए मचा है हाहाकार'
- ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के खिलाफ शहरवासियों ने हाए-हाए के नारे लगाए

दोनों सांसद और तीनों विधायकों की उपस्थिती में पूरे ग्रेटर नोएड़ा शहर में गंगाजल पहुंचने का शुभारम्भ किया गया। जब भी गंगाजल छोड़ा जाता है तब तब अल्फा, बीटा, गामा, डेल्टा, केपी-1, केपी-2, के पी-3 आदि सेक्टरों के बाहर मुख्य पाइपलाइन जो लगभग 15 वर्ष पुरानी हो चुकी हैं जब भी गंगा जल छोड़ा जाता तभी कही न कही से गंगा जल की ये जर्जर लाईन फट जाती है। कहने का तात्पर्य है कि शायद ये पाइपलाइन उचित मानको के आधार पर पर्याप्त गुणवत्तापूर्ण नहीं हैं। स्वच्छ जल के अधिकार की गारंटी भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत दी गई है और कोई भी इससे वंचित नहीं रह सकता है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गारंटीकृत जीवन के अधिकार के तहत भारतीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पानी के अधिकार को एक मौलिक मानव अधिकार के रूप में संरक्षित किया गया है। सेक्टर वासियों ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण सीईओ से अनुरोध किया है कि गंगाजल प्रोजेक्ट में आ रही दुश्वारियों और पाइपलाइनों की खामियों को समाप्त करते हुए जल्दी से जल्दी सभी सेक्टर एवं सोसाइटियों तक गंगाजल पहुंचाए।

# मारपीट करने के मामले में आठ लोगों पर दर्ज हुआ मुकदमा

**दनकौर,** 9 मई (देशबन्धु)। दनकौर क्षेत्र के राजपुर कला गांव में करीब 4 दिन पहले पड़ोस के ही लोगों ने एक व्यक्ति को पीटकर अधमरा कर दिया था। घटना में पीड़ित की टांग की हड्डी और पसली भी टूट गई। घटना के बाद पीड़ित के भाई ने 8 लोगों को नामजद करते हुए पुलिस से मामले की शिकायत की है। कासना कोतवाली क्षेत्र के जमालपुर गांव के रहने वाले जगवीर सिंह का कहना है कि वह अपने परिवार के साथ कुछ समय से दनकौर क्षेत्र के राजपुर कला गांव में रह रहे हैं। सोमवार को गांव के ही प्रमेन्द्र, नरेंद्र और मोनू में जमीनी विवाद के चलते झगड़ा चल रहा था। आरोप है कि पीड़ित द्वारा बीच बचाव करने पर नरेंद्र और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर दिल्ली डीआरडीओ में तैनात शिकायतकर्ता के भाई देवेंद्र के साथ मारपीट कर दी। आरोप है कि सभी लोगों ने लाठी डंडे और लोहे की राड से बुरी तरह पीटकर घायल कर दिया। शिकायत के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। वहीं शिकायत के आधार पर आरोपी नरेंद्र, मोनू, सौरभ, सोनू, कृष्ण, जागे, प्रीत और कर्मवीर के खिलाफगुरुवार को विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है। दनकौर कोतवाली प्रभारी संजय कुमार सिंह का कहना है कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# भारत की मिठास व स्वाद को अमेरिका में पहुंचाने की अनोखी पहल



**ग्रेटर नोएडा,** 9 मई (देशबन्धु)। देश के प्रख्यात व्यंजनों के स्वाद को विदेशों में पहुंचाने के लिए अनोखा प्रयास किया जा रहा है, जिसके तहत पूरे देश के विख्यात संस्थानों के कारीगर (हलवाई) जो मिठाई, स्नैक्स व पकवान बनाने वालों को परखा जा रहा है, भारत का जो भी सर्वश्रेष्ठ कारीगर होगा, उनको अमेरिका में अपना हुनर दिखाने का मौका मिलेगा। देश में बहुत से ऐसे पकवान कारीगर हैं जो बहुत ही स्वादिष्ठ व्यंजन बनाते हैं लेकिन उन्हें पहचान नहीं मिल पाती है, ऐसे लोगों को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए आशीष अवस्थी मूल रुप से कानपुर के रहने वाले हैं प्रयासरत हैं। इन दिनों अल्फा-एक ग्रेटर नोएडा के रेल विहार सोसाइटी में रहकर भारत के हुनर को तलाश रहे हैं। आशीष 2012 से शिकागो में रहते हैं, आईआईटी बाम्बे से इंजीनियरिंग के छात्र रहे हैं। फाइन राउंड के चयन की प्रक्रिया ग्रेटर नोएडा में आयोजित किया गया, जिसमें उनका चयन किया गया। उन्होंने भारत के सर्वश्रेष्ठ हलवाई द्वारा सर्वोत्तम स्वाद के चयन के लिए अपनी टीम के साथ 21 व 22 अप्रैल को कुक एंड बेक अकादमी

- भारत के प्रख्यात संस्थानों के श्रेष्ठ हलवाईयों ने किया पाक कला का प्रदर्शन
- अमेरिका में रहने वालों को नहीं मिल पाता भारतीय व्यंजन का स्वाद

दिल्ली में प्रथम चरण परीक्षण किया। इस परीक्षण में भारत के विभिन्न राज्यों उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, बिहार, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, अमस, कर्नाटका, आन्ध्रप्रदेश व तमिलनाडु के 60 से अधिक कारीगरों को अपनी सर्वोत्तम कला का प्रदर्शन के लिए आमंत्रित किया गया था। चयनित हलवाईयों को अमेरिका जाने का अवसर मिलेगा। आशीष अवस्थी ने बताया कि अमेरिका में रहने वाले भारतीय डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों को खाकर ऊब गए हैं, भारतीय मिठास, पाक कला को अमेरिका में पहुंचाने का मेरा प्रयास है। उन्होंने बताया कि चार चेन के माध्यम से भारत के सर्वश्रेष्ठ हलवाई की तलाश की जा रही है, जिसमें पांच लोगों का चयन कर लिया गया है, इन्हें अमेरिका पहुंचाने का पूरा खर्चा हमारी कंपनी उठाएगी।

# सेना के जवान की शव यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

**जेवर,** 9 मई (देशबन्धु)। क्षेत्र के गांव चौरोली के रहने वाले सेना के जवान की मंगलवार को ड्यूटी के दौरान हार्टअटैक से मौत के बाद गुरुवार को उसका शव गांव पहुंचा तथा अंतिम दर्शन के बाद दोपहर को उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस दौरान क्षेत्र के हजारों लोगों ने जेवर से चौरौली तक करीब सात किमी तक शव यात्रा निकाली।

ज्ञात हो कि चौरोली गांव के रहने वाले पूर्व फौजी भगवान सहाय का छोटा बेटा सुमित शर्मा 39 वर्ष 2004 में भारतीय सेना की 15 मेकेनाईज्ड इंफेन्ट्री रेजीमेंट में भर्ती हुआ था। मंगलवार दोहपर को राजस्थान के बीकानेर जिला के लूणकरणसर में ड्यूटी के दौरान उसके सीने दर्द होने पर उन्हें सेना अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां हार्ट अटैक से उनकी मृत्यू हो गई। बुधवार रात को सेना के वाहन से जवान का शव जेवर स्थित कैलाश अस्पताल पहुंचा जहां पर अस्पताल की मोर्चरी में रखा गया। गुरुवार सुबह से कैलाश अस्पताल पर क्षेत्र के लोगों का जमावड़ा शुरू हो गया। हजारों की तादात में लोगों ने चौरोली गांव तक जवान की शव यात्रा निकाली। चौरोली पहुंचने पर जवान का शव अंतिम दर्शन के लिए रखा गया जहां पर सेना के जवानों व ग्रामीणों तथा क्षेत्र के लोगों ने उनके शव पर पुष्प अर्पित कर श्रदांजलि दी। स्वजनों के साथ मिलकर ग्रामीणों व क्षेत्र के लोगों ने दोपहर को उनका अंतिम संस्कार कर दिया।



- जेवर से चौरोली तक निकाली गई शव यात्रा
- मंगलवार को ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक से हुई थी मौत
- बुधवार रात को कैलाश अस्पताल की मोर्चरी में रखा गया था शव

**दो मासूम बच्चों के सिर से उठा पिता का साया-** सेना के जवान सुमित शर्मा की मौत के बाद उसकी एक बेटी व बेटा के सिर से पिता का साया हमेशा के लिये उठ गया। जिससे बच्चों का रो रोकर बुरा हाल है। स्वजनों बच्चों को दिलाशा देने में जुटे हैं।

**गांव में मातम का माहौल-** बुधवार को सुमित शर्मा की मौत की खबर गांव में आग की तरह फैल गई। जिससे गांव में मातम पसर गया। जवानी में गांव के लाल की मौत से चारों ओर दुख का माहौल पसर गया। ग्रामीणों ने बताया कि सुमित शर्मा गांव में सभी का प्यारा था तथा उसका व्यवहार सभी के साथ मिलनसार था।



# जन्म की तैयारी व नैदानिक कौशल बढ़ाने पर कार्यशाला आयोजित

**ग्रेटर नोएडा,** 9 मई (देशबन्धु)। राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ग्रेटर नोएडा के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग एवं बाल रोग विभाग ने आरआरटीसी आईएचएटी लखनऊ के सहयोग से 'जन्म की तैयारी में नैदानिक कौशल बढ़ाना' विषय पर दो दिवसीय सतत चिकित्सा कार्यक्रम सह हैंड्स-ऑन कार्यशाला का आयोजन किया। इस सीएमई का उद्देश्य हमें मातृ और नवजात मृत्यु दर और रुग्णता को कम करने के अपने लक्ष्य की दिशा में एक कदम करीब लाना था। सीएमई सह हैंड्स ऑन कार्यशाला में आरआरटीसी केंद्र जीआईएमएस के तहत विभिन्न जिलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सीएमई की शुरुआत विभागाध्यक्ष और आरआरटीसी नोडल डॉ. रितु शर्मा के स्वागत भाषण के साथ की गई, जिसके बाद गणमान्य व्यक्तियों के साथ दीप प्रज्ज्वलन किया गया। जीआईएमएस के निदेशक ब्रिगेडियर प्रोफेसर डॉ राकेश गुप्ता ने उद्घाटन भाषण दिया और विभिन्न केंद्रों पर मातृ और नवजात सेवाओं में सुधार के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मातृ और नवजात परिणामों में सुधार के लिए पीएचसी, सीएचसी और जिला अस्पतालों जैसे परिधि में डॉक्टरों के प्रशिक्षण की जीवन शक्ति पर जोर दिया। सीएमई प्री-टेस्ट के साथ शुरू हुआ। उसके बाद संकाय सदस्यों डॉ. अनीता, डॉ. अर्चना गुप्ता, डॉ. पिंकी मिश्रा, डॉ. रुचि वर्मा, डॉ. प्रतिमा मौर्य, डॉ. विकांक्षा, डॉ. रुचिका भटनागर, डॉ. सुजया मुखोपाध्याय द्वारा प्रस्तुति, रोल प्ले और प्रदर्शन के माध्यम से उच्च जोखिम वाली प्रसूति और नवजात जटिलताओं पर कई सत्र लिए गए।

# गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय में धूमधाम से मनाया गया बुद्ध पूर्णिमा उत्सव

**ग्रेटर नोएडा,** 9 मई (देशबन्धु)। गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय के बौद्ध अध्ययन के अंतरराष्ट्रीय छात्रों ने वैशाख पूर्णिमा (बुद्ध पूर्णिमा) का आयोजन उत्साह और आदर के साथ मानाया। जिसमें विश्वविद्यालय के कुलपति, रजिस्ट्रार, डीन एकेडमिक्स, बौद्ध अध्ययन विभाग की डीन और विभाग के सभी संकाय के सम्मानीय शिक्षकों एवं अन्य विभागों के शिक्षकों की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का संचालन भिक्षु न्गुयेन वान क्वॉक और भिक्षुनी माई ची द्वारा वैशाख दिवस के महत्व को बौद्ध परंपरा में स्पष्ट किया जाने से शुरू हुआ। उनके तत्वाधान ने एक आध्यात्मिक चिंतन और उत्सव से भरे दिन के लिए मंच तैयार किया। कुलपति प्रो. रविन्द्र




कुमार सिन्हा ने आयोजकों की सराहना की और इसे तत्कालीन रूप से संगठित करने और सम्पूर्ण कार्यक्रम को संचालित करने का तरीका बहुत धाराप्रवाही रहा की ओर इशारा करते हुए इस दिन की महत्ता पर प्रकाश डाला और साथ ही आयोजन करने वाले छात्रों को प्रोफेशनल तरीके से कार्यक्रम का आयोजन के लिए बधाई दी। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विश्वास त्रिपाठी ने कार्यक्रम के आयोजन में लगे छात्रों की प्रेरणा और समर्पण की सराहना की साथ ही कहा कि यह कार्यक्रम हर वर्ष विश्वविद्यालय में आयोजित होता है और हर बार कुछ नया देखने को मिलता है जो हम सभी के लिए अनुकरणीय है। बौद्ध अध्ययन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. चंद्रशेखर पासवान ने बताया कि इस तरह से कार्यक्रम का आयोजन छात्रों ने किया ये हम सब के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इस अवसर पर प्रो. एन. पी. मालकानिया, डीन एकेडमिक्स और प्रो. श्वेता आनंद, बौद्ध अध्ययन विभाग की डीन, जिम्स के निदेशक बिगेडियर राकेश गुप्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने बुद्ध पूर्णिमा के महत्व को साझा किया और उत्सव के बारे में बताया। इस दौरान जीबीयू का पूरा स्टॉफमौजूद रहे।

- शिक्षकों व अन्य विभागों के शिक्षकों की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन

# कौशल आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए एचआईएमटी में हुआ मंथन

**ग्रेटर नोएडा,** 9 मई (देशबन्धु)। एचआईएमटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने 'छात्रों के लिए कौशल आधारित शिक्षा वातावरण को बढ़ावा देना' विषय पर एक वार्षिक संगोष्ठी-मंथन 2024 का आयोजन किया। इस विशाल आयोजन में पांच जिलों के लगभग 300 शिक्षाविदों, अधिवक्ताओं, सामाजिक चिंतकों ने भाग लिया। जिसमें से 75 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों ने भी संगोष्ठी में अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। समूह के अध्यक्ष हेमसिंह बंसल ने सभी बुद्धिजीवियों का स्वागत किया और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया। सभी वक्ताओं की राय थी कि कौशल आधारित शिक्षा समय की मांग है। अध्यक्ष हेमसिंह बंसल ने कहा कि मानवीय मूल्यों और नैतिकता की




शिक्षा भी कौशल आधारित शिक्षा के समान ही महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर सेक्रेटरी अनिल कुमार बंसल, जॉइंट सेक्रेटरी अनमोल बंसल ने भी सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर समूह निदेशक प्रो. (डॉ.) सुधीर कुमार, कार्यकारी निदेशक डॉ. विक्रांत चौधरी, निदेशक प्रबंधन अध्ययन प्रो. (डॉ.)पंकज कुमार निदेशक फार्मेसी, एडमिन अधिकारी कविता चौधरी, एचओडी आईटी, नरेंद्र उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

# संपादकीय

नई दिल्ली, शुक्रवार 10 मई 2024
*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## चौथे चरण से पहले भाजपा का नया शिगूफा

प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार परिषद ने दुनिया के 167 देशों में 1950 से 2015 के बीच आए जनसांख्यिकी बदलाव का अध्ययन कर एक रिपोर्ट चुनावों के बीच जारी की है, जिसके मुताबिक भारत में 1950 से 2015 के बीच हिंदुओं की आबादी 7.82 प्रतिशत घट गई। वहीं मुसलमानों की आबादी में 43.15 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इस रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के अधिकांश मुस्लिम बहुसंख्यक देश में मुस्लिम आबादी में बढ़ोतरी हुई है, वहीं हिंदू, ईसाई व अन्य धर्म बहुल देशों में बहुसंख्यक आबादी में कमी आई है। इस रिपोर्ट को देखकर यह अनुमान लगाना कठिन नहीं है कि यह भाजपा का चौथे चरण के मतदान से पहले एक नया शिगूफा है। दरअसल पिछले तीन चरणों के मतदान से भाजपा के लिए अच्छी खबरें नहीं आई हैं और यही वजह है कि प्रधानमंत्री मोदी अपने बयानों में अब हिंदू-मुस्लिम पर ज्यादा जोर देने लगे हैं। राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, तेलंगाना, प.बंगाल इन तमाम राज्यों में श्री मोदी के भाषणों पर गौर फरमाएं तो उसमें सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की कोशिश साफ नजर आती है। इसलिए इस वक्त आर्थिक सलाहकार परिषद की रिपोर्ट का आना यह जाहिर करता है कि भाजपा के पास जनता के बीच जाने के लिए मुद्दों का अकाल है, इसलिए अब आभासी मुद्दे खड़े किए जा रहे हैं। इस रिपोर्ट के बाद मोदी सरकार पर सवाल उठ रहे हैं कि जब उसने अपने पूरे कार्यकाल में जनगणना ही नहीं कराई तो अभी आबादी की बात किस आधार पर कर रही है। और जहां तक मुस्लिम आबादी की बात है तो नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के डेटा के मुताबिक मुस्लिम महिलाओं की प्रजनन दर 2019-21 में सबसे कम 2.4 रही है, जबकि 2015-16 में 2.6 और 2005-06 में 3.4 थी।

तीन चरणों में भाजपा को नुकसान हो गया है, इसका प्रमाण बुधवार को प्रधानमंत्री के अडानी-अंबानी वाले बयान से मिल गया, जिसमें उन्होंने कांग्रेस और राहुल गांधी को घेरने की कोशिश की, लेकिन आखिर में भाजपा को ही मुश्किल में डाल दिया। इस बयान के अगले दिन गुरुवार को शेयर मार्केट में बड़ी गिरावट देखी गई। जिससे निवेशकों को तीन लाख करोड़ से अधिक का नुकसान बताया जा रहा है। अब सवाल यह उठता है कि आखिर ये कौन से लोग हैं, जो शेयर बाजार से अपना पैसा उठा रहे हैं, और क्यों उठा रहे हैं। क्या देश के चुनावी माहौल में भावी सरकार का अनुमान लगाते हुए शेयर बाजार में उठापटक हो रही है, इस पर अब गौर करना होगा।

ऐसा लग रहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, जो अब तक भारतीय जनता पार्टी की प्रमुख संपदा थे, अपने हालिया बयानों से उसे गहरे संकट में डाल चुके हैं। '400 पार' के नारे के साथ शुरू हुआ भाजपा का लोकसभा 2024 का चुनावी अभियान मोदी ने ऐसे मुकाम पर पहुंचा दिया है जहां उसे सरकार बचाने के भी लाले पड़ रहे हैं। वैसे तो जिस तरह का विमर्श भाजपा ने पिछले एक दशक से चला रखा था, लोगों का मूड भांपे बगैर श्री मोदी उसे ही आगे बढ़ाते चले गये। हिन्दू-मुस्लिम, विरोधी नेताओं का कथित भ्रष्टाचार, कांग्रेस का परिवारवाद आदि जैसे घिसे-पिटे नैरेटिव को आगे खींचते हुए भाजपा के स्टार प्रचारक कहे जाने वाले नरेंद्र मोदी की बातों में लोगों को अब कोई रस रह गया है। बतौर प्रधानमंत्री दो कार्यकाल पूरा कर लेने के बाद भी मोदी के पास गिनाने के लिये अपना एक भी काम नहीं है।

इस चुनाव का ऐलान होते तक मोदी अपनी गारंटियों की खूब चर्चा करते रहे। वे दस वर्षों को अपनी सरकार का 'ट्रेलर' बतलाते हुए कहते रहे कि 'असली पिक्चर तो तीसरे कार्यकाल में दिखलाई जायेगी।' उन्होंने अबकी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी व 5 ट्रिलियन वाली इकानॉमी बनाने, 2047 तक सबसे विकसित देश बनाने और अगले एक हजार वर्ष तक सबसे आगे रहने जैसे सब्ज़बाग लोगों को दिखलाये। सभी संस्थाएं अपनी मुट्ठी में रखे हुए मोदी की इस 'विकास पुरुष' की छवि को पार्टी का खर्चीला प्रचार तंत्र, उसका आईटी सेल, दरबारी मीडिया और 'ट्रोल आर्मी' आगे बढ़ा रहे थे। राहुल गांधी की दो-दो भारत जोड़ो यात्राओं को मोदी व भाजपा ने हल्के में लिया। उन्होंने इस ओर से आंखें मूंद ली थीं कि कांग्रेस के नेतृत्व में 28 विपक्षी दल एकजुट हो गये हैं। कांग्रेस ने जनसामान्य के बुनियादी सरोकारों पर आधारित विमर्श को पुनर्जीवित किया जिससे जनमत भाजपा की ओर से इंडिया की ओर मुड़ने लगा जो कि प्रतिपक्षी दलों का एक मजबूत गठबन्धन का रूप ले चुका है और इसी शक्ति के साथ चुनाव के तीन चरणों का मतदान पार कर चुका है। तमाम सर्वे, अनुमान एवं विश्लेषण बतला रहे हैं कि तीनों में भाजपा इस कदर पिछड़ रही है कि उसने 400 पार के नारे का उल्लेख करना ही बन्द कर दिया है। हालांकि विपक्ष लोगों को यह नारा भूलने नहीं दे रहा है, पर यह भी बता रहा है कि भाजपा को संविधान समाप्त करने के लिये इतनी सीटें चाहिये। इसके कारण यह लड़ाई लोकतंत्र की लड़ाई में तब्दील हो गई है।

तीन चरणों के मतदान का ही यह असर बतलाया जाता है जिसके कारण शेष चुनाव बचाने के लिये मोदी अपने चिर-परिचित विषय पर लौट आये हैं। वह है ध्रुवीकरण। पश्चिम बंगाल के दौरे में वे संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं पर अतिरिक्त द्रवित हुए। हालांकि लोगों ने सवाल उठाया कि मणिपुर की महिलाओं के साथ हुए उत्पीड़न व दुष्कर्म पर बोलने से आखिरकार मोदी को किसने रोका था? अपनी सभाओं में उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के एक बयान को तोड़-मरोड़कर पेश करते हुए यहां तक कह डाला कि कांग्रेस का मानना है कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। फिर उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार आई तो हिन्दुओं के गहने छीनकर कई-कई बच्चे वालों को दे दिये जायेंगे (उनका आशय मुस्लिमों से था)। खुद की हिन्दुवादी की छवि को प्रगाढ़ करने के लिये मोदी तीसरे चरण के मतदान के एक दिन पूर्व अयोध्या के राममंदिर पहुंच गये थे। वहां उनकी रामलला के समक्ष साष्टांग होने की तस्वीरें देश भर में प्रकाशित व वायरल कराई गईं ताकि उसका लाभ 7 मई के मतदान में मिल सके।

इतना सब होने के बाद भी कम मतदान और वह भी अपने पक्ष में न होने से आशंकित मोदी ज्यादा बौखलाए नज़र आये। उनके बयान और भी कटु हो चले हैं। इस क्रम में उन्होंने उन अडानी व अंबानी का जिक्र कर डाला (वह भी गलत तरीके से) जिसके अब तक वे सबसे बड़े रक्षक थे। माना जा रहा है कि उनका यह बयान एक तरह से सबसे आत्मघाती साबित होने जा रहा है। इसके जवाब में जैसी प्रतिक्रियाएं आई हैं, उससे श्री मोदी और फंसते जा रहे हैं। राहुल गांधी ने भी इस बयान के जवाब में जो वीडियो जारी किया, उसे करोड़ों लोगों ने देखा और पसंद किया, इसका मतलब यह कि राहुल गांधी और कांग्रेस की बातों को अब लोग सुन रहे हैं।

यह स्थिति भाजपा के लिए अच्छी नहीं है और अब आबादी का जिक्र छेड़कर भाजपा के लिए एक और समस्या खड़ी हो गई है, देखना होगा कि चौथे चरण से पहले अपनी स्थिति सुधारने के लिए कुछ सकारात्मक कदम उठाती है या फिर पूरा चुनाव नकारात्मकता के साथ ही लड़ेगी।

## हर चरण के मतदान के साथ बढ़ी है आरएसएस और भाजपा के बीच दरार

■ अरुण श्रीवास्तव

लोक सभा चुनाव में मतदान के हर चरण के बीतने के साथ आरएसएस और पारंपरिक भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों की पीड़ा और अधिक स्पष्ट होती जा रही है, भले ही आरएसएस के शीर्ष नेताओं ने उनकी पीड़ा रहने और भाजपा उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने की कोशिश की हो।

जीत का भ्रम पैदा करने के लिए आरएसएस के दिग्गजों द्वारा दिये गये तर्क के विपरीत, उनके कैडर झुकने को तैयार नहीं हैं। वे स्पष्ट हैं कि यदि मोदी जीते तो एक ख़तरनाक निरंकुश शासक बन जायेंगे। हालांकि उन्हें यकीन है कि भाजपा को बहुमत नहीं मिलेगा, लेकिन पार्टी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरेगी। उस पृष्ठभूमि में, राष्ट्रपति निश्चित रूप से मोदी को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करेंगे। वे बताते हैं कि नरेंद्र मोदी के निर्देश पर अमित शाह भाजपा को अपने दम पर बहुमत नहीं मिलने की स्थिति में छोटे दलों से समर्थन जुटाने के मिशन पर हैं।

उभरती राजनीतिक स्थिति से आशंकित होकर, राज्य-स्तरीय आरएसएस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने निवारक कदम उठाने के लिए आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और इसके महासचिव दत्तात्रे यहोसबोले से संपर्क किया है। आरएसएस कार्यकर्ताओं ने अपने नेताओं को लिखे एक पत्र में यह भी दुख व्यक्त किया है कि यह उनकी निष्क्रियता थी जिसके कारण मोदी भगवा पारिस्थितिकी तंत्र के एकमात्र नेता के रूप में उभरे। राज्य के इन नेताओं ने उन कारणों को भी जानना चाहा है कि जब मोदी संगठनों की संस्कृति और लोकाचार को नष्ट करने के रास्ते पर चल पड़े तो उनके खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई।

उन्होंने यह भी बताया है कि अब बदली हुई स्थिति में, बड़ी संख्या में कैडर और स्वयंसेवक चुनाव प्रचार कार्य करने के लिए नहीं आ रहे हैं। मोदी अपने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व वाले चुनाव आयोग का उपयोग धोखाधड़ी और अवैध रूप से मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सीईसी द्वारा पहले दो चरणों में डाले गये वोटों के आंकड़ों को सही करना इस परिप्रेक्ष्य में एक अभ्यास है।

तीसरा चरण, जो 7 मई को समाप्त हुआ, पिछले दो चरणों की तुलना में कई मायनों में अलग था। महत्वपूर्ण यह था कि भाजपा शासित राज्यों द्वारा मतदान केंद्रों से बड़ी संख्या में मतदाताओं को भगाने के लिए पुलिस बलों का उपयोग करना। यह राजीव कुमार के नेतृत्व वाले चुनाव आयोग के लोगों से मतदान के अधिकार का प्रयोग करने के आह्वान के ठीक विपरीत हुआ। मतदाताओं को भगाने के लिए पुलिस का क्रूर और आपराधिक उपयोग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ-शासित उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक स्पष्ट था।

जिन निर्वाचन क्षेत्रों में मुस्लिम और दलित मतदाताओं का अनुपात अधिक है, वे विशेष रूप से उत्तर प्रदेश में इस तरह की पुलिस-संचालित आपराधिकता का शिकार हो रहे हैं। भगवा पारिस्थितिकी तंत्र और योगी सरकार ने इस भावना को दृढ़ता से पाला कि ये दोनों समुदाय इंडिया ब्लॉक, या किसी अन्य विपक्षी दल को वोट देंगे।

> असम में सबसे अधिक 74.86फीसदी मतदान हुआ, इसके बाद पश्चिम बंगाल में 73.93 फीसदी मतदान हुआ, जबकि महाराष्ट्र में सबसे कम 53.63फीसदी मतदान हुआ, तथा बिहार में 56.01 प्रतिशत। मोदी जो हाल ही में '400 पार' वाक्यांश का उपयोग करने से परहेज कर रहे थे, उन्होंने एक बार फिर इसे धार (मध्य प्रदेश) की सभा में इस्तेमाल किया।

पुलिस और चुनाव अधिकारियों ने उन निर्वाचन क्षेत्रों की पहचान की थी जो विपक्ष, इंडिया ब्लॉक, उम्मीदवारों के पक्ष में थे। ऐसे निर्वाचन क्षेत्रों में दोपहर तक मतदान का प्रतिशत काफी कम रहा। कतार में खड़े मतदाताओं को बिना वोट डाले ही वापस जाने को कहा गया। दोपहर तीन बजे के बाद मतदान में तेजी आई। फिर भी चुनाव आयोग के अधिकारियों को अपेक्षित परिणाम नहीं मिले।

पहले के दो चरणों की तरह, वोट डालने के लिए मूल और पारंपरिक भाजपा समर्थकों की अरुचि काफी चिंताजनक थी। दलबदलुओं द्वारा प्रदर्शित उत्साह के विपरीत, भाजपा/आरएसएस के पारंपरिक कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने घर पर रहना पसंद किया।

भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि लंबे समय के बाद, ज्यादातर मामलों में आरएसएस और भाजपा कार्यकर्ताओं ने बूथ समितियों का गठन नहीं किया और यह कार्य भाजपा नेताओं और चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों पर छोड़ दिया। शाम 5 बजे तक 60.19प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 11 राज्यों की 94सीटों पर मतदान हुआ। 2019 में 94सीटों में से कम से कम 86 सीटें भाजपा ने जीती थीं। स्वाभाविक है कि इस चरण में भाजपा को ज्यादा फायदा नहीं होने वाला है। विपक्ष और इंडिया गुट के लिए कोई भी लाभ भाजपा, विशेषकर आरएसएस के लिए एक बड़ा नुकसान होगा।

असम में सबसे अधिक 74.86फीसदी मतदान हुआ, इसके बाद पश्चिम बंगाल में 73.93 फीसदी मतदान हुआ, जबकि महाराष्ट्र में सबसे कम 53.63फीसदी मतदान हुआ, तथा बिहार में 56.01 प्रतिशत। मोदी जो हाल ही में '400 पार' वाक्यांश का उपयोग करने से परहेज कर रहे थे, उन्होंने एक बार फिर इसे धार (मध्य प्रदेश) की सभा में इस्तेमाल किया जब उन्होंने कहा-'मैं कांग्रेस को अपने वोट बैंक को फायदा पहुंचाने के लिए ओबीसी कोटा लूटने से रोकने के लिए लोकसभा में 400 सीटें चाहता हूं। पिछले 5 वर्षों में, हमारे पास एनडीए, क्षेत्रीय दलों और निर्दलीय सहित लगभग 400 सीटें थीं जिसका हमने इस्तेमाल अनुच्छेद 370 को हटाने के लिए किया।' इसका स्पष्ट अर्थ यह है कि मोदी चुनाव जीतने के लिए किसी योजना पर काम कर रहे हैं।

एक बार फिर भगवा पारिस्थितिकी तंत्र सक्रिय रूप से राहुल गांधी को एक अपरिपक्व राजनेता के रूप में पेश कर रहा है, जो मुद्दे तो उठा सकते हैं लेकिन देश पर शासन नहीं कर सकते। पारिस्थितिकी तंत्र अब राहुल को जमीनी हकीकत से कटे हुए नेता के रूप में चित्रित करने की योजना बना रहा है। केसरिया सूत्रों के अनुसार तो राहुल के खिलाफ नवीनतम दुष्प्रचार अभियान प्रमुख कार्य होने जा रहा है। हालांकि, आरएसएस कार्यकर्ताओं के भूमिगत नेटवर्क के बिना, ऐसा कदम भाजपा के लिए आत्मघाती साबित होगा।

मोदी ने नये निचले स्तर पर उतरते हुए एक नया मुहावरा गढ़ा है- 'वोट जिहाद'। मतदाताओं से 'वोट जिहाद' और 'राम राज्य' के बीच चयन करने का आह्वान करते हुए उन्होंने बाबरी मस्जिद का मुद्दा भी उठाने की कोशिश की और कहा कि कांग्रेस अयोध्या में राम मंदिर पर 'बाबरी ताला' लगायेगी। चुनाव अभियान को लगातार ध्रुवीकृत करने के मोदी के भयावह तरीकों पर चुनाव आयोग कुछ कार्रवाई नहीं करता।

वोट जिहाद पर उनका स्पष्टीकरण काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, 'वोट जिहाद का मतलब है कि एक विशेष वर्ग को एकजुट होकर मोदी के खिलाफ वोट करने के लिए कहा जा रहा है।' सचमुच, यह कांग्रेस या इंडिया नहीं है जो तुष्टिकरण के प्रयास में इतना नीचे गिर गया है; इसके बजाय मोदी स्वयं के अजेय के रूप में पेश करने और देश के सबसे बड़े अल्पसंख्यक समुदाय को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। वास्तव में, कुछ वरिष्ठ भाजपा नेता मोदी के बयानों को चुनाव में धांधली की घिनौनी साजिश मानते हैं। उनका मानना है कि मोदी की टिप्पणियों को हताशा के संकेत के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि आरएसएस और पारंपरिक भाजपा कार्यकर्ताओं और मतदाताओं को अपनी आत्मसंतुष्टि छोड़कर पार्टी के समर्थन में आने के लिए प्रेरित करने का प्रयास है।

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 10 निर्वाचन क्षेत्रों में 57 फीसदी के खराब मतदान से मोदी गंभीर रूप से घबड़ा गये हैं। महाराष्ट्र में भी कमोबेश यही स्थिति है। महाराष्ट्र में 48 लोकसभा क्षेत्रों में से 11 में 54.09 प्रतिशत मतदान हुआ। पहले दो चरणों में 62प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ था।

## जाति इस बार 2014 और 2019 से ज्यादा प्रभावी

संविधान बचाने की बात करते हुए भाजपा विरोधी दल जरूर आरक्षण पर जोर दे रहे थे और संविधान पर आंच का मतलब आरक्षण पर आंच बताकर दलित और पिछड़ों को अपनी ओर गोलबंद करने की कोशिश कर रहे थे, पर धीरे-धीरे जाति इस बार के चुनाव का एक बड़ा विमर्श बन जाएगा और इसीसे भाजपा को दिक्कत होने लगेगी इसका अंदाजा शायद ही किसी को था। ऐसा इसलिए भी था क्योंकि राहुल गांधी ने हाल में हुए विधानसभा चुनावों में जातिवार जनगणना का सवाल बहुत जोर-शोर से उठाया था और कांग्रेस उन राज्यों में भी बुरी तरह हारी जहां उसकी स्थिति अच्छी लग रही थी। कहते हैं कि मध्य प्रदेश के कुछ बड़े कांग्रेसी नेताओं ने प्रदेश में जाति के सवाल को न छेड़ने की सलाह देने के साथ इंडिया गठबंधन की बैठक न होने दी या उसके नेताओं को चुनाव प्रचार में आने नहीं दिया। जाति के पिच पर भी उस्तादी दिखा चुके नरेंद्र मोदी ने जब हिन्दी पट्टी के तीन महत्वपूर्ण राज्यों के साथ हरियाणा के लिए नए मुख्यमंत्री का चुनाव किया तो जातिगत समीकरणों का पूरा ध्यान रखा। और वे इस बार के प्रचार में संविधान के मसले पर अपना पक्ष मजबूती से रखते रहे लेकिन चुनाव प्रचार में या उम्मीदवारों के चयन में जाति के सवाल को कभी नहीं भूले।



अरविन्द मोहन

> जाति का मसला दिन ब दिन जोर पकड़ता गया। इसमें सिर्फ महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण के सवाल पर पहले से जातिगत खलबली थी। राजस्थान में अचानक जाति आरक्षण उभर आया। केन्द्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला के एक बयान से देश भर के राजपूत उखड़ गए। उत्तर प्रदेश में वी के सिंह जैसों का टिकट काटना और झारखंड में एक भी राजपूत को टिकट न देना भी भाजपा के लिए परेशानी का कारण बनने लगा।

जैसे ही पहला दौर बीता और मतदान में गिरावट आई, मोदी जी का स्वर बदल गया। राजस्थान में उन्होंने मंगलसूत्र और कांग्रेस के सत्ता में आने पर हिंदुओं की संपत्ति छीनकर मुसलमानों को देने जैसे निम्न स्तर की बात शुरू कर दी। मोदी की गारंटी की जगह कांग्रेसी घोषणापत्र पर आक्रमण शुरू किया। बीजद सरकार का एक्सपायरी डेट बताने लगे। ये बदलाव काफी लोगों को हैरान करने वाले थे। विपक्ष ने जैसे तैसे प्रचार अभियान शुरू किया था पर वह तानाशाही/संविधान पर खतरा से लेकर बेरोजगारी, महंगाई, किसानों की मुश्किलें, अग्निवीर योजना की आलोचना और भाजपा के मुसलमान/पाकिस्तान द्वेष को मुद्दा बनाने में लगा रहा। तीन हफ्ते और चुनाव के तीसरे दौर तक आते-आते चुनाव प्रचार को और भी मसाले मिले- झारखंड में कांग्रेसी मंत्री से जुड़े ठिकाने पर नोटों की गड्डियों से लेकर कर्नाटक में भाजपा के सहयोगी दल के उम्मीदवार प्रज्ज्वल और देवगौड़ा परिवार के कुकर्मों का अपूर्व वीडियो खजाना। दल बदल से लेकर उम्मीदवार बदलने और मैदान छोड़ने की घटनाएं भी हुईं। लेकिन चुनाव प्रचार और तैयारियों में भारी लीड के बावजूद भाजपा की बेचैनियां कम नहीं हुईं। टेक्सला के प्रमुख की प्रस्तावित भारत यात्रा का वादा पूरा न होना भी मुद्दा बना और सैम पित्रोदा का बयान भी। पाकिस्तान और मुसलमान तो आगे किया ही गया, मोदी जी अयोध्या हो आए और भगवान राम की मूर्ति का सूर्य अभिषेक करने जैसे बचकाना खेल भी हुए।

लेकिन जाति का मसला दिन ब दिन जोर पकड़ता गया। इसमें सिर्फ महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण के सवाल पर पहले से जातिगत खलबली थी। राजस्थान में अचानक जाति आरक्षण उभर आया। केन्द्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला के एक बयान से देश भर के राजपूत उखड़ गए। उत्तर प्रदेश में वी के सिंह जैसों का टिकट काटना और झारखंड में एक भी राजपूत को टिकट न देना भी भाजपा के लिए परेशानी का कारण बनने लगा। बिहार में सिर्फ एक ओर उत्तर प्रदेश में सिर्फ दो वैश्य उम्मीदवार देने से भाजपा का यह मूल आधार भी नाराज बताया जा रहा है। उधर अखिलेश और लालू यादव ने मुसलमानों का टिकट कम किया (और उत्तर प्रदेश में बसपा ने मुसलमानों का टिकट बढ़ाकर भाजपा की मदद की, यह आरोप लगता रहा) तथा उस कोइरी/कुशवाहा/मौर्य का टिकट बढ़ाया जिससे एक साफ बदलाव दिख रहा है। अखिलेश ने तो अपने परिवार के अलावा अहीरों का टिकट भी कम किया है। उधर तेजस्वी यादव ने सब ओर से ठुकराए मुकेश साहनी को न सिर्फ अपने साथ लिया (और अपने हिस्से से तीन सीट देने के साथ उम्मीदवार भी पकड़ा दिए) बल्कि उनको चुनाव प्रचार में लगातार साथ रखा। यादवों के बाद कोइरी/कुशवाहा और मल्लाहों की संख्या सबसे ज्यादा है और वे गोलबंद भी हुए हैं।

कांग्रेस ने भी एक खेल किया है। उसने हिन्दी पट्टी में सभी जगहों पर जाति का गणित साधने का प्रयास किया है। इसमें उसने भाजपा के निवर्तमान सांसदों से लेकर महत्वाकांक्षी नेताओं को टिकट देने में परहेज नहीं किया और जहां अपना उम्मीदवार या ऐसा बाहरी उम्मीदवार न मिला तो उसने सिर्फ जाति का गणित देखकर उम्मीदवार उतार दिए हैं। भोपाल में कायस्थ और मुसलमान वोट ठीक-ठाक हैं तो एक अनाम से कायस्थ उम्मीदवार को टिकट दे दिया गया। सिंधिया के प्रभाव वाले इलाके हों या पुराने रीवा रियासत के इलाके। इनके पारंपरिक जातीय टकरावों को ध्यान में रखकर सामने किए गए उम्मीदवार अचानक मुकाबले में आ गए लगते हैं जबकि यहां भाजपा ने पिछला चुनाव भारी अंतर से जीता था। अब वह अंतर पाटना आसान नहीं है, लेकिन कुछ महीनों में ही विपक्ष इस तरह खड़ा हो जाए तो यह जाति का गणित ही है। छत्तीसगढ़ में भी यही हो रहा है और हरियाणा में भी। यहां तो शुरूआत तो भाजपा ने ही की थी, गैर-जाति राजनीति को आगे करके। बिहार और उत्तर प्रदेश में उसने भी जातिगत समीकरणों का पूरा ध्यान रखा है। लेकिन दो मामलों में चूक हुई है मजबूत केन्द्रीय नेतृत्व द्वारा मामलों में अपनी जिद चलाने से नुकसान दिखता है। इससे भी ज्यादा पुराने चेहरे दोहराने से भी जाति का जादू ही नहीं मोदी का जादू भी कमजोर होता दिखता है। ले-देकर सारे भाजपा उम्मीदवार ही नहीं एनडीए के उम्मीदवार मोदी-मोदी कर रहे हैं और लाख प्रयास करके भी मोदी जी के लिए उतना बोझ उठाना मुश्किल है जितना नौजवान राहुल, प्रियंका, अखिलेश और तेजस्वी उठा रहे है।

फिर चुनाव विज्ञान का वह चर्चित फार्मूला अपने आप प्रभावी होता दिखता है कि जब जाति का विमर्श हावी होगा तो सांप्रदायिक विमर्श पीछे जाएगा और जब साम्प्रदायिक विमर्श हावी होगा तो जाति का विमर्श पीछे रह जाता है। वैसे अब भाजपा भी ब्राह्मण बनिया पार्टी से बहुत आगे निकाल चुकी है और कांग्रेस का आरक्षण या जातीय कार्ड खेलने का इतिहास बहुत पुराना नहीं है और उसके नेताओं को जातीय जनगणना और आरक्षण के सवाल पर बहुत सफाई देनी पड़ रही है और जाति को आधार बनाकर राजनीति करने वाले भाजपा विरोधी परिवारवाद और भ्रष्टाचार के फंदे में भी फंसे हैं। दो बातें साफ हैं- कम से कम पिछले दो चुनावों की तुलना में इस बार भाजपा के पास कोई केन्द्रीय मुद्दा नहीं है। दूसरे इस बार इन तीन चुनावों में सबसे ज्यादा प्रबल ढंग से जाति दिखाई दे रही है, भले वह मण्डल वाले और जैसी न दिखती हो।

## पावन प्रसंग

### महान योद्धा और समाज सुधारक परशुराम

भगवान विष्णु के अवतारों में से एक माने जाने वाले भगवान परशुराम के साथ भी कुछ अद्भुत हुआ माना जाता है। उनके आक्रोश और पृथ्वी को इक्कीस बार क्षत्रियविहीन करने की घटना को तो खूब प्रचारित कर वैमनस्य फैलाने का उपक्रम किया जाता है पर उनके व्यक्तित्व के अन्य पक्षों को भुला दिया जाता है। पिता की आज्ञा पर मां रेणुका का सिर धड़ से अलग करने की घटना को भी एक आज्ञाकारी पुत्र के रूप में प्रेरक अ ाख्यान बनाकर सुनाया जाता है किंतु सवाल खड़ा होता है कि क्या व्यक्ति केवल चरम हिंसा के बूते जननायक के रूप में स्थापित होकर लोकप्रिय हो सकता है? क्या हैहयवंश के नरेश कार्तवीर्य अर्जुन के वंश का समूल नाश करने के बावजूद पृथ्वी क्षत्रियों से विहीन हो पाई? रामायण और महाभारत काल में तो पृथ्वी पर क्षत्रिय राजाओं के ही राज्य रहे। वे ही उनके अधिपति हुए। इक्ष्वाकु वंश के मर्यादा पुरुषोत्तम राम को आशीर्वाद देने वाले, कौरव नरेश धृतराष्ट्र को पांडवों से संधि करने की सलाह देने वाले और सूत पुत्र कर्ण को ब्रह्मशास्त्र की दीक्षा देने वाले परशुराम ही थे।

ये सब क्षत्रिय थे। इस रूप में विवेचन किया जाए तो भगवान परशुराम क्षत्रियों के शत्रु नहीं,बल्कि शुभचिंतक ही थे। वास्तविकता में भगवान परशुराम आततायी शासकों के प्रबल विरोधी थे। पौराणिक आख्यानों का विवेचन विश्लेषण किया जाए तो समाज सुधारक और जनता को स्वावलंबन से जोड़ने में भगवान परशुराम की अहम भूमिका अंतर्निहित है। केरल, कच्छ और कोंकण क्षेत्रों में जहां परशुराम ने समुद्र में डूबी खेती योग्य भूमि निकालने की तकनीक सुझाई तो वहीं अपने परशु का उपयोग कर जंगलों को साफ कर भूमि को कृषियोग्य बनाने का दायित्व भी निभाया। इन्हीं परशुराम ने हेय माने जाने वाले दरिद्रनारायणों को शिक्षित व दीक्षित कर विप्र बनाया। उन्हें यज्ञोपवीत संस्कार से जोड़ा और उस समय जो दुराचारी व आचरणहीन थे, उनका सामाजिक बहिष्कार किया।

परशुराम के अंत्योदय के प्रकल्प अनूठे व अनुकरणीय हैं। आज के दौर में उन्हें प्रेरणास्वरूप रेखांकित किए जाने की जरूरत है। पौराणिक आख्यानों के अनुसार जमदग्निपुत्र परशुराम का जन्म हरिश्चंद्रकालीन विश्वामित्र से एक-दो पीढ़ी बाद का माना जाता है। यह समय प्राचीन संस्कृत ग्रंथों में 'अष्टादश परिवर्तन-युग' के नाम से जाना गया है अर्थात यह 7500 विक्रम पूर्व का समय ऐसे संक्रमण काल के रूप में ज्ञात है, जिसे परिवर्तन का युग माना गया।

इसी समय क्षत्रियों की शाखाएं दो कुलों में विभाजित हुईं। एक सूर्यवंश और दूसरा चंद्रवंश। चंद्रवंशी पूरे भारतवर्ष में छाए हुए थे और उनका प्रताप चरमोत्कर्ष पर था। हैहयवंशीय अर्जुन वंश चंद्रवंशी था। माहिस्मती नरेश कार्तवीर्य अर्जुन इसी कुल के वंशज थे। भृगु ऋषि इस वंश के राजगुरु थे। जमदग्नि राजगुरु परंपरा का निर्वाह कार्तवीर्य अर्जुन के दरबार में कर रहे थे, किंतु अनीतियों का विरोध करने के कारण कार्तवीर्य अर्जुन और जमदग्नि में मतभेद हो गए। परिणामस्वरूप जमदग्नि महिष्मति राज्य छोड़ कर चले गए। इस गतिविधियों से रुष्ट होकर सहस्त्रबाहू कार्तवीर्य अर्जुन आखेट का बहाना करके अनायास जमदग्नि के आश्रम में सेना सहित पहुंच गए। ऋषि जमदग्नि ने अतिथि सत्कार किया, लेकिन स्वेच्छाचारी और युद्धोन्मादी अर्जुन ने प्रतिहिंसास्वरूप जमदग्नि की हत्या कर दी। उसने पूरे आश्रम को उजाड़ दिया और ऋषि की प्रिय कामधेनु गाय को छीन कर ले गए। आश्रम के अनेक ब्राम्हण ने कान्यकुब्ज के राजा गाधि के राज्य में शरण ली। परशुराम जब यात्रा से लौटे तो इस घटना से क्रोधित होकर उन्होंने हैहयवंश के विनाश का संकल्प लिया और इस हेतु पूरी सामरिक राजनीति को अंजाम दिया।

क्षत्रियों के साथ युद्ध करने के बाद परशुराम ने समाज सुधार व कृषि के प्रकल्प अपने हाथ में लिए। उन्होंने केरल, कोंकण, मालाबार और कच्छ क्षेत्र में समुद्र में डूबी कषियोग्य भूमि को बाहर निकाला था। इस समय कश्यप ऋषि और इंद्र समुद्री पानी को बाहर निकालने की तकनीक में निपुण थे। अगस्त्य को समुद्र का पानी पी जाने वाले ऋषि और इंद्र को जल का देवता इसीलिए माना जाता है। परशुराम ने इस क्षेत्र में अपने परशु का उपयोग रचनात्मक कार्य के लिए किया। उपजाऊ कृषि भूमि तैयार की।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

### पर्याप्त सुविधाओं के अभाव से प्रभावित होती बालिका शिक्षा

हाल ही में आईसीएसई समेत विभिन्न राज्यों के दसवीं और बारहवीं के परिणाम घोषित हुए हैं, जिनमें बड़ी संख्या में छात्राओं ने उम्मीद से कहीं अधिक बढ़कर प्रदर्शन किया है। यह आंकड़े बताते हैं कि यदि अवसर और सुविधाएं प्रदान किये जाएं तो लड़कियां भी किसी भी परिणाम को अपने पक्ष में करने की भरपूर माद्दा रखती हैं। दरअसल आज़ादी के बाद हमारे देश में चाहे केंद्र की सरकार हो, या राज्य की सरकारें, सभी ने जिन बुनियादी सुविधाओं के विकास पर सबसे अधिक फोकस किया उसमें शिक्षा भी एक अहम विषय था। शहर से लेकर गांव और अमीर से लेकर गरीब तक के सभी बच्चों को समान रूप से शिक्षा प्राप्त हो इसके लिए कई स्तर पर योजनाएं तैयार की गई। बच्चों के लिए स्कूल तक पहुंच को आसान बनाने पर ज़ोर दिया गया। गरीब के बच्चों की शिक्षा में कोई बाधा न आये इसके लिए अनिवार्य और मुफ्त शिक्षा की व्यवस्था की गई। किताब-कॉपियां और स्कूल ड्रेस मुफ्त उपलब्ध कराये जाने लगे।

सरकार की इस पहल का बहुत सकारात्मक परिणाम भी नज़र आने लगा। आज़ादी के बाद 1951 की पहली जनगणना में जहां देश में साक्षरता की कुल दर महज़ 18.33 प्रतिशत थी वहीं 60 वर्षों बाद 2011 में यह बढ़कर 74 प्रतिशत से अधिक हो गई। लेकिन इस सुखद आंकड़ों के साथ सिक्के का एक दूसरा पहलू यह है कि अभी भी किशोरियों विशेषकर दूर दराज़ के ग्रामीण क्षेत्रों की किशोरियों के सामने शिक्षा प्राप्त करना एक बड़ी चुनौती है। अभी भी हमारे देश में कई ऐसे ग्रामीण क्षेत्र हैं जहां महिलाओं की साक्षरता दर बेहद कम है। जहां मुश्किल से लड़कियां 12वीं तक भी शिक्षा प्राप्त कर पाती हैं। ऐसा ही एक गांव राजस्थान के अलवर जिला स्थित शादीपुर है जहां आज भी महिलाओं में साक्षरता की दर दहाई के आंकड़े को भी पार नहीं कर सका है। इस गांव में बालिका शिक्षा के प्रति जहां समाज में उदासीनता है वहीं शिक्षा के क्षेत्र में सरकार की योजनाएं भी दम तोड़ती नज़र आती है। अलवर जिला से करीब 67 किमी और तिजारा तहसील से लगभग 20 किमी की दूरी पर आबाद इस गांव की जनसंख्या 300 के आसपास है। इसमें महिलाओं की जनसंख्या करीब 48 प्रतिशत है। स्कूल में कोई महिला शिक्षिका के नहीं होने से लड़कियों को अक्सर माहवारी के दौरान समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसीलिए माहवारी के दिनों में गांव की लड़कियां स्कूल जाना बंद कर देती हैं। जिससे वह धीरे-धीरे शिक्षा में पिछड़ती चली जाती हैं। 8वीं के बाद की शिक्षा के लिए दूसरे गांव जाने के प्रश्न पर एक अन्य महिला कहती हैं कि हमें अपनी लड़कियों की सुरक्षा की चिंता होती है। ज़माना ठीक नहीं है यदि किसी लड़की के साथ किसी प्रकार की छेड़छाड़ की घटना हो जाए तो न केवल उस लड़की की बल्कि उसके पूरे खानदान की इज्जत चली जाएगी। इसलिए कोई भी अभिभावक 8वीं के बाद इतनी दूर अपनी लड़की को स्कूल भेजने के लिए कभी तैयार नहीं होते हैं।

**आशा नारंग, अलवर राजस्थान**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश

## श्रीलंका में 17 सितम्बर से 16 अक्टूबर के बीच होंगे राष्ट्रपति चुनाव

**कोलंबो,** 9 मई (एजेंसियां)। श्रीलंका के चुनाव आयोग ने गुरुवार को घोषणा की कि वह 17 सितंबर से 16 अक्टूबर के बीच राष्ट्रपति चुनाव कराएगा। में डेली मिरर की रिपोर्ट के अनुसार चुनाव आयोग के चेयरमैन आर.एम.ए.एल. रत्नायके ने कहा कि वह संविधान के प्रावधानों के अनुसार निर्दिष्ट समय सीमा के भीतर राष्ट्रपति चुनाव कराएंगे। इस संबंध में जारी नोटिस में कहा गया है कि चुनाव आयोग 17 सितंबर से 6 अक्टूबर के बीच राष्ट्रपति चुनाव कराएगा। श्रीलंका में आखिरी बार राष्ट्रपति चुनाव नवंबर 2019 में हुआ था। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, कई दलों ने चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है।

# रिश्ते को आगे बढ़ाने के लिए एक समझ पर पहुंचना जरूरी : जयशंकर

**नई दिल्ली**, 9 मई (एजेंसियां)। भारत ने गुरुवार को मालदीव को याद दिलाया कि वह द्वीप राष्ट्र को विकास सहायता का एक प्रमुख प्रदाता रहा है और नई दिल्ली द्वारा वित्त पोषित कई परियोजनाओं से देश के हजारों लोगों के जीवन को लाभ हुआ है।

मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर पदभार संभालने के बाद भारत की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर हैं। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने जमीर के साथ अपनी बैठक के दौरान कहा कि भारत मालदीव के लिए विकास सहायता का एक प्रमुख प्रदाता रहा है। हमारी परियोजनाओं ने आपके देश के लोगों के जीवन को लाभान्वित किया है, जीवन की गुणवत्ता में सीधे योगदान दिया है। इनमें बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और सामाजिक पहल से लेकर चिकित्सा निकासी और स्वास्थ्य सुविधाएं शामिल हैं।

जयशंकर ने अपनी शुरुआती टिप्पणी में अतीत में भारत द्वारा मालदीव को 'अनुकूल शर्तों पर' वित्तीय सहायता प्रदान करने का उल्लेख किया और कई अवसरों पर नई दिल्ली के प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता होने का भी उल्लेख किया। विदेश मंत्री ने कहा कि हमारे सहयोग ने साझा गतिविधियों, उपकरण प्रावधान, क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण के माध्यम से आपके देश की सुरक्षा और भलाई को भी बढ़ाया है। यह हमारे सामान्य हित में है कि हम इस बात पर एक समझ पर पहुंचें कि अपने रिश्ते को कैसे आगे ले जाएं। जयशंकर ने कहा कि बैठक आपसी संबंधों पर चर्चा करने और भविष्य की दिशाएं तय करने का एक अवसर था। उन्होंने कहा कि निकट और निकटतम पड़ोसियों के रूप में हमारे संबंधों का विकास स्पष्ट रूप से आपसी हितों और पारस्परिक संवेदनशीलता पर आधारित है। जहां तक भारत का सवाल है, ये हमारी 'पड़ोसी पहले' नीति और 'सागर' दृष्टिकोण के संदर्भ में व्यक्त किए गए हैं।

पिछले साल मालदीव में राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के सत्ता में आने के बाद दोनों पड़ोसी देशों के बीच खटास के बावजूद भारत ने हाल ही में सद्भावना संकेत के रूप में चीनी, गेहूं, चावल, प्याज और अंडे सहित आवश्यक वस्तुओं के सीमित निर्यात की घोषणा की।



निकटतम पड़ोसियों के रूप में हमारे संबंधों का विकास स्पष्ट रूप से आपसी हितों व पारस्परिक संवेदनशीलता पर आधारित है : एस. जयशंकर

जयशंकर के साथ बैठक के बाद जमीर ने एक्स पर पोस्ट किया कि नई दिल्ली में भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से मिलकर खुशी हुई। हमने आपसी सम्मान और समझ द्वारा साझा की गई द्विपक्षीय साझेदारी के अपने लंबे इतिहास पर विचार किया। हमने मालदीव और भारत के बीच बढ़ते जुड़ाव और आदान-प्रदान पर दृष्टिकोण का आदान-प्रदान किया।

## रूस ने अमेरिका पर भारत के आंतरिक मामलों में दखलंदाजी का लगाया आरोप

**मास्को**। अमेरिका पर भारत के आंतरिक मामलों में दखलंदाजी का आरोप लगाते हुए रूस ने कहा है कि वाशिंगटन देश में धार्मिक स्वतंत्रता को खतरे के बारे में नियमित रूप से निराधार आरोप लगाकर लोकसभा चुनावों को उलझाने की कोशिश कर रहा है। अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी आयोग (यूएससीआईआरएफ) की हाल में जारी रिपोर्ट पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा कि वाशिंगटन न सिर्फ भारत, बल्कि कई दूसरे देशों पर भी निराधार आरोप लगाता है। जखारोवा ने बुधवार को मास्को में मीडियाकर्मियों को बताया कि अमेरिका द्वारा नई दिल्ली के खिलाफ नियमित रूप से धार्मिक स्वतंत्रता के उल्लंघन के आधारहीन आरोप यह दिखाते हैं कि अमेरिका भारत की राष्ट्रीय मानसिकता तथा भारतीय विकास के ऐतिहासिक संदर्भ को नहीं समझता है और एक राष्ट्र के रूप में भारत का अपमान करता है। हम देख रहे हैं कि वे न सिर्फ भारत पर, बल्कि कई अन्य देशों पर भी निराधार आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे यकीन है कि यह नवउपनिवेशवाद की मानसिकता है, औपनिवेशिक युग की, गुलामों के व्यापार के समय की और साम्राज्यवादी युग की मानसिकता है।



वाशिंगटन न सिर्फ भारत, बल्कि कई दूसरे देशों पर भी निराधार आरोप लगाता है : मारिया जखारोवा

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शुक्रवार 10 मई, 2024 बैशाख शुक्ल पक्ष 2

### राशिफल

मेष - आज अत्यधिक धन खर्च की संभावना है, इसलिए संभलकर खर्च करने की सलाह दी जाती है। किसी के साथ आर्थिक व्यवहार करते समय काफी सावधानी बरतें। सामान्य बातचीत वाद-विवाद में परिवर्तित न हो जाय, इसका ध्यान रखें।

वृषभ - आज का दिन आपके लिए शुभफलदायक होगा। आपकी रचनात्मक और कलात्मक शक्ति निखर उठेगी। मन दुविधा से मुक्त होने के कारण आप हिम्मत से काम कर सकेंगे और उत्तरदायित्वों का अच्छी तरह निर्वाह कर सकेंगे।

मिथुन - आज तन-मन की अस्वस्थता और बेचैनी रहेगी, इस कारण आपको वाणी और व्यवहार में खूब सावधानी बरतने की जरुरत है। आंखों में दर्द होने की भी संभावना है।

कर्क - आज आपका मन चिंता के भार से मुक्त होगा। दोस्तों के साथ मुलाकात होगी। स्त्री मित्रों से विशेष लाभ होगा। नियमित आय में वृद्धि होने के साथ अन्य तरीके से आर्थिक लाभ होगा। शादी के इच्छुक व्यक्तियों का लग्न योग आएगा।

सिंह - विलंब से ही सही, लेकिन कामों में सफलता मिलेगी। ऑफिस या घर में उत्तरदायित्व का बोझ बढ़ेगा। जीवन को अधिक गंभीरता से लेंगे। नए संबंध स्थापित करने या काम के संबंध में कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लें।

कन्या - शरीर में थकान, आलस और चिंता का अनुभव होगा। संतान के साथ मतभेद या मनमुटाव होगा। उनके स्वास्थ्य की चिंता सताएगी। ऑफिस में उच्च अधिकारियों के साथ आपका वाद-विवाद होगा।

तुला - स्वास्थ्य का ध्यान रखनें। कटु वचन या खराब व्यवहार के कारण झगड़े-विवाद होंगे। क्रोध और कामवृत्ति पर संयम आवश्यक होगा। हितशत्रु अधिक प्रवृत्त होंगे। आकस्मिक धनलाभ होगा।

वृश्चिक - नौकरी- धंधा और व्यवसाय के क्षेत्र में आज आपको लाभ ही लाभ है। इसके साथ मित्रों, सगे संबंधियों और बुजुर्गों से भी लाभ प्राप्ति का संकेत है। सामाजिक समारोह, पर्यटन आदि के लिए जा सकते हैं।

धनु - नौकरी करने वालों के लिए लाभ का दिन है। आर्थिक लाभ की संभावना है। घर में आनंद का वातावरण रहेगा। नौकर और सहकर्मी आपके सहायक बनेंगे। काम में सफलता और यश प्राप्ति होगी।

मकर - कला तथा साहित्य के क्षेत्र में रुचि रखने वाले व्यक्ति आज अपने कार्य क्षेत्र में विशेष योगदान दे सकेंगे। अपनी रचनात्मक और सृजनात्मक शक्तियों का परिचय करा सकेंगे। प्रेमी परस्पर घनिष्ठता का अनुभव करेंगे।

कुंभ - स्वभाव में भावुकता अधिक होने से मानसिक बेचैनी रहेगी। आर्थिक विषयों का आयोजन होगा। माता से अधिक प्रेम का अनुभव होगा। महिलाएं सौंदर्य प्रसाधन, वस्त्र या आभूषणों की खरीदी के पीछे खर्च होगा।

मीन - काम में सफलता पाने के लिए और महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए आज उत्तम दिन है। आपके विचारों में आज स्थिरता रहेगी, इससे कोई भी काम अच्छी तरह हल कर सकेंगे।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

## राफा में इजरायली सेना के जमीनी हमलों में 30 लोगों की मौत

**यरूशलम**, 9 मई (एजेंसियां)। इजरायली सेना गाजा के राफा पर जमीनी हमला जारी रखे हुए है। सोमवार रात से शुरू हुए हमले के बाद से लगभग 30 लोगों की मौत की खबर है।

बुधवार को जारी आईडीएफ के बयान के अनुसार, मरने वालों में 30 आतंकवादी थे। जबकि गाजा स्वास्थ्य अधिकारियों ने लगभग 35 लोगों की मौत की सूचना दी, जिनमें चार महीने का बच्चा भी शामिल था। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सेना ने बताया कि एक टैंक डिवीजन और एक बख्तरबंद ब्रिगेड पूर्वी राफा में जमीन पर काम कर रहे हैं, जबकि हमलावर ड्रोन हवाई हमले कर रहे हैं। सेना ने क्षेत्र में लगभग 100 लक्ष्यों पर हमला किया, जिनमें आतंकवादी बुनियादी ढांचे और संदिग्ध इमारतें शामिल थीं। यहां से हमास के लड़ाकों ने इजरायली सैनिकों पर गोलीबारी की थी।

इजरायल ने दक्षिणी शहर में बची चार हमास बटालियनों को खत्म करने के अपने लक्ष्य का हवाला देते हुए सोमवार और मंगलवार की रात राफा पर जमीनी हमला किया।

# पाकिस्तान में आतंकी हमले में सात लोगों की मौत

**इस्लामाबाद,** 9 मई (एजेंसियां)। दक्षिण-पश्चिमी पाकिस्तान में आतंकियों ने कम से कम सात लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि एक महीने के भीतर इसी क्षेत्र में जातीय आतंकवाद की यह दूसरी घटना है। यह हमला अशांत तटीय शहर ग्वादर में हुआ है जहां चीन एक गहरे समुद्र के बंदरगाह का निर्माण कर रहा है, जिसका पश्चिमी देशों और स्थानीय लोगों ने समान रूप से विरोध किया है। स्थानीय पुलिस प्रमुख मोहसिन अली ने कहा, मृतक पंजाब के मध्य प्रांत से हैं और शहर में सैलून चला रहे थे। उन्हें उस समय गोली मारी गई जब वे सो रहे थे।

लगभग तीन सप्ताह में आतंकवाद प्रभावित बलूचिस्तान प्रांत में पंजाब के लोगों को निशाना बनाने की यह दूसरी



घटना है। पिछले महीने आतंकवादियों ने नौ बस यात्रियों को पहले नीचे उतारा और फिर गोली मारकर उनकी हत्या कर दी थी। राष्ट्रवादी आतंकवादी समूह बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने पिछले हमले की जिम्मेदारी लेते हुए कहा था कि जासूसी एजेंसियों के एजेंटों को निशाना बनाया गया था।

## अफगान सीमा पर लड़कियों के स्कूल पर बमबारी के बाद पाकिस्तान में डर व गुस्सा

**इस्लामाबाद**। संदिग्ध उग्रवादियों ने उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में लड़कियों के एक स्कूल को विस्फोट से उड़ा दिया। इससे लड़कियों की सुरक्षा को लेकर आशंकाएं पैदा हो गई हैं। लोगों में डर व आक्रोश भी व्याप्त है। स्थानीय पुलिस अधिकारी अमजद सुहैल ने बताया कि अफगान सीमा के पास उत्तरी वजीरिस्तान शहर में बुधवार रात बम विस्फोट होने से एक निजी स्कूल आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि इसमें कोई जनहानि नहीं हुई। उत्तरी वजीरिस्तान का पहाड़ी शहर लंबे समय से अल-कायदा और उससे संबद्ध अफगान तालिबान के हक्कानी नेटवर्क से जुड़े इस्लामी आतंकवादियों के मुख्यालय के रूप में काम करता रहा है।

## इजराइली पुलिस ने नाजरेथ में अल जजीरा के कार्यालयों पर मारा छापा

**तेल अवीव,** 9 मई (एजेंसियां)। इजराइली पुलिस ने अल जज़ीरा के कार्यालयों पर छापा मारा है। पुलिस ने अरबी भाषा के टीवी चैनल से संबंधित उपकरण जब्त कर लिए हैं। यह छापेमारी इजराइली सरकार द्वारा अल जज़ीरा पर लगाई पाबंदी के बाद हुई है। इजराइल ने अल जजीरा के संचालन पर प्रतिबंध लगा दिया है। इजराइल के संचार मंत्री ने रविवार को चैनल को बंद करने के आदेश पर हस्ताक्षर किए, और उसी दिन पूर्वी यरुशलम में राजदूत होटल में अल जज़ीरा के कार्यालय पर छापा मारा गया। इजराइल ने चैनल पर गाजा युद्ध में पक्षपातपूर्ण रिपोर्टिंग का आरोप लगाया है। इजराइल के प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक महीने से अधिक समय पहले ही इजराइल में संचालित टीवी नेटवर्क की सुविधाओं को बंद करने के अपने इरादे की घोषणा की थी। इजराइल की संसद ने एक कानून बनाया है। इसमें सरकार को विदेशी चैनलों को बंद करने और उन पर प्रतिबंध लगाने का अधिकार दिया गया है।



# इजराइल ने की अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की आलोचना

**तेल अवीव/बेरूत**, 9 मई (एजेंसियां)। इजराइल ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की गाजा पट्टी के दक्षिण में राफा में इजराइली सेना के आगे बढ़ने की स्थिति में हथियारों की सप्लाई रोकने की धमकी की आलोचना की है।

धुर दक्षिणपंथी इजराइली पुलिस मंत्री इतामार बेन-गविर ने गुरुवार को एक्स पर लिखा कि हमास बाइडेन से प्यार करता है। अपने संदेश को स्पष्ट करने के लिए उन्होंने 'हमास' और 'बाइडेन' के बीच एक दिल का इमोजी लगाया। इजराइल के विपक्षी नेताओं ने इस तरह के बयानों से इजराइल को खतरे में डालने के लिए बेन-गविर की आलोचना की।

इसके पहले सीएनएन के साथ एक साक्षात्कार में बाइडेन ने कहा था कि गाजा पट्टी के दक्षिण में राफा पर इजराइल के पूर्ण पैमाने पर आक्रमण की स्थिति में हथियारों की आपूर्ति नहीं करेगा। राफा में इजराइल की कार्रवाई के कारण अमेरिकी सरकार ने पहले ही गोला-बारूद की डिलीवरी रोक दी है।



■ इतामार बेन-गविर ने 'हमास' और 'बाइडेन' के बीच एक दिल का इमोजी लगाया

अमेरिकी मीडिया ने बताया कि 3,500 बमों की डिलीवरी रोकी गई है। इनमें 2,000 पाउंड के बम भी शामिल हैं।

अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने बुधवार को कांग्रेस को स्पष्ट किया कि वाशिंगटन को उम्मीद है कि इजराइल गाजा में नागरिकों को नुकसान नहीं पहुंचाएगा। सूत्रों ने एक्सियोस समाचार पोर्टल को बताया कि वरिष्ठ इजराइली अधिकारियों ने हथियारों की रोकी गई डिलीवरी पर गहरी निराशा जताई है।

## आज का इतिहास

1503 - इटली के खोजकर्ता और नाविक कोलंबस ने कायमान द्वीप की खोज की।
1526 -पानीपत की पहली लड़ाई में जीत के बाद बाबर ने तत्कालीन भारत की राजधानी अकबराबाद (आगरा) में प्रवेश किया।
1534 - फ्रांसीसी नाविक जैक्स कॉर्टियर न्यूफाउण्डलैंड पहुँचा।
1655 - ब्रिटिश सेना ने जमैका पर कब्जा किया।
1774 - लुई 15वें की मौत के बाद लुई 16वां फ्रांस का राजा बना।
1796 - नेपोलियन ने लोदी ब्रिज के युद्ध में ऑस्ट्रिया को हराया।
1824 - लंदन की नेशनल गैलरी को आम लोगों के लिए खोला गया।
1857 - भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम इसी दिन आरंभ हुआ था।
1857 - दिल्ली से करीब 60 किलोमीटर दूर मेरठ में अंग्रेजों के खिलाफ पहली लड़ाई में ब्रिटिश सेना में काम करने वाले भारत माता के वीरों ने 50 अंग्रेज सिपाहियों को मार डाला था।
1916 - नीदरलैंड की राजधानी एम्स्टरडम में ऐतिहासिक शिप पोर्ट संग्रहालय खोला गया।
1940 - जर्मनी ने बेल्जियम, नीदरलैंड और लक्जमबर्ग पर आक्रमण किया।
1945 -रूसी सेना ने चेक गणराज्य की राजधानी प्राग पर कब्जा किया।
1972 - अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
1980 - लंदन में ईरानी दूतावास पर कब्जा खत्म हुआ।
1981 - पहली बार बॉम्बे (वर्तमान में मुंबई) रात में क्रिकेट मैच खेला गया।
1993 - संतोष यादव दुनिया के सबसे ऊँचे पर्वत शिखर एवरेस्ट पर दो बार पहुंचने वाली विश्व की पहली महिला पर्वतारोही बनी।
1994 - दक्षिण अफ्रीका में नेल्सन मंडेला द्वारा प्रिटोरिया में एक ऐतिहासिक समारोह में राष्टपति पद की शपथ ग्रहण की गयी।
1995 - दक्षिण अफ्रीका की सोने की एक खान में लिफ्ट पर ट्रेन गिरने से 104 मजदूरों की मौत।

संगोष्ठी — *अरमाने ने डीआरडीओ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी व उद्योग बैठक का किया उद्घाटन,बोले*

# भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए हर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता जरूरी

**नई दिल्ली, 9 मई (एजेंसियां)। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने बेरोजगारी जैसी भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए हर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने की आवश्यकता पर बल दिया है। अरमाने ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा को 'बुनियादी ढांचे के विकास में उभरती प्रौद्योगिकियों' विषय पर वृहस्पतिवार को यहां आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं उद्योग बैठक का उद्घाटन किया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में सशस्त्र बल, शिक्षाविद, उद्योग जगत की भी भागीदारी होगी।**

संगोष्ठी का उद्देश्य संवाद को बढ़ावा देना, ज्ञान का आदान-प्रदान करना और 'आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण के अनुरूप उभरती प्रौद्योगिकियों से चुनौतियों का समाधान तलाशना है।

रक्षा सचिव ने भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए हर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत युवा आबादी वाला देश है और आत्मनिर्भरता ही रोजगार सुनिश्चित करेगी। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के महत्व का उल्लेख करते हुए अरमाने ने कहा कि भू-राजनीति की मौजूदा प्रवृति को देखते हुए भारत अपनी सुरक्षा तथा राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए अन्य देशों पर निर्भर नहीं रह सकता है। उन्होंने कहा कि देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने में आत्मनिर्भरता की मुख्य भूमिका है।



भारत युवा आबादी वाला देश है और आत्मनिर्भरता ही रोजगार सुनिश्चित करेगी : गिरिधर अरमाने

सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास पर प्रकाश डालते हुए, रक्षा सचिव ने इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनियों से तंत्र को और मजबूत बनाने में योगदान देने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों के कर्मियों को आधुनिक हथियार और उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं,। निजी क्षेत्र को भी सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में योगदान देना चाहिए। उन्होंने वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम का उल्लेख किया जिसका उद्देश्य लोगों को सीमावर्ती क्षेत्रों में अपने मूल स्थानों पर रहने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कंपनियों से आग्रह किया कि वे अपने संबंधित संगठनों के भीतर एक अलग अनुभाग स्थापित करें जो दूर-दराज के क्षेत्रों में विकास पर ध्यान दे।

अरमाने ने कहा कि डीआरडीओ अनुसंधान एवं विकास में निजी क्षेत्र को बढावा दे रहा है, और आने वाले समय में ये दोनों मिलकर बेहतर और तेज निर्माण के लिए नवाचार के क्षेत्र में काम कर सकते हैं। उन्होंने उद्योग जगत से सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने और समयबद्ध तरीके से गुणवत्ता वाले उत्पादों के उत्पादन पर अधिक ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया।

## सुडोकू 6550


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | 9 | | 4 | | | |
| | 8 | | | | 1 | | | 6 |
| 5 | | | | | | | | 3 |
| | | 3 | 1 | | | 7 | | |
| | 9 | | 8 | | 7 | | 3 | |
| | | 1 | | | 6 | 4 | | |
| 3 | | | | | | | | 9 |
| 1 | | | 2 | | | | 8 | |
| | | | 5 | | 9 | | | 2 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6550



**बायें से दायें:-**

१. आंख की पुतली
३. विधान-सभा का सदस्य
५. प्रबंध, इंतजाम
६. असुर, दैत्य
७. पिता का पिता
९. प्रेम, प्यार, इच्छा
१०. मदिरा बनाने या इसका व्यवसाय (उर्दू)
१२. रिश्ता, नाता, लगाव
१३. सारा, संपूर्ण
१४. बांटना, बांटने की क्रिया
१६. समाधान
१८. श्रीमान, महोदय (उर्दू)
२०. राहगीर
२१. इच्छा, कामना, अभिलाषा (उर्दू)
२३. दिखाई देना (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. कर देने वाला
२. बेसहारा, निराश्रित
३. जिसे उसके स्थान से हटा दिया गया हो
४. अनाथ (उर्दू)
५. दुश्चरित्र, कुमार्गगामी
८. बलराम
१०. जिस पर आक्रमण किया गया हो, जिस पर कब्जा किया गया हो,कष्टग्रस्त
११. वजह
१२. ग्रहण करना, एकत्र करना
१३. बुजुर्ग, बुद्धिमान
१४. चिढ़ाना, नकल उतारना, उपहास का विषय
१५. नीरस
१७. फौज, सेना (उर्दू)
१८. टूटा-फूटा
१९. प्रवाहित होना
२२. गीला, नम

### वर्ग पहेली-6549

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ बे | ला | २ प | त्र | ३ क | | ४ क | ष्ट | ५ प्र | द |
| ध | | र | | ६ टु | क | ड़ा | | त्य | |
| ७ शा | स | क | | व | | ८ प | री | क्ष | ९ क |
| ला | | ट | | १० च | ल | न | | | न्नी |
| | ११ स | ना | १२ त | न | | | १३ त | ड़ | का |
| | जी | | रू | | १४ प्र | व | स | | ट |
| १५ अ | व | १६ गु | ण | | ति | | १७ ब | १८ स | ना |
| नि | | रू | | १९ स | मा | ज | | फ | |
| २१ वा | रि | ज | | वे | | २२ न | क | ल | २३ ची |
| र्य | | २४ न | का | रा | त्म | क | | | ख |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### टीबी से होने वाली बीमारियों को रोक सकता है समय पर लिया गया उपचार : शोध

**नई दिल्ली,** 9 मई (एजेंसियां)। एक शोध में यह बात सामने आई है कि अगर किसी व्यक्ति के त्वचा या रक्त परीक्षण में तपेदिक (टीबी) संक्रमण की पुष्टि होती है तो उसे आयु की परवाह किए बिना तुरंत उपचार लेना चाहिए।

तपेदिक (टीबी) के लिए निवारक उपचार गुप्त टीबी संक्रमण को बाद में घातक बीमारियों में विकसित होने से रोक सकता है। अमेरिका में बोस्टन विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने पाया कि 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को छोड़कर टीबी उपचार उन अधिकांश व्यक्तियों में प्रभावी नहीं था, जिनमें संक्रमण के लक्षण नहीं दिखे थे। 439,644 प्रतिभागियों में से टीम ने पाया कि टीबी से पीड़ित 2,496 व्यक्तियों में निवारक टीबी उपचार 49 प्रतिशत प्रभावी था। खासतौर पर उन व्यक्तियों पर इसका ज्यादा असर पड़ा जिनकी त्वचा या रक्त परीक्षण में तपेदिक (टीबी) संक्रमण की पुष्टि हुई है। विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ में वैश्विक स्वास्थ्य के प्रोफेसर डॉ. सी. रॉबर्ट होर्सबर्ग ने कहा कि हालांकि समुदाय में टीबी वाले लोगों को ढूंढना और उनका इलाज करना महत्वपूर्ण है।

# प्रादेशिकी

## लोकसभा चुनाव में 200 का आंकड़ा भी नहीं छू पाएगी भाजपा : ठाकुर


**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने गुरुवार को कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए अब तक हुए तीन चरणों के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की लहर कहीं नहीं दिखाई दे रही है। श्री ठाकुर ने कहा कि इस बार भाजपा 200 का आंकड़ा भी नहीं छू पाएगी। श्री ठाकुर ने कहा कि भाजपा जुमलों की सरकार है जो बड़े- बड़े वायदे करती है, लेकिन जमीन पर ध्रुवीकरण की राजनीति कर सत्ता हथियाना चाहते हैं। इस बाद देश मे बड़ा बदलाव होने वाला है जहां भाजपा 2004 की तरह इंडिया शाइनिंग की तरह धराशाही होने वाली है। उन्होंने कहा कि 4 जून को भाजपा को बड़ा सदमा बड़ी हार के साथ लगने वाला है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि भाजपा 2014 में किए गए वायदों की बात दस साल तक सत्ता में रहने के बाद भी नहीं करती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लेकर भाजपा के शीर्ष नेता सिर्फ ध्रुवीकरण की बात करते हैं। भाजपा न तो आज बेरोजगारी, महंगाई और किसानों- बागवानों की बात करते हैं न महिलाओं की सुरक्षा की बात।

# जेल की सलाखों के पीछे जाएंगे बिके हुए विधायक : मुख्यमंत्री सुक्खू

### धर्मशाला का विधायक 14 महीने में ही राजनीतिक मंडी में बिका

**धर्मशाला,** 9 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के बिके हुए विधायक सलाखों के पीछे जाएंगे। जांच

■ जांच पूरी होने के बाद बड़े खुलासे होंगे, कोई भू माफिया, नशा माफिया तो कोई खनन माफिया बन गया



चल रही है, उसके पूरा होने के बाद बड़े खुलासे होंगे। इनमें से कोई भू माफिया, नशा माफिया तो कोई खनन माफिया बन गया है। धर्मशाला के विधायक ने भी 14 महीने में खुद को राजनीतिक मंडी में बेच दिया। मुख्यमंत्री ने ये बातें लोकसभा उम्मीदवार आनंद शर्मा के नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद जोरावर स्टेडियम में कहीं।

ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के अब तक के इतिहास में हमारी सरकार ने एक साल में 2200 करोड़ रुपये का सर्वाधिक अतिरिक्त राजस्व अर्जित किया है। प्रदेश की जनता भ्रष्टाचार के चोर दरवाजों को बंद करने में हमारा साथ दे, हर वर्ग के लिए सरकार की पोटली पहले से अधिक खुलेगी। हमारा पूरा मंत्रिमंडल प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने में लगा हुआ है। जयराम ठाकुर मुख्यमंत्री रहते 5 साल सोए रहे, इसलिए प्रदेश का खजाना लुटा। भाजपा नेताओं ने प्रदेश के खजाने को भारी नुकसान पहुंचाया है, आने वाले समय मे इसका खुलासा भी किया जाएगा। कांग्रेस सरकार 15 महीने के कार्यकाल के आधार पर जनता की अदालत में राजनीतिक चुनौती का सामना कर रही है। नोट के दम पर वोट खरीदने वालों को सबक सिखाना जनता के हाथ में ही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली जून को कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से आनंद शर्मा को सांसद चुनकर भेजिए, उनकी आवाज राष्ट्रीय स्तर पर सुनी जाएगी। उनके मन में आम आदमी के लिए पीड़ा है, वह आम परिवार से इस मुकाम तक पहुंचे हैं। आनंद किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं, उनके मन में हिमाचल बसता है। उन्होंने कांगड़ा के साथ ही पूरे हिमाचल में अपनी राज्यसभा की सांसद निधि दी है। पूर्व मनमोहन सरकार में आनंद शर्मा की तूती बोलती।थी। वह मंडी में आईआईटी, कांगड़ा जिले में सेंट्रल यूनिवर्सिटी, एनआईएफटी, कंदरोड़ी में 150 करोड़ रुपये का इंडस्ट्रियल पार्क, पालमपुर में टी बोर्ड का क्षेत्रीय कार्यालय इत्यादि बड़ी सौगातें प्रदेश के लिए लाए हैं। ठाकुर सुखविंदर सिंह ने कहा कि आनंद शर्मा पार्टी हाईकमान के कहने पर चुनाव मैदान में उतरे हैं।

### फ्लॉप होगी जयराम की 'कंगना मंडी के अंगना' फिल्म

**मंडी।** मंडी से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य के नामांकन कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज मंडी लोकसभा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह के नामांकन कार्यक्रम में भाग लेते हुए मंडी में एक विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए भाजपा और बागियों पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विक्रमादित्य सिंह राजनीति के युवा हीरो हैं और आज वह राजनीति में नहीं होते, तो बॉलीवुड के टॉप के हीरो होते। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पिछले वर्ष आई आपदा में विक्रमादित्य सिंह ने लोक निर्माण मंत्री के रूप में बेहतर काम किया और प्रभावितों के दुख दर्द में साथ रहे। उन्होंने कहा कि कंगना रणौत ने फिल्म इंडस्ट्री में बहुत नाम कमाया है, लेकिन जयराम ठाकुर उन्हें जबरदस्ती राजनीति में ले आए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राज्य प्रभारी राजीव शुक्ला की रणनीति के घबराकर जयराम ठाकुर ने चुनाव से किनारा कर लिया और अपनी जगह कंगना को मैदान में उतार दिया। उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर ने कंगना से सिर्फ एक महीने के लिए शूटिंग की डेट माँगी है। फिल्म का नाम है 'कंगना मंडी के अंगना' लेकिन अगर डायरेक्टर फ्लॉप हो तो फिल्म का फ्लॉप होना तय है। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी 2022 में जयराम ठाकुर ने फिल्म बनाई, जिसका नाम रखा 'रिवाज बदलेंगे' लेकिन जनता ने उन्हें ही बदल दिया। फिर 27 फरवरी 2024 को 'ऑपरेशन लोट्स' फिल्म बनाई, लेकिन वह फिल्म भी पिट गई। इसलिए इस बार भी फ्लॉप डायरेक्टर की फिल्म फ्लॉप होना तय है। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि 27 फरवरी को जयराम ठाकुर ने नया कोट भी सिलवा लिया था, जो अब दर्जी के पास पड़ा होगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा में जयराम ठाकुर ने कहा कि इस सरकार को भगवान भी नहीं बचा सकता है। लेकिन भगवान ने इस सरकार को बचाया है और बिके हुए छह विधायकों को अब दोबारा चुनाव लड़ना पड़ रहा है।

# 24 घण्टों में उत्तराखण्ड में वनाग्नि की कोई भी नई घटना नही : मुख्य सचिव

**देहरादून,** 9 मई (देशबन्धु)। मुख्य सचिव राधा रतूडी ने कहा कि पिछले 24 घंटे में उत्तराखण्ड में वनाग्नि की कोई भी नई घटना नहीं हुई है। गृह सचिव, भारत सरकार की अध्यक्षता में राज्य में वनाग्नि की घटनाओं की समीक्षा बैठक में प्रतिभाग करते हुए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने जानकारी दी कि पिछले 24 घण्टों में उत्तराखण्ड में वनाग्नि की कोई भी नई घटना नही हुई है। वनाग्नि की घटनाओं में पिछले दो दिनों से लगातार कमी आ रही है। उत्तराखण्ड में वनाग्नि से 0.1 प्रतिशत वन प्रभावित हुए है तथा इस सम्बन्ध में गलत आंकड़ों का दुष्प्रचार करने वालों के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। सीएस राधा रतूड़ी ने जानकारी दी कि शासन-प्रशासन द्वारा अपनी पूरी ताकत वनाग्नि नियंत्रण में झोंक दी गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा वनाग्नि नियंत्रण के सम्बन्ध में निरन्तर समीक्षा व मॉनिटरिंग बैठक की जा रही हैं। मुख्य सचिव द्वारा भी लगातार मॉनिटरिंग बैठकों के साथ स्थिति पर सीधी निगरानी रखी जा रही है। पीसीसीएफ (हॉफ) द्वारा वन विभाग के फील्ड स्टाफ के साथ वनाग्नि मॉनिटरिंग हेतु लगातार बैठकें कर सभी डिवीजनों की जरूरतों के सम्बन्ध में जानकारी ली जा रही है। मुख्यालय स्तर के वरिष्ठतम अधिकारियों को जिलों में फील्ड में उतारा गया गया है। पीसीसीएफ (हॉफ) तथा एपीसीसीएफ वनाग्नि व आपदा प्रबन्धन द्वारा फील्ड ऑपरेशन का स्थलीय निरीक्षण किया जा रहा है। रिस्पॉन्स टाइम को कम करने में सफलता मिलने पर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने बताया की एफएसआई से प्राप्त फायर एलर्ट को तत्काल सम्बन्धित वाट्सअप ग्रुप्स में डाल कर क्रू टीम को उसी समय घटनास्थल पर भेजा जा रहा है।



उत्तराखण्ड में वनाग्नि से 0.1 प्रतिशत वन प्रभावित हुए

एफएसआई से भारी संख्या में मिले फायर एलर्ट की विशेष मॉनिटरिंग करके वनाग्नि को कम से कम समय में नियंत्रित करने में सफलता मिली है। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने बताया कि राज्य में सक्रिय वन पंचायतों, वनाग्नि प्रबन्धन समितियों, महिला मंगल दलों, युवा मंगल दलों को जागरूक करके तथा उत्तरदायी बना कर गांवों के नजदीक के जंगल के इलाकों में वनाग्नि नियंत्रण में सफलता मिली है। वनाग्नि नियंत्रण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामुदायिक संस्थाओं व फील्ड अधिकारियों को प्रोत्साहन, पुरस्कार व तत्काल बजट आंवटन से वनाग्नि नियंत्रण के प्रयासों को एक नई गति मिली।

**सार संक्षेप**

## कांग्रेस की हरियाणा में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग

**चंडीगढ़।** हरियाणा में कांग्रेस ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की सरकार के अल्पमत में आने का दावा करते हुए राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय को पत्र लिखकर उनसे मिलने का समय मांगा है और राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करने तथा विधानसभा चुनाव जल्द कराने की मांग की है। कांग्रेस का कहना है कि हरियाणा में भाजपा सरकार बहुमत खो चुकी है और वहां अल्पमत की असंवैधानिक सरकार चल रही है। ऐसे में राज्यपाल को कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल को मिलने का समय देना चाहिए और कांग्रेस अपने सभी विधायकों की राजभवन में परेड करवाने के लिये तैयार है। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं विपक्ष के नेता भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) के राज्यपाल को लिखे गये पत्र के संबंध में पूछे गये सवाल के जवाब में गुरुवार को कहा कि कांग्रेस ने राज्यपाल को पत्र लिखकर मिलने का समय मांगा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने सभी 30 विधायकों को राज्यपाल के समक्ष ले जाने के लिए तैयार है। इसी तरह जेजेपी को भी अपने सभी 10 विधायकों की परेड राज्यपाल के सामने करवानी चाहिये। अगर ऐसा होता है तो कांग्रेस के 30, कांग्रेस को समर्थन देने वाले तीन निर्दलीय विधायक, जेजेपी के 10 विधायकों, इनेलो के अभय चौटाला और एक अन्य निर्दलीय बलराज कुंडू को मिलाकर कुल 45 विधायक होते हैं, जो आज की तारीख में राज्य की भाजपा सरकार को समर्थन नहीं दे रहे।

## बायोमेडिकल वेस्ट के निस्तारण में लापरवाही का आरोप लगाया

लखनऊ । उत्तर प्रदेश मेडिकल सप्लाइज कॉरपोरेशन लिमिटेड , लखनऊ , उत्तर प्रदेश को चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के लिए आवश्यक उपकरण व दवाइयों की आपूर्ति तथा अन्य सेवाओं की उपलब्धता उचित दरों पर कराना सुनिश्चित करने का दायित्व दिया गया था जिससे जन धन का सदुपयोग करते हुए आम जनमानस को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य में उपलब्ध सेवाएं सुलभता से उचित दरों पर प्राप्त हो सकें। परंतु विभाग में नियुक्त उज्जवल कुमार, जनरल मैनेजर इक्विपमेंट एवं प्रबंध निदेशक के द्वारा प्राइवेट कंपनियों के साथ मिलकर बहुत ऊंची दरों पर चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग से जुड़े समान एवं सर्विसेज के टेंडर अवार्ड करवाया जाता है जिससे उत्तर प्रदेश सरकार को करोड़ों का नुकसान होता है इस विभाग में इस प्रकार से भ्रष्टाचार काफी वर्षों से चल रहा है। यह भी संज्ञान में आया है कि इस विभाग ने अस्पतालों से निकलने वाले संक्रमित बायोमेडिकल वेस्ट के निस्तारण हेतु टेंडर में उन प्राइवेट कंपनियां को भी टेक्निकल क्वालीफाई किया गया है जिनके पास उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण विभाग से वैध जल एवं वायु सहमति नहीं है।

## सुडोकू 6550 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 4 | 8 | 1 | 7 |
| 9 | 8 | 4 | 7 | 3 | 1 | 2 | 5 | 6 |
| 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 4 | 3 |
| 6 | 2 | 3 | 1 | 4 | 5 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 9 | 5 | 8 | 2 | 7 | 6 | 3 | 1 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 9 | 6 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 | 9 |
| 1 | 6 | 9 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 7 | 4 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 2 |

# कारगिल में शहीद हुए कैप्टन के पिता से ठगी करने वाले गिरफ्तार

**देहरादून,** 9 मई (देशबन्धु)। कारगिल युद्ध में शहीद हुए गुमानीवाला के कैप्टन के पिता से 44.45 लाख रुपये की साइबर ठगी करने वाले पांच साइबर ठगों को एसटीएफ ने दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि कुछ दिन

■ साइबर ठगों को एसटीएफ ने दिल्ली से किया गिरफ्तार

पूर्व गुमानीवाला निवासी एक वरिष्ठ नागरिक ने साइबर थाने में शिकायत दर्ज करवाते हुए बताया था कि उनका बेटा जोकि आर्मी में कैप्टन था, कारगिल लड़ाई में शहीद हो गया था। मरणोपरांत उन्हें कीर्ति चक्र से सम्मानित किया गया था। बताया था कि फरवरी 2024 में अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर खुद को सैनिक कल्याण बोर्ड का अधिकारी व मुख्य सतर्कता अधिकारी (रक्षा मंत्रालय) कार्यालय भारत सरकार से बताकर कहा कि आपके बेटे के कीर्ति चक्र की ग्रांट के साथ-साथ आपको अतिरिक्त धनराशि प्रदान की जानी थी, लेकिन आपकी तरफ से फॉर्म जमा नहीं किया गया जिस कारण ग्रांट निरस्त हो गई है। इसके बाद ठगों ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों से बात करने को कहा और विभिन्न तिथियों में एनओसी व अन्य फाइल प्रोसेस चार्ज के नाम पर उनसे 22.4.2024



तक 44 लाख 46 हजार रुपये की ठगी कर दी। जांच के बाद एसटीएफ ने आरोपित कपिल अरोड़ा निवासी रशीद मार्केट गली नंबर 7 जगतपुरी भगत सिंह रोड दिल्ली, राहुल कुमार निवासी न्यू स्टेट बैंक कॉलोनी नियर शिव मंदिर धामपुर बिजनौर, रवि सैनी निवासी प्रताप विहार गाजियाबाद, राजेश कुमार यादव निवासी ग्राम गोरखबुर थाना रसड़ा जिला बलिया बिहार और अनुराग शुक्ला निवासी रामपुरम श्याम नगर निकट सरयू प्रसाद स्कूल जिला कानपुर यूपी को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से 18 मोबाइल फोन, 42 सिम कार्ड, 42 डेबिट कार्ड, फर्जी पहचान पत्र और एक लाख सात हजार रुपये कैश बरामद किए हैं।

# कबाड़ी की दुकान में बम फटने से 8 घायल

■ घायलों को उपचार के लिए चिकित्सालय में किया गया भर्ती

**देहरादून,** 9 मई (देशबन्धु)। राजधानी देहरादून के किद्दूवाला रायपुर क्षेत्र में कबाड़ी की दुकान पर बम फटने से 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची भारी पुलिस बल, फायर सर्विस व एम्बयुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए चिकित्सायल पहुंचाया। जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है अभी घायलों की शिनाख्त नहीं हो पाई है पुलिस में मौके पर सुरक्षा के कड़े इतंजार किया हुए है। लोगों को घटना स्थल से दूर ही रखा गया है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि समय करीब 14:07 बजे थाना रायपुर को 108 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि किद्दूवाला लेन नम्बर-3, में एक कबाड़ी की दुकान में धमाका हुआ है, जिसमें दुकान में मौजूद कुछ व्यक्ति घायल हो गये है। सूचना पर तत्काल थाना रायपुर से पुलिस बल, दमकल के वाहन तथा बीडीएस की टीम मौके पर पहुंची तथा मौके पर घायल व्यक्तियो को उपचार के लिए कोरोनेशन तथा दून अस्पताल भिजवाया गया। घटना के सम्बंध में जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि दुकान के मालिक रमेश कुमार खडका पुत्र धर्म सिंह खडका, निवासी लोउर नेहरूग्राम, थाना रायपुर है, जिन्होनें एक माह पूर्व ही यह दुकान को शुभम पुत्र दीपक को किराये पर दिया था, जो कि वहां कबाडी का कार्य कर रहा था। दुर्घटना के कारणो की जांच की जा रही है। घटना के सम्बंध में थाना रायपुर पर सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया जा रहा है।



### बम धमाके में घायलों के नाम

1- अनुज पुत्र जितेन्द्र, निवासी सपेरा बस्ती, थाना रायपुर, देहरादून, उम्र-19 वर्ष (गंभीर घायल)
2- अभि पुत्र जॉनी, निवासी रायपुर स्टेडियम के पास, थाना रायपुर, देहरादून, उम्र-20 वर्ष
3- बबलू पुत्र ओमप्रकाश, निवासी रायपुर स्टेडियम के पास, थाना रायपुर, देहरादून, उम्र-25 वर्ष
4- शिवम पुत्र बबलू, निवासी सपेरा बस्ती, थाना रायपुर, देहरादून, उम्र-20 वर्ष
5- समीर पुत्र टैटू, निवासी रायपुर स्टेडियम के पास, थाना रायपुर, देहरादून
6- योगी उर्फ योगेश पुत्र दीपक, निवासी ईश्वर विहार, तपोवन रोड, थाना रायपुर, देहरादून, उम्र-27 वर्ष
7- बुद्व कुमार पुत्र राधेश्याम, निवासी सपेरा बस्ती, थाना रायपुर देहरादून,
8- रोहित पुत्र राजू, निवासी कॉवली रोड, देहरादून, उम्र- 30

# पैसों के लिए दोस्त ने दोस्त को उतारा मौत के घाट

### सेलाकुई पुलिस ने किया ब्लाइंड मर्डर खुलासा

**देहरादून,** 9 मई (देशबन्धु)। सेलाकुई पुलिस ने एक ब्लाइंड मर्डर केस का खुलासा करते हुए हत्यारे को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी मृतक का दोस्त निकला। मामूली विवाद पर आरोपी ने मृतक के सिर पर ईंट से वारकर हत्या कर दी थी और शव को सेलाकुई क्षेत्र में एक खंडहर के अंदर छिपा दिया था।

पुलिस के मुताबिक, 4 मई को सूचना मिली कि सेलाकुई क्षेत्र के अंतर्गत खंडहर के

■ पुलिस ने आरोपी को धूलकोट के जंगल से किया गिरफ्तार

अंदर एक व्यक्ति अचेत अवस्था में पड़ा हुआ है। सूचना पर पुलिस बल मौके पर पहुंचा और व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक की शिनाख्त कामिल (पुत्र सलीम निवासी सिंहनी वाला सहसपुर) के रूप में की। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में सामने आया कि युवक के सिर पर वार किया गया था, जिससे उसकी मौत हुई। इसके बाद मृतक के पिता ने



अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने बताया कि मृतक कामिल के परिजनों से पूछताछ में पता चला कि कामिल ई-रिक्शा चलाता था। घटना के दिन भी ई-रिक्शा लेकर काम पर गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून अजय सिंह द्वारा तत्काल घटना की जांच और हत्यारे की गिरफ्तारी के लिए दिशा निर्देश दिए गए। जांच करते हुए पुलिस ने घटना स्थल और उसके आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। जांच में पुलिस को मृतक कामिल अपने ई-रिक्शा से अपने एक साथी इरशाद उर्फ मोनू के साथ जाता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने इरशाद की तलाश की तो पता चला कि घटना के बाद से मोनू घर से फरार है। पुलिस ने इरशाद की तलाश के लिए कई जगह दबिश दी। इसी दौरान पुलिस ने 9 मई को आरोपी इरशाद को धूलकोट के जंगल के पास से गिरफ्तार किया।

हत्या के बाद खंडहर में छिया था शव

पूछताछ में मोनू ने बताया कि 4 मई को कामिल ने इरशाद को पुराना लेनदेन का हिसाब करने और नशा करने के लिए बुलाया था। दोनों ई-रिक्शा से घटनास्थल तक गए थे। जहां दोनों ने नशा किया। इस दौरान पैसों के हिसाब को लेकर उनका आपस में झगड़ा हो गया। तभी इरशाद ने कामिल के सिर पर ईंट से वार कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। इसके बाद इरशाद ई-रिक्शा लेकर घटनास्थल से चला गया और थोड़ी दूरी पर ई-रिक्शा सड़क किनारे खड़ा कर और खून से सनी शर्ट को रिक्शा में ही छिपाकर फरार हो गया। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल खून लगी ईंट और आरोपी के खून से सने कपड़े बरामद किए हैं।

# श्री मनोहर लाल धर्मार्थ अस्पताल सेवला कलां में आंखों के इलाज की सुविधा का शुभारंभ

**देहरादून,** 9 मई (देशबन्धु)। श्री मनोहर लाल जैन धमार्थ अस्पताल दिगंबर जैन समाज का एक ऐसा संस्थान है जो पछले 80 वर्षों से समाज को होम्योपैथिक चिकित्सा की सुविधा प्रदान कर रहा है। इसी क्रम में गुरूवार सेवला कलां स्तिथ चिकित्सालय में नेत्र चिकित्सा की सुविधा का शभारंभ परम पूज्य छुल्लक रत्न 105 श्री समर्पण सागर महाराज के सनिध्य में आरंभ किया गया है। कार्यक्रम दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष विनोद जैन द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया । नेत्र चिकित्सालय का संचालन ए एस जी आई केयर ग्रुप जौधपुर की सहायता से किया जाएगा जिसमे उनके संस्थान से संबद्ध प्रसिद्ध नेत्र सर्जन डॉक्टर संगीता जैन के द्वारा परीक्षण किया जाएगा और मोतिया बिंद आदि के आपरेशन किए जाएंगे। अस्पताल में चिकित्सा के लिए आवश्यक सभी उपकरण दिगंबर जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष चंद्रसेन जैन जी की स्मृति में उनके परिवार के द्वारा चिकित्सालय को प्रदान किए गए हैं। दिगंबर जैन समाज के द्वारा मनोहर लाल जैन धमार्थ चिकित्सालय का संचालन नो प्रॉफिट नो लॉस की पॉलिसी पर किया जाता है ।जिसमें सभी




बीमारियों की दवाई बहुत ही कम शुल्क पर प्रदान की जाती है, एवं पैथोलॉजी की सविधा बाजार भाव से 50: कम दर पर निरंतर दी जा रही है। वर्तमान प्रबंध समिति के द्वारा दो साल पहले शुरू गई फिजियोथैरेपी चिकित्सा का लाभ भी क्षेत्रके सैकड़ो व्यक्तियों द्वारा लिया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन संस्था के महामंत्री पंकज जैन द्वारा किया गया। इस अवसर पर जैन समाज के अध्यक्ष विनोद जैन,उत्तराखंड जैन समाज के अध्यक्ष सुखमाल चंद जैन,चिकित्सालय की प्रबंध समिती के अध्यक्ष डॉक्टर संजय जैन,महामंत्री पंकज जैन,कोषाध्यक्ष अतुल जैन,सहित कार्यकारी के पदाधिकारी सदस्य एवम समाज महेंद्र जैन, संदीप जैन सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# चारधाम यात्रा का हुआ औपचारिक शुभारंभ, हजारों श्रद्धालुओं को हरी झंड़ी दिखाकर किया रवाना



■ अमरनाथ तिवारी

**देहरादून,** 9 मई (देशबन्धु)। चारधामयात्रा-2024 का औपचारिक शुभारम्भ कैबिनेट मंत्री डा. प्रेमचंद अग्रवाल और हंस फाउंडेशन के संस्थापक माता मंगला व भोले महाराज, पूर्व नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह, निवर्तमान मेयर अनिता ममगाई ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया। इस मौके पर 135 वाहनों में 4050 श्रद्धालुओं को रवाना किया गया। इस दौरान ऋषिकुमारों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण, ढोल बाजों से पंडाल गूंज उठा। प्रत्येक वर्ष चारधाम यात्रा संचालित करने वाली संयुक्त रोटेशन यात्रा व्यवस्था समिति के तत्वावधान में आज यात्रा का औपचारिक शुभारंभ किया गया। क्षेत्रीय विधायक व कैबिनेट मंत्री डा. प्रेमचंद अग्रवाल ने उत्तराखंड आगमन पर सभी चारधाम यात्रियों का स्वागत करते हुए उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होने की भगवान से प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष के रिकॉर्ड इस बार चारधाम यात्रा में टूटने जा रहे है, कहा कि इसके लिए राज्य सरकार पूरी तरह से तैयार है। इसकी प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जा रही है। बताया कि सभी सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को कहा गया है कि चारधाम यात्रा पर लगे सभी वाहनों की फिटनेस पर विशेष ध्यान दिया जाए।

## फूलों से सजा बाबा केदार का धाम



**रूद्रप्रयाग।** चारधाम यात्रा 10 मई से शुरू होने जा रही है। इसके लिए बाबा केदारधाम को फूलों से सजाया गया है। इस बीच बदरी-केदार मंदिर समिति अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने तीर्थयात्रियों से अपील की है कि वे भक्तिभाव से दर्शन करने आएं, सोशल मीडिया की रील बनाने से बचें। मंदिर समिति भविष्य में मोबाइल को प्रतिबंधित करने पर भी विचार कर रही है। मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने कहा कि चारधाम यात्रा में उन्होंने दर्शन की व्यवस्था पूरी कर ली है। केदारनाथ धाम में आस्था पथ से लेकर मंदिर तक रेलिंग बनाई गई है। बदरीनाथ धाम में भी व्यवस्था सुदृढ़ की गई है। ताकि तीर्थयात्री बिना किसी परेशानी दर्शन कर सकें। किसी तरह की मारामारी न हो। उन्होंने ये भी बताया कि सरकार ने फिलहाल 25 मई तक सभी राज्यों से वीआईपी, वीवीआईपी को दर्शन के लिए न आने का अनुरोध किया है। वहीं, मंदिर समिति ने भी सभी कर्मचारियों, अधिकारियों को सख्त हिदायत दी है कि वे वीआईपी के साथ तस्वीरें लेने, मालाएं पहनाने से दूर रहें। इससे दर्शन के दौरान अव्यवस्था नहीं होगी।

# प्रादेशिकी

## भगवान परशुराम की जयंती पर ब्राह्मण समाज ने किया हवन पूजन

**फर्रुखाबाद,** 9 मई (देशबन्धु)। ब्राह्मण समाज में भगवान परशुराम की जयंती पर ब्राह्मण समाज धर्मशाला में हवन पूजन कर जयंती धूमधाम के साथ मनाई। 10 तारीख को निकालने वाली भगवान परशुराम शोभा यात्रा के पूर्व ब्रह्म समाज के लोगों ने भगवान परशुराम की जयंती पर हवन पूजन के साथ भगवान परशुराम के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया। ब्राह्मण धर्मशाला में ब्राह्मण समाज सेवा समिति के नेतृत्व में हवन पूजन का आयोजन किया गया। हवन पूजन आचार्य जयप्रकाश त्रिपाठी ने वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच कराया गया। एक दौरान ब्राह्मण समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान सुधांशु दत्त द्विवेदी, रमेश चंद त्रिपाठी, लाला राम दुबे, श्यामू दीक्षित, अभिषेक त्रिवेदी, अभय द्विवेदी, ज्योति स्वरूप अग्निहोत्री, विजय दुबे, मटर लाल, रामवीर शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# हर बड़ा माफिया व अपराधी सपा का शागिर्द : योगी

- मुख्यमंत्री ने चुनावी जनसभाओं में समाजवादी पार्टी पर बोला हमला
- खीरी, धौरहरा व सीतापुर लोकसभा सीटों के लिए किया चुनाव प्रचार

**लखनऊ/लखीमपुर खीरी, सीतापुर,** 9 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को खीरी, धौरहरा और सीतापुर लोकसभा सीटों के लिए धुआंधार प्रचार किया। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर आरोप लगाते हुए कहा कि हर बड़ा माफिया और अपराधी सपा का शागिर्द है। सपा रामभक्तों पर गोलियां चलवाती थी और आतंकी धमाके करने वालों के केस वापस लेती थी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नया भारत आकार ले रहा है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि आज सुरक्षा में सेंध लगाने वालों को यह पता है कि ऐसा करने से पहले यमराज जीवन की डोर काट ले जाएंगे। सीएम योगी ने खीरी लोकसभा सीट के लिए पार्टी प्रत्याशी अजय मिश्रा टेनी, धौरहरा लोकसभा सीट के लिए रेखा वर्मा और सीतापुर लोकसभा सीट के लिए प्रत्याशी राजेश वर्मा के पक्ष में मतदान की अपील की। लखीमपुर खीरी के गोला में खीरी लोकसभा सीट के लिए चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकसभा चुनाव में यूपी में सपा का खाता भी नहीं खुलेगा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के मुखिया के परिवार की पांचों सीटों पर हार सुनिश्चित है। सीएम योगी गुरुवार को गोला में खीरी लोकसभा सीट के लिए चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के तीन चरण पूरे हो चुके हैं। देश में एक ही स्वर गूंज रहा है फिर एक बार मोदी सरकार। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और सपा के लोग कह रहे हैं कि राममंदिर का निर्माण अनावश्यक हुआ है। चुनाव जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा है दो चीजें साफ हो गई हैं। एक तरफ भारत के विकास, गरीब कल्याण के लिए योजनाओं का लाभ देने वाले रामभक्त हैं। दूसरी तरफ भारत की सुरक्षा में सेंध लगाने वाले, अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का अपमान करने वाले, आस्था के साथ खिलवाड़ करने वाले रामद्रोही हैं। लखीमपुर खीरी के मोहम्मदी में धौरहरा लोकसभा सीट के लिए चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव एक निर्णायक मोड़ पर आ चुका है। अब



देश में जल्द ही समान नागरिक कानून भी करेंगे लागू : योगी

तक तीन चरणों में आधा चुनाव संपन्न हो चुका है। वहीं बचे चरणों ने पहले से ही रुझान तय कर दिए हैं। पूरे देश का रुझान है कि फिर एक बार मोदी सरकार। देश की जनता जनार्दन जो राम को लाए हैं, हम उनको लाने की बात कह रही है।

इस बार देश में पहली बार देखने को मिल रहा है कि किसी सरकार ने 10 वर्ष का कार्यकाल पूरा किया और उसके बाद भी जनता जनार्दन पूरे उत्साह और उमंग के साथ बीजेपी के प्रत्याशियों को जिताकर तीसरी बार मोदी सरकार बनाने जा रही है। भारत की जनता यह कृतज्ञता इसलिए जाहिर कर रही है क्योंकि मोदी सरकार ने देश के विकास, कल्याण और सम्मान के लिए काम किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र

### विपक्ष पर देश को बांटने की साजिश रचने का लगाया आरोप

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस और सपा देश को बांटने की साजिश रच रही है। एक तरफ कांग्रेस के कार्यकाल में जहां देश की सीमाएं असुरक्षित थीं, आतंकवाद और नक्सलवाद चरम पर थे वहीं दूसरी तरफ सपा रामभक्तों पर गोलियां चलवाती थी और आतंकियों के केस वापस लेती थी। मगर इस बार पूरे देश में एक ही स्वर गूंज रहा है कि जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे।

मोदी ने नए भारत का निर्माण करके वर्तमान और भावी पीढ़ी के भविष्य को उज्ज्वल करने का काम किया है। सीतापुर के बिसवां में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूरा चुनाव रामभक्तों व रामद्रोहियों के बीच रह गया है। जनता-जनार्दन और रामभक्त कह रहे हैं कि जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे, जबकि रामद्रोही कह रहे हैं कि मंदिर बेकार बना है। इसे बनाने की आवश्यकता ही नहीं थी।

भारत के अंदर मंदिर की क्या आवश्यकता थी। सीएम ने तंज कसा कि भगवान राम का मंदिर उत्तर प्रदेश के अयोध्या में नहीं तो क्या काबुल-कंधार, लाहौर और कराची में बनेगा। अयोध्या श्रीराम की पावन जन्मभूमि और कोटि-कोटि सनातन धर्मावलंबियों की आस्था की भूमि है। अयोध्या हमारा पवित्र धाम है। आज की अयोध्या त्रेतायुग के रामायण काल की याद दिलाएगी और काशी में सतयुग के दर्शन होंगे। सीएम ने कहा कि सरकार नैमिषारण्य के लिए भी बड़ी कार्ययोजना लेकर आ चुकी है। फोरलेन कनेक्टिवटी कार्य प्रारंभ हो चुका है। यहां यात्री विश्रामालय बनेंगे, गोमती नदी का रिवर फ्रंट के रूप में विकास होगा, मंदिरों का पुनरोद्धार व सुंदरीकरण, हर व्यापारी का पुनर्वास, नए होटल-रेस्तरां खुलेंगे। इलेक्ट्रिक बस को लखनऊ से जोड़ने की सेवा प्रारंभ कर चुके हैं। हेलीकॉप्टर की सुविधा से भी जोड़ने जा रहे हैं। धीरे-धीरे लखनऊ से बाहर मेट्रो भी वहां तक पहुंचेगी। सीएम ने सुरक्षा के बेहतरीन वातावरण का उदाहरण देते हुए कहा कि रेडिको खेतान ने भी यहां एक हजार करोड़ के निवेश के साथ सैकड़ों नौजवानों के लिए नौकरी-रोजगार के द्वार खोला।

# प्रदूषण के खिलाफ किचन वेस्ट की क्रांति का बिगुल बजा

**मवाना,** 9 मई (देशबन्धु)। एएस इंटर कॉलेज मवाना में आने वाली पीढ़ी के भविष्य को संभालने के लिए नौ मई को क्रांति के रूप में प्रारंभ किया गया। कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. सुमित कुमार उपाध्याय ने कहा कि 10 मई को क्रांति दिवस के रूप में मनाया जाता है, परंतु अब अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ने की आवश्यकता नहीं है। आज वायु प्रदूषण तथा घर से निकलने वाले वेस्ट मेटेरियल से होने वाले प्रदूषण के खिलाफ क्रांति की आवश्यकता है। इसलिए गुरुवार को 9 मई 2024 को कॉलेज के प्रांगण से एक चिंगारी वायु प्रदूषण तथा घरेलू कचरा से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए प्रारंभ की जा रही है। विद्यालय में कचरे से बायो कंपोस्ट खाद तैयार करने की पांच यूनिट की स्थापना की जा रही है। एक यूनिट का शुभारंभ समस्त अतिथियों ने किया। इस यूनिट का शुभारंभ कक्षा 6 से 12 तक प्रत्येक कक्षा के छात्र-छात्रा के द्वारा कराया गया। 25 सौ से अधिक छात्र-छात्राओं ने संकल्प लिया कि वह अपने घर पर किचन वेस्ट से बायो कंपोस्ट तैयार करेंगे तथा प्रत्येक घर में एक यूनिट तैयार की जाएगी। प्रत्येक छात्र-छात्रा को वायु मित्र बनाया गया, जो यातायात पुलिस के साथ मिलकर



ए एस इंटर कॉलेज मवाना में आयोजित हुआ कार्यक्रम

लोगों से अनुरोध करेंगे कि वह उनके भविष्य के लिए वायु प्रदूषण को कम करने में उनका सहयोग दें। इससे पहले छात्राओं ने न्यूट्रिमा हॉस्पिटल के ईएनटी सर्जन डॉ. सुमित उपाध्याय, नगर पालिका परिषद मवाना के अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक, प्रबंध समिति के प्रबंधक एवं मवाना के स्वच्छता सर्वेक्षण के ब्रांड एंबेसडर पवन कुमार रस्तोगी, पालिका के अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार जैन, स्वच्छता सर्वेक्षण नगरीय निकाय के प्रभारी अधिकारी अमरनाथ, हाउस होल्ड वेस्ट के प्रभारी निकुंज गर्ग, वायु प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के प्रभारी कृष्ण गोपाल भारद्वाज, किचन वेस्ट यूटिलाइजेशन प्रभारी ललित सिरोही और शिवकुमार का तिलक एवं पुष्प वर्षा के द्वारा स्वागत एवं सम्मान किया गया। प्रधानाचार्य डॉक्टर मेघराज सिंह ने समस्त अतिथियों का अंग वस्त्र माला एवं सम्मान प्रतीक के द्वारा सम्मान किया।

## सार संक्षेप

### छात्रों के परीक्षा फॉर्म व फीस लेकर भागा कॉलेज कर्मचारी

**मेरठ।** कनोहर लाल पीजी महिला कॉलेज की छात्राएं परीक्षा से वंचित रह गई। उन्होंने बताया कि परीक्षा फॉर्म जमा नहीं हुआ। उनकी फीस और दस्तावेज लेकर कॉलेज का कर्मचारी फरार हो गया। ऐसे में उनका साल खराब हो रहा है। छात्राओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया और आत्महत्या की चेतावनी दी। उधर, प्राचार्य ने परीक्षा फॉर्म भरने के बदले में हजारों रुपए की धनराशि लेकर फरार होने का एक कर्मी पर आरोप लगाते हुए ब्रह्मपुरी थाने में तहरीर दी है। आरोप है कि प्राचार्य ने भी उनकी गुहार नहीं सुई। प्राचार्य प्रोफेसर अलका चौधरी ने एक अंशकालीन कर्मचारी मयंक पर घोर अनुशासनहीनता के आरोप लगाए। उन्होंने मयंक के खिलाफ ब्रह्मपुरी थाने में तहरीर देते हुए कहा कि मयंक की करने की संस्कृति प्रबंध तंत्र के सचिव से की जा चुकी है।

### जिलाधिकारी दीपक मीणा से मिले स्कूली बच्चे

**मेरठ।** स्कूली बच्चे डीएम दीपक मीणा से मिले। उन्होंने डीएम बनने से लेकर शहर की स्वास्थ्य, ट्रैफिक व सुरक्षा व्यवस्था समेत सरकारी योजनाओं के संचालन के बारे में सवाल किए। डीएम ने बच्चों के प्रत्येक सवाल का जवाब दिया और कहा की एंजॉय के साथ पढ़ाई करो, किसी भी समस्या को अपने माता-पिता से जरूर बताना चाहिए। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित एनआइसी भवन में विद्या ग्लोबल आइबी स्कूल के बच्चे डीएम दीपक मीणा से रूबरू हुए। यहां स्कूली बच्चों ने अपनी जिज्ञासा को सवालों के रूप में डीएम के समक्ष रखा। एक छात्रा ने पूछा कि भविष्य में मैं डीएम बनना चाहती हूं, मैं अभी से कैसे तैयारी कर सकती हूं। डीएम ने बताया कि लक्ष्य बनाकर और एकाग्रता से पढ़ाई करना चाहिए। बच्चों ने डीएम बनने से लेकर शहर की स्वास्थ्य, ट्रैफिक व सुरक्षा व्यवस्था समेत सरकारी योजनाओं के संचालन के बारे में सवाल किए। बच्चों ने डीएम बनने से लेकर शहर की स्वास्थ्य, ट्रैफिक व सुरक्षा व्यवस्था समेत सरकारी योजनाओं के संचालन के बारे में सवाल किए। बच्चों ने सवाल पूछा कि आप यातायात व्यवस्था कैसे बनाते हैं और शहर में लगने वाले जाम से कैसे मुक्ति मिलेगी। डीएम जाम रोकने के वाले उपायों की जानकारी बच्चों से साझा की। ऐसे ही छात्र-छात्राओं ने स्वास्थ्य, सुरक्षा, सड़क सुरक्षा जैसी व्यवस्थाओं को संचालित करने को लेकर भी सवाल किए।

### बाग में मिले दो युवकों के शव

**मेरठ।** खरखौदा थाना क्षेत्र स्थित गांव पांची के निकट मौजूद हाईवे से मात्र 200 मीटर की दूरी पर मौजूद एक बाग में दो अज्ञात युवकों के शव मिला। सूचना मिलने के तुरंत बाद खरखौदा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी एसएसपी को दी। सूचना पाकर एसएसपी भी घटना स्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर घटना स्थल के नमूने लेने के बाद मृतक युवकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। फॉरेंसिक टीम के अनुसार करीब 5 घंटे पहले दोनों युवकों की हत्या की गई है। मृतक युवकों के पास से पुलिस को एक मोबाइल फोन और बेल्ट मिली है। अंदेशा लगाया जा रहा है कि दोनों की हत्या बेल्ट से गला दबाकर की गई है। पुलिस मृतक युवकों की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

# किसी व्यापारी का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा : अग्रवाल

**मवाना,** 9 मई (देशबन्धु)। मवाना नगर में उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की एक बैठक हुई, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल और निशांत अग्रवाल मौजूद रहे। मुख्य अतिथि लोकेश अग्रवाल ने व्यापारियों की समस्याएं सुनीं और व्यापारियों को जागरूक करने का काम किया। उन्होंने आने वाले समय में फूड और बिजली विभाग से व्यापारियों की समस्याओं को अवगत कराया जाएगा। किसी व्यापारी को किसी भी सरकारी विभाग से समस्या हो तो वह मवाना नगर अध्यक्ष इमरान इलाही को लिखित में जानकारी दे दें। उनकी समस्या का समाधान जल्द कराया जाएगा। कोई अधिकारी उत्पीड़न करता है तो व्यापार मंडल उस अधिकारी को सबक सिखाने का काम करेगा। एडवोकेट निशांत अग्रवाल ने कहा किसी व्यापारी को सेल टैक्स और इंकम टैक्स में कोई भी समस्या आ रही हो, वह उनसे बात कर सकता है। किसी व्यापारी को किसी भी अधिकारी से घबराने की कोई जरूरत नहीं है। इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल ने वुडन एंड स्टील व्यापार मंडल की घोषणा की, जिसमें मोहसिन सैफी अध्यक्ष, शहजाद अंसारी महामंत्री, इमरान सैफी कोषाध्यक्ष, अबरार सैफी उपाध्यक्ष, मोहम्मद अनीस अंसारी मंत्री नियुक्त हुए।



किसी व्यापारी का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा : अग्रवाल

# मवाना शुगर मिल पर कर निर्धारण का मामला लटका

■ अनिल शर्मा

- कर अधीक्षक के ढुलमुल रवैए पर पालिका चेयरमैन ने नाराजगी जताई
- इस मामले में कर अधीक्षक से तीन दिन में मांगा जवाब

**मवाना,** 9 मई (देशबन्धु)। नगर पालिका कार्यालय में मवाना शुगर मिल पर स्वकर निर्धारण के मामले में कर अधीक्षक के ढुलमुल रवैये पर पालिका चेयरमैन अखिल कौशिक ने नाराजगी जताई और इस मामले में तीन दिन में कर अधीक्षक से तीन दिन में जवाब मांगा है। नगर पालिका मवाना के अफसरों द्वारा नौ सालों से मवाना चीनी मिल पर कर निर्धारण करने के कार्य में लापरवाही बरती जा रही है। नौ सालों से आय के स्रोत की अनदेखी की गई। मवाना नगर पालिका की सीमा से पहले मवाना शुगर मिल बाहर था।

वर्ष 2006 में नगर पालिका ने कार्रवाई करते हुए मवाना नगर पालिका ने इस मिल को सीमा में ले लिया। इस मामले को लेकर मवाना शुगर मिल ने उच्च न्यायालय में वाद दायर कर दिया। उच्च न्यायालय ने 12 दिसम्बर 2014 को निर्णय दिया कि नगर पालिका द्वारा वर्ष 2007-2012 और वर्ष 2013-18 के लिए किये गये कर निर्धारण की कार्यवाही का निरस्त करते हुए फ्रेश नोटिस देकर नियमानुसार व विधिनुसार आपत्तियों का निस्तारण करते हुए फ्रेश एसेसमेंट आर्डर करने के आदेश दिये गये हैं। दिसम्बर वर्ष 2014 को उच्च न्यायालय के दिए गए निर्णय पर कई सालों से कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस संबंध में चेयरमैन ने 19 जनवरी 24 को भी पालिका के कर्मचारी व कर अधीक्षक को नोटिस जारी किया था, लेकिन इस कार्य में कोई प्रगति नहीं दिखाई दी।

इस कार्य में सहयोग के लिए पालिका के अवर अभियंता सिविल को भी आदेश दिए गए थे। नगर पालिका के चेयरमैन अखिल कौशिक ने नौ मई 24 को कर अधीक्षक को जारी नोटिस में तीन दिन में जवाब मांगा है। 19 जनवरी से अब तक मवाना मिल के स्वकर निर्धारण कार्य शुरू नहीं किया जा सका। कई बार मौखिक रूप से कहा गया। कर अधीक्षक को जारी नोटिस में कहा कि उनके द्वारा की जा रही लापरवाही अनुशासनहीनता, सेवा नियमों का पालन नहीं करना आदेशों की अवहेलना की श्रेणी में आता है। तीन दिन में जवाब नहीं मिलने पर कार्रवाई के लिए उनके खिलाफ उच्च अफसरों को रिपोर्ट भेज दी जाएगी।

### पटल पर नहीं मिलते कर्मचारी

पालिका चेयरमैन अखिल कौशिक ने पालिका के सभी कर्मियों को आदेश दिए कि सभी कर्मचारी लंच के समय दोपहर डेढ़ बजे से दो बजे तक पटल छोड़कर अपने घरों को चले जाते है। लंच के बाद सभी कर्मचारी समय से नहीं लौटते। यह घोर लापरवाही है। सभी पालिका कर्मी और ठेका कर्मचारी लंच समय में ही पटल छोड़ेंगे। इसके अलावा पटल पर उपस्थित रहेंगे। आदेश में कहा गया कि निकट भविष्य में लंच के बाद पटल से गायब मिलने पर कर्मचारी के खिलाफ पूरे दिन गैर हाजिर की कार्रवाई की जाएगी।

# बच्चों ने धन सिंह कोतवाल के बलिदान को किया याद



- क्रान्ति दिवस के उपलक्ष्य में रंगारंग कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**मेरठ,** 9 मई (देशबन्धु)। कैंट स्थित गुरू तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में गुरुवार को क्रान्ति दिवस के उपलक्ष्य में देशभक्ति से ओतप्रोत लघु नाटिका के रूप में क्रांति का दृश्टांत प्रस्तुत किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एसपी ट्रैफिक राघवेन्द्र कुमार मिश्रा मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चों ने मेरठ की गौरव गाथा के सुंदर दृश्यों को दर्शाकर प्रारम्भ किया। इस कार्यक्रम में सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर उत्सापूर्वक भाग लिया। क्रांति के इस दृश्टांत में सभी नेशनल हिरोज के वेश में सुसज्जित होकर अपने अमर क्रान्तिकारियों को याद करते हुए अपनी भावनाओं को उजागर कर मेरठ के गौरव की गाथा को सुंदर लघु नाटिका का रूप देकर प्रस्तुत किया। आजादी के लिए क्रांति की चिंगारी लगाने वाले हिरोज एवं समय-समय पर हुई घटनाओं को बहुत ही संदुर ढंग से पेश किया। 10 मई 1857 की क्रान्ति की चिंगारी को याद कर स्लोगन भी बोले जिसने सभी के मन को जोश से भर दिया। वही बच्चों ने धन सिंह कोतवाल के बलिदान को भी याद किया तथा झांसी की रानी लक्ष्मीबाई किस तरह अंग्रेजों से अपने देश को आजाद कराने के लिए मैदान में टूट पड़ी थीं इन सभी घटनाओं को एक सुंदर कविता का रूप भी दिया गया। कार्यक्रम को सफ्ल बनाने में सभी शिक्षकों का भरपूर सहयोग रहा। प्रधानाचार्य डॉ. कर्मेन्द्र सिंह ने नन्हें-मुन्ने बच्चों को क्रान्ति दिवस की शुभकामनाएं दी और कहा क्रान्तिवीरों को जन्म देने वाली इस भूमि भारतमाता पर हमें गर्व है।

# महाराणा प्रताप की जयंती पर निकाली गई बाइक रैली

**मेरठ,** 9 मई (देशबन्धु)। महाराणा प्रताप की जयंती पर युवाओं ने बाइक रैली निकाली और शक्ति प्रदर्शन किया। साकेत शिव मंदिर स्थित सत्संग भवन में राष्ट्रीय वैदिक हिंदू संगठन भारत ने भी कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान महाराणा प्रताप के चित्र के सामने पुष्प अर्पित करते हुए शीतल गहलोत ने कहा कि महाराणा प्रताप का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मैनपुरी में हुई घटना से राजपूत समाज में आक्रोश है। पूर्ण विजय संकल्प हमारा गीत से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। अध्यक्षता संगठन के राष्ट्रीय सलाहकार आयकर विभाग के ज्वाइंट कमिश्नर अजय कुमार ने की। महाराणा प्रताप, भारत माता व प्रभु श्री राम के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि व राष्ट्रीय अध्यक्ष शीतल गहलोत ने हिंदुओं को एकत्र होकर राष्ट्र निर्माण में सहयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने हाल ही में मैनपुरी में हुई घटना को लेकर आक्रोश व्यक्त किया। कहां की वीर शिरोमणि हिंदू हृदय सम्राट महाराणा प्रताप का अपमान बर्दाश्त नहीं होगा।

# आर्य कन्या इंटर कॉलेज में मेधावी छात्राओं को किया गया सम्मानित

**मवाना,** 9 मई (देशबन्धु)। भारत विकास परिषद मवाना विराट एवं संस्कार शाखा द्वारा आर्य कन्या इंटर कॉलेज मवाना में गुरुवार को विद्यालय की सभी कक्षाओं में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को सम्मानित करने का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारत विकास परिषद के क्षेत्रीय महासचिव अनुराग दुबलिश, रितु रस्तोगी, कविता रस्तोगी, विनय कुमारी, अदित दुबलिश एवं प्रधानाचार्या आशा भारती ने छात्राओं को शील्ड देकर सम्मानित किया। विद्यालय का कक्षा 10 का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। पंजीकृत छात्र 112 है और छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राएं वंशिका उपाध्याय ने 600 में से 559 अंक 93.2 प्रतिशत प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया। आशा ने 600 में से 508 अंक 84.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करके द्वितीय स्थान पर रही। रिमशा 600 मे से 491 अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान पर रही।



शत-प्रतिशत रहा विद्यालय की कक्षा दस का परीक्षा परिणाम

कक्षा 12 में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा अजमी ने 500 में से 449, नंदिनी ने 500 में से 432 और रिजमा ने 500 में से 427 अंक प्राप्त किये। प्रबंधक अनुराग दुबलिश ने सभी कक्षाओं में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली सभी छात्राओं को भी सम्मानित किया। संचालन वंदना सिंह ने किया।

**आयोजन** स्ट्रेस मैनेजमेंट एंड इमोशनल स्टेबिलिटी विषय पर कार्यशाला आयोजित

# जीवन में सकारात्मक भाव से होगा तनाव प्रबंधन : मित्रा परवेश

**मेरठ,** 9 मई (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय एवं मैत्री बोध परिवार के संयुक्त तत्वावधान में सत्यजीत रे प्रेक्षागृह में स्ट्रेस मैनेजमेंट एंड इमोशनल स्टेबिलिटी (तनाव प्रबंधन और भावनात्मक स्थिरता) विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ.जी.के. थपलियाल, युथ फोर ग्लोबल पीस एंड ट्रांसफोर्मेशन एवं मैत्री बोध परिवार के मुख्य वक्ता मित्रा परवेश।

सामाजिक कार्यकर्ता अमृतपाल सिंह सोढ़ी, सुभारती हैल्थ एंड वेलनेस सैन्टर के चेयरमैन डॉ. राहुल बंसल, प्रतिकुलपति डॉ. अभय शंकरगौड़ा, डॉ. पिंटू मिश्रा, डॉ. भावना ग्रोवर एवं डॉ. सरताज अहमद ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

कुलपति मेजर जनरल जी.के.थपलियाल ने मुख्य वक्ता मित्रा परवेश का स्वागत किया। मुख्य वक्ता मित्रा परवेश ने कहा कि तनाव एक आम भावना है, जो हमें तब महसूस होती है जब हम दबाव में अभिभूत या सामना करने में असमर्थ महसूस करते हैं। थोड़ी मात्रा में तनाव हमारे लिए अच्छा हो सकता है और




- विद्यार्थियों व शिक्षकों में सकारात्मक ऊर्जा का किया संचार

हमें विभिन्न महत्वपूर्ण लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित कर सकता है। तनाव प्रबंधन का अर्थ है तनाव के कारण होने वाले नकारात्मक प्रभावों को कम करना और किसी व्यक्ति की शारीरिक और मानसिक भलाई में सुधार करना है। तनाव प्रबंधन में आत्म-देखभाल, तनाव के प्रति किसी की प्रतिक्रिया का प्रबंधन करना और तनावपूर्ण स्थिति में किसी के जीवन में बदलाव करना शामिल हो सकता है। उन्होंने बताया कि तनाव का प्रबंधन दैनिक दबावों से प्रभावी ढंग से निपटने में सक्षम होने के लिए एक योजना बनाने के बारे में है। अंतिम लक्ष्य जीवन, काम, रिश्ते, विश्राम और मौज-मस्ती के बीच संतुलन बनाना है। ऐसा करने से आप दैनिक तनाव ट्रिगर से निपटने और इन चुनौतियों का डटकर मुकाबला करने में अधिक सक्षम हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ भोजन करें, व्यायाम करें, भरपूर नींद लें और अगर आप तनावग्रस्त महसूस करते हैं तो खुद को आराम दें और अपने शरीर की देखभाल करें। इस दौरान उन्होंने 25 मिनट के आध्यात्मिक शक्ति प्रवाह सत्र के माध्यम से कार्यशाला में उपस्थित विद्यार्थियों व शिक्षकों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया। कार्यक्रम के समन्वयक एवं हैल्थ एंड वेलनेस सेंटर के चेयरमैन व कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर डॉ राहुल बंसल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर सुभारती विवि के मेडिकल, डेन्टल, नर्सिंग, पैरामेडिकल, लॉ, पत्रकारिता एवं विभिन्न संकाय व विभाग के शिक्षक, चिकित्सक, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। मंच का संचालन डॉ. निशा सिंह ने किया। कार्यक्रम में निशा सिंह, शशिराज तेवतिया, मुमताज शेख, ई.विवेक तिवारी, ई.आकाश भटनागर, अक्षय कुमार, मनीष कुमार, हर्षवर्धन कौशिक, दीपक गुप्ता, अनिल फोटोग्राफर, इन्द्रपाल आदि ने सहयोग दिया।

# कॉलोनी के लोगों ने किया टॉवर लगाने का विरोध

**मेरठ,** 9 मई (देशबन्धु)। निजी स्कूल की बिल्डिंग पर मोबाइल टॉवर लगाने के विरोध में कॉलोनी के सैकड़ों लोगों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। उन्होंने स्कूल संचालक पर कार्रवाई की मांग के लिए लिए प्रशासनिक अधिकारी को मांग पत्र भी दिया। उनका कहना है कि टॉवर लगाने से रोकने पर स्कूल संचालक जान से मारने की धमकी देता है। डीएम ने मामले का संज्ञान लेते हुए तत्काल कार्य रुकवाने का आश्वासन दिया है। टीपी नगर थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड़ स्थित मोहकमपुर में एवीआर एकेडमी हैं। जहां 100 अधिक बच्चे पढ़ते हैं। आरोप है कि स्कूल संचालक व प्रधानाचार्य छत पर मोबाइल टॉवर लगवा रहे हैं। कॉलोनी के लोगों को कहना है कि टॉवर अवैध रूप से लगाया जा रहा है। स्कूल संचालक के पास टॉवर लगाने की कोई अनुमति नहीं है।




देशबन्धु नई दिल्ली, शुक्रवार, 10 मई, 2024, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

# मुंगेर संसदीय सीट : तीसरी बार बाहुबली की पत्नियों से मुकाबला करेंगे ललन सिंह

## राजीव रंजन सिंह की टक्कर राजद प्रत्याशी अनीता देवी महतो से

**पटना,** 9 मई (एजेंसियां)। जनता दल यूनाईटेड (जदयू) के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह तीसरी बार मुंगेर संसदीय सीट पर बाहुबली की पत्नियों से मुकाबला करने जा रहे हैं।

सिंह ने वर्ष 2009 के चुनाव में बेगूसराय संसदीय सीट से जीत हासिल की थी। इस चुनाव में जदयू प्रत्याशी राजीव रंजन सिंह ने कांग्रेस की दिग्गज कृष्णा शाही को पराजित किया था। इसके बाद उन्होंने अपना रण क्षेत्र बेगूसराय से मुंगेर कर लिया। वर्ष 2014 के चुनाव में मुंगेर संसदीय सीट पर जदयू प्रत्याशी राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) उम्मीदवार पूर्व बाहुबली सांसद सूरजभान सिंह की पत्नी वीणा देवी के साथ मुकाबला किया। इस चुनाव में वीणा देवी ने सियासी भूमि में ललन सिंह को मात दे दी।





वर्ष 2019 के चुनाव में मुंगेर लोकसभा सीट पर जदयू प्रत्याशी राजीव रंजन सिंह का मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व बाहुबली विधायक अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी के साथ हुआ। इस चुनाव में राजीव रंजन सिंह ने नीलम देवी को पराजित किया और पहली बार मुंगेर के सांसद बनें।

वर्ष 2024 के चुनाव में मुंगेर सीट पर तीसरी बार राजीव रंजन सिंह का मुकाबला बाहुबली की पत्नी से होने जा रहा है। जदयू प्रत्याशी राजीव रंजन सिंह का मुकाबला इस बार बाहुबली अशोक महतो की पत्नी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रत्याशी अनीता देवी महतो से है। अनीता देवी महतो पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रही हैं।अनीता देवी महतो का नाम पहली बार मार्च 2024 में सुर्खियों में तब आया था, जब उन्होंने अपनी उम्र से काफी बड़े अशोक महतो से शादी की थी। अशोक महतो बहुचर्चित नवादा जेल ब्रेक कांड में 17 साल की सजा काट चुके हैं।

मुंगेर संसदीय सीट पर राजीव रंजन तीसरी बार अपनी किस्मत आजमाने जा रहे है। एक बार उन्होंने बाहुबली की पत्नी को मात दी, वहीं एक बार मात भी खायी है। देखना दिलचस्प होगा कि इस बार के चुनाव में राजीव रंजन सिंह और बाहुबली की पत्नी में किसका पलड़ा भारी रहता है।

## राजनीतिक दलों की प्रतिष्ठा दांव पर

# श्रीनगर में 24 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे 17 लाख मतदाता

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 9 मई (देशबन्धु)। कई राजनीतिक दलों के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न बन चुकी हाई-स्टेक श्रीनगर संसदीय सीट 13 मई को एक गहन चुनावी मुकाबले के लिए तैयार हो चुकी है, जिसमें 8.7 लाख महिलाओं सहित 17.4 लाख मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। श्रीनगर संसदीय सीट के लिए 17.4 लाख से अधिक मतदाता दो दर्जन से अधिक उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला 13 मई को करेंगे।

श्रीनगर संसदीय चुनाव के लिए 24 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें नेशनल कॉन्फ्रेंस के आगा सैयद रुहुल्लाह भी शामिल हैं, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी के वहीद उर रहमान पारा, अपनी पार्टी के मोहम्मद अशरफ मीर, डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आज़ाद पार्टी के अमीर अहमद और गण सुरक्षा पार्टी के मोहम्मद यूसुफ भट। जेके नेशनल पैंथर्स पार्टी (भीम) के उम्मीदवार हकीकत सिंह, नेशनल लोकतांत्रिक पार्टी की रूबीना अख्तर, भारत जोड़ो पार्टी के यूनिस अहमद मीर और 16 स्वतंत्र उम्मीदवार।

जानकारी के अनुसार, श्रीनगर संसदीय क्षेत्र के लिए 1740015 से अधिक मतदाता पंजीकृत हैं। इस सीट के क्षेत्रों में श्रीनगर, गांदरबल, पुलवामा और बडगाम जिले के तीन क्षेत्र शामिल हैं। गांदरबल जिले में दो विधानसभा क्षेत्र हैं, कंगन और गांदरबल। गांदरबल में मतदाताओं की कुल संख्या 2,04,041 है, जिनमें से 77,537 कंगन में और 1,26,504 गांदरबल में हैं।

कंगन में, 39324 से अधिक पुरुष, 38213 महिलाएं, 1623 PwD (40प्रतिशत विकलांगता), 225 पुरुष वरिष्ठ नागरिक (85+), 213 महिला वरिष्ठ नागरिक (85+), और 438 कुल वरिष्ठ नागरिक (85+) हैं। गांदरबल में, 63093 से अधिक पुरुष, 63410 महिलाएं, 1211 पीडब्ल्यूडी (40प्रतिशत विकलांगता), 397 पुरुष वरिष्ठ नागरिक (85+), 408 महिला वरिष्ठ नागरिक (85+), और 805 कुल वरिष्ठ नागरिक (85+) हैं।

श्रीनगर में 8 से अधिक विधानसभा क्षेत्र हैं जिनमें हजरतबल, खानयार, हब्बाकदल, लाल चौक, चन्नापोरा, जदीबल, ईदगाह और सेंट्रल शाल्टेंग शामिल हैं, जहां मतदाताओं की कुल संख्या 748863 है। 7,48,863 में से 3,75,622 पुरुष मतदाता, 3,73,218 महिला मतदाता, 1683 दिव्यांग (40 प्रतिशत विकलांगता) मतदाता, 4926 पुरुष वरिष्ठ नागरिक (85+), 4696 महिला वरिष्ठ नागरिक (85+), 23 ट्रांसजेंडर और कुल 9622 मतदाता हैं। वरिष्ठ नागरिक (85+)। हजरतबल में 1,08,467 से अधिक मतदाता हैं, जिनमें 54,380 पुरुष मतदाता और 54,087 महिला मतदाता शामिल हैं। खानयार खंड में, 89,814 से अधिक मतदाता हैं, जिनमें 44,897 पुरुष और 44,915 महिला मतदाता शामिल हैं। हब्बाकदल में 92,716



से अधिक मतदाता हैं, जिनमें 46,301 पुरुष और 46,410 महिला मतदाता शामिल हैं। लाल चौक क्षेत्र में 1,03,784 से अधिक मतदाता हैं, जिनमें 51,928 पुरुष और 51,854 महिलाएं शामिल हैं।

चनापोरा में 81,266 से अधिक मतदाता हैं, जिनमें 40,734 पुरुष और 40,531 महिला मतदाता शामिल हैं। जदीबल क्षेत्र में 1,08,938 से अधिक मतदाता हैं, जिनमें 54696 पुरुष और 54,238 महिला मतदाता शामिल हैं। ईदगाह में 59,994 से अधिक मतदाता हैं, जिनमें 30,233 पुरुष और 29,759 महिला मतदाता शामिल हैं। सेंट्रल शाल्टेंग खंड में, 1,03,884 से अधिक मतदाता हैं, जिनमें 52,453 पुरुष और 52,453 महिलाएं शामिल हैं।

कुल मिलाकर पांच खंड हैं, जिनमें से तीन श्रीनगर संसद सीट में आते हैं और इसमें खान साहिब, चार-ए-शरीफ और चादूरा शामिल हैं। खान साहब में 94,612 से अधिक मतदाता हैं, जिनमें 48,140 पुरुष और 46,467 महिला मतदाता शामिल हैं। चार-ए-शरीफ खंड में, 1,03,126 से अधिक मतदाता हैं, जिनमें 52,288 पुरुष और 52,288 महिला मतदाता शामिल हैं। वहीं चाडूरा में 89,068 से अधिक मतदाता हैं, जिनमें 44,312 पुरुष और 44,754 महिला मतदाता शामिल हैं।

जहां तक शोपियां का सवाल है, जिले में दो खंड हैं, ज़ैनपोरा और शोपियां। शोपियां श्रीनगर संसद सीट में आता है। शोपियां में 98,933 से अधिक मतदाता हैं, जिनमें 50,003 पुरुष और 48,925 महिलाएं हैं। पुलवामा में, चार से अधिक खंड हैं- पंपोर, त्राल, पुलवामा और राजपोरा, जहां मतदान करने वालों की आबादी 4,03,192 है। इनमें से 2,02,899 महिला मतदाता हैं, 2,00,277 पुरुष मतदाता हैं, 4113 दिव्यांग (40प्रतिशत विकलांगता) हैं, 1595 पुरुष वरिष्ठ नागरिक (85+) हैं, और 1820 महिला वरिष्ठ नागरिक (85+) हैं। पंपोर में, 99,239 से अधिक मतदाता हैं, जिनमें से 50,090 पुरुष और 49,145 महिलाएं हैं। त्राल में 97,477 से अधिक मतदाता हैं, जिनमें से 48,350 पुरुष और 49,120 महिलाएं हैं। पुलवामा में, 98,713 से अधिक मतदाता हैं, जिनमें से 48,989 पुरुष और 49,723 महिलाएं हैं। राजपोरा में 1,07,763 से अधिक मतदाता हैं, जिनमें से 53,793 पुरुष और 53,966 महिलाएं हैं।

# चौथे चरण में बंगाल में बढ़ेगी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की तैनाती

**कोलकाता,** 9 मई (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 13 मई को पश्चिम बंगाल की आठ लोकसभा सीटों के लिए मतदान होना है। इन क्षेत्रों में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की तैनाती में 42 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जाएगी। पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय के सूत्रों ने कहा कि चौथे चरण के लिए सीएपीएफ की कुल 578 कंपनियां तैनात की जाएंगी जो तीसरे चरण (जिसमें चार सीटों पर मतदान हुआ था) के 406 के आंकड़े की तुलना में काफी अधिक है।

सीईओ कार्यालय के एक अंदरूनी सूत्र ने कहा कि चौथे चरण के मतदान के समय पश्चिम बंगाल में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की कुल 596 कंपनियां तैनात की जाएंगी। इनमें से 578 कंपनियों को चुनाव ड्यूटी पर होंगी, जबकि बाकी को रिजर्व में रखा जाएगा। इन 578 कंपनियों में से 430 को मतदान केंद्रों पर तैनात किया जाएगा जबकि शेष 148 कंपनियों को त्वरित प्रतिक्रिया टीमों के गठन के लिए रखा जाएगा।

चौथे चरण में जिन आठ लोकसभा सीटों पर मतदान होना है, उनमें बहरामपुर, कृष्णानगर, राणाघाट, बर्धमान पुरबा, बर्धमान - दुर्गापुर, आसनसोल, बोलपुर और बीरभूम शामिल हैं।

# वोटिंग के लिए उत्साह से लबरेज दिखे 80 वर्षीय खिरू महतो

**रांची,** 9 मई (एजेंसियां)। मैं 20 वर्ष पहले ही रिटायर हो गया हूं। मेरी याद से मतदाता बनने के बाद मैंने हर बार मतदान में भाग लिया है। अब 80 वर्ष का हो गया हूं फिर भी इस बार के मतदान में मैं अवश्य अपने मताधिकार का प्रयोग करूंगा। मतदान करना मेरे लिए हर्ष का विषय है। उक्त बातें मतदान के लिए उत्साह से लबरेज 80 वर्षीय खिरू महतो ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार से कही। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी गुरुवार को हज़ारीबाग़ जिले के इचाक स्थित ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के मतदान केंद्रों पर लोकसभा निर्वाचन के लिए आज तैयारियों की वस्तुस्थिति से अवगत हो रहे थे।

मतदान केंद्रों के भौतिक निरीक्षण एवं वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप के वितरण की अद्यतन स्थिति के बारे में बीएलओ से पूछताछ के क्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने संबंधित मतदान केंद्र के बीएलओ द्वारा समर्पित सूची का ग्रामीणों एवं उस क्षेत्र के लोगों से सत्यापन कराया। इस क्रम में एएसडी सूची के लोगों के नाम पुकारे गए एवं उनके बारे में आसपास के लोगों से जानकारी ली गई। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीण एवं शहरी मतदाताओं से मतदान में भाग लेने की अपील की। साथ ही वैसे लोग जो क्षेत्र में रहने के बाद भी मतदान करना नहीं चाहते, उन्हें इसके महत्व को समझाने और मतदान के प्रति प्रेरित करने को कहा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने हजारीबाग जिले के भ्रमण के दौरान राजकीय मध्य विद्यालय ईचाक, राजकीयकृत मध्य विद्यालय देवकुली, आंगनबाड़ी केन्द्र पेलावल उत्तरी एवं आंगनबाड़ी केन्द्र ईदगाह चौक पेलावल दक्षिणी में अवस्थित मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया। इस अवसर पर हज़रीबग जिला निर्वाचन पदाधिकारी नैन्सी सहाय, उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित हज़ारीबाग़ जिले में निर्वाचन से जुड़े पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# काराकाट से अभिनेता पवन सिंह व पाटलिपुत्र से भाजपा प्रत्याशी रामकृपाल यादव ने भरा नामांकन

**पटना,** 9 मई (एजेंसियां)। भोजपुरी सिनेमा के अभिनेता पवन सिंह ने गुरुवार को बिहार के काराकाट से बतौर निर्दलीय नामांकन का पर्चा दाखिल किया। दूसरी तरफ पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव ने पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी के रूप में नामांकन भरा है।

पवन सिंह ने समर्थकों के साथ रोहतास जिला मुख्यालय पहुंचकर अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए थे। इससे पहले पवन सिंह मंदिर पहुंचे और भगवान महादेव की पूजा-अर्चना की।



पवन सिंह के निर्दलीय चुनाव लड़ने से काराकाट में त्रिकोणात्मक संघर्ष होने की उम्मीद है। एनडीए की ओर से राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा चुनाव लड़ रहे हैं। जबकि, महागठबंधन ने सीपीआई माले के राजाराम कुशवाहा को उतारा है। भाजपा ने पवन सिंह को पश्चिम बंगाल की आसनसोल लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया था, लेकिन, उन्होंने टिकट लौटा दिया। इसके बाद उन्होंने काराकाट से निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया।

दूसरी तरफ पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव ने पटना में पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र से नामांकन भरा। इस मौके पर एनडीए के कई नेता मौजूद रहे। नामांकन पत्र भरने के बाद उन्होंने कहा कि पाटलिपुत्र के लोगों ने पहले भी आशीर्वाद दिया था और इस बार भी आशीर्वाद देंगे। हम सेवा भाव से लगे हुए हैं। पीएम मोदी और सीएम नीतीश की विकास की धारा बह रही है।इस सीट से रामकृपाल यादव का राजद की प्रत्याशी मीसा भारती से मुकाबला है।

# छठा चरण : नाम वापसी के बाद चार संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में बचे 93 प्रत्याशी

**रांची,** 9 मई (एजेंसियां)। झारखंड के उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने बताया है कि छठे चरण के चुनाव के लिए नाम वापसी के बाद चार संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में अब 93 प्रत्याशी रह गए हैं। डॉ. ने अरोड़ा ने गुरुवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गिरिडीह संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से गुरुवार को दो लोगों ने अपना नाम वापस ले लिया। इस तरह यहां अब 16 प्रत्याशी चुनाव मैदान में बचे हैं। धनबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से किसी ने भी अपना नामांकन वापस नहीं लिया है। यहां से कुल 25 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। रांची संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से भी किसी प्रत्याशी ने अपना नामांकन वापस नहीं लिया है। यहां से कुल 27 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। वहीं जमशेदपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 1 उम्मीदवार ने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली है। यहां अब 25 उम्मीदवार बचे हैं।

उन्होंने बताया कि सातवें चरण के चुनाव में नामांकन के तीसरे दिन भी दुमका (अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से एक भी प्रत्याशी ने अपना नामांकन नहीं किया है। राजमहल (अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से अब तक तीन लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। गोड्डा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से भी अभी तक 3 लोगों ने उम्मीदवारी का पर्चा भरा है।

उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद से झारखंड में सामान और नकदी की जब्ती का आंकड़ा 1 अरब, 13 करोड़ 69 लाख तक पहुंच चुका है। उन्होंने बताया कि अब तक होम वोटिंग के तहत 911 लोगों ने मतदान किया है। वहीं आवश्यक सेवा से जुड़े 211 अब्सेंट वोटरों ने अपना वोट दिया है। वहीं निर्वाचन कार्य में जुटे 2,05,525 वोटरों में से 19557 लोग पोस्टल बैलेट पेपर से मतदान कर चुके हैं।

# वरिष्ठ व दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्र पर विशेष व्यवस्था : के. रवि कुमार

**रांची,** 9 मई (एजेंसियां)। झारखंड में लोकसभा आम चुनाव में मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं हैं। मतदान केन्द्र पर आने में असमर्थ मतदाताओं के लिए होम वोटिंग की सुविधा मुहैया कराई जा रही है। वहीं मतदान केन्द्र तक आने में समस्या वाले वरिष्ठ एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए ऑटो/टोटो की व्यवस्था कराई जा रही है। साथ ही मतदाताओं के लिए की जाने वाली गतिविधियों यथा निबंधन, मतदान केन्द्रों पर व्हील चेयर, चेयर की व्यवस्था,



मतदाताओं को धूप में रहना नहीं पड़े, इसके लिए शेड की व्यवस्था की गई है। इन सभी सुविधाओं की सूचना से मतदाताओं को अवगत कराने का निर्देश मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने दिया। वह गुरुवार को कोडरमा जिले के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर रहे थे। कुमार ने पिछले चुनाव में कम मतदान वाले कोडरमा के मतदान केन्द्रों पर जाकर निर्वाचन कार्य कर रहे बीएलो से मतदान केन्द्र की न्यूनतम सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही उनके द्वारा की गयी तैयारियों एवं भरे गये विभिन्न प्रपत्रों, अब्सेंट, शिफ्ट, मृत (एएसडी) सूची, मतदान केन्द्र जागरूकता समूह और वालेंटियर से संबंधित सूची का अवलोकन किया। साथ ही वोटर इन्फॉरमेशन स्लिप के वितरण की अद्यतन स्थिति को जाना और इस कार्य में गति लाकर शीघ्र वितरण सुनिश्चत कराने का निर्देश दिया।

# परिवार के गढ़ पुलिवेंदुला पर कब्जा कायम रख सकेंगे जगन?

## टीडीपी, जन सेना और भाजपा के साथ गठबंधन में लड़ रही चुनाव

**अमरावती,** 9 मई (एजेंसियां)। चार दशकों से अधिक समय से पुलिवेंदुला विधानसभा सीट पर वाईएसआर परिवार की पकड़ इस कदर मजबूत रही है कि इस दौरान चुनावों के नतीजों को लेकर कभी संदेह नहीं रहा और अक्सर इंतजार केवल जीत का अंतर जानने का होता था। येदुगुरी संदिंती राजशेखर (वाईएसआर) रेड्डी से लेकर उनके भाई, चाचा, पत्नी और बेटे तक सभी ने परिवार के गृह जिले कडप्पा में इस निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया है, जिसका नाम अब दिवंगत मुख्यमंत्री के नाम पर रखा गया है। कांग्रेस के खिलाफ विद्रोह के बाद एक नया दल वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) बनाने के बाद भी वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने सुनिश्चित किया कि निर्वाचन क्षेत्र पर परिवार की पकड़ बनी रहे।

जगन 2019 में अपनी जीत के साथ अपने पिता के बाद मुख्यमंत्री पद पर आसीन होने वाले पुलिवेंदुला से दूसरे विधायक बन गए। पांच साल बाद उन्हें न केवल सत्ता बरकरार रखने की चुनौती का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि घरेलू मैदान पर उत्साही विपक्ष से भी जूझना पड़ रहा है। सत्तारूढ़ वाईएसआरसीपी ने विधानसभा चुनावों में क्लीन स्वीप करने के लक्ष्य के साथ '175 क्यों नहीं' का नारा गढ़ा, तो तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) ने 'पुलिवेंदुला क्यों नहीं' का जवाबी नारा दिया। जगन ने टीडीपी सुप्रीमो एन. चंद्रबाबू नायडू के गढ़ कुप्पम पर कब्जे का प्रयास किया, तो वहीं नायडू ने लड़ाई को वाईएसआरसीपी प्रमुख के दरवाजे तक पहुंचा दिया। टीडीपी, जन सेना और भाजपा के साथ गठबंधन में 13 मई का चुनाव लड़ रही है। वह जगन को उनके गृह क्षेत्र में हराने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

'बी.टेक' रवि के नाम से जाने जाने वाले टीडीपी के मारेड्डी रवींद्रनाथ रेड्डी पुलिवेंदुला



से जगन को हैट्रिक से रोकने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। लेकिन जिस चीज ने जगन की समस्याओं को बढ़ा दिया है, वह उनके परिवार की अंदरूनी दरार है।

जगन की बहन वाई.एस. शर्मिला 2011 में वाईएसआरसीपी बनाने के बाद से हर चुनाव में उनके साथ खड़ी थीं। लेकिन वह न केवल प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस में शामिल हो गई हैं, बल्कि मौजूदा सांसद वाई.एस. अविनाश रेड्डी के खिलाफ कडप्पा लोकसभा क्षेत्र से चुनाव भी लड़ रही हैं। पुलिवेंदुला कडप्पा लोकसभा क्षेत्र के सात विधानसभा क्षेत्रों में से एक है, जिसे वाईएसआर परिवार का गढ़ भी माना जाता है। हालांकि, अपने चाचा और पूर्व मंत्री वाई. विवेकानंद रेड्डी की हत्या के आरोपों के कारण भाई-बहन की प्रतिद्वंद्विता और कटुता ने जगन के लिए राह मुश्किल कर दी है। विवेकानंद रेड्डी की 2019 के चुनावों से कुछ दिन पहले हत्या कर दी गई थी। पांच साल बाद सनसनीखेज मामला जगन को परेशान के लिए उठ रहा है। विवेकानंद रेड्डी की बेटी वाई.एस. सुनीता ने न्याय की लड़ाई में शर्मिला के साथ हाथ मिलाया है। चचेरी बहनें जगन से सवाल कर रही हैं कि सीबीआई ने मामले में आरोपी के रूप में अविनाश रेड्डी को नामित किया। इसे बावजूद उन्होंने उन्हें एक बार फिर चुनावी मैदान में क्यों उतारा।

# पूर्व मंत्री डॉ. रामलाल मारकंडा ने निर्दलीय चुनाव लड़ने का किया ऐलान

**उदयपुर,** 9 मई (एजेंसियां)। कांग्रेस ने युवा प्रत्याशी अनुराधा राणा और भाजपा ने रवि ठाकुर को चुनावी रणभूमि में उतारा है। इस बीच पूर्व मंत्री डॉ. रामलाल मारकंडा ने भी निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है।

**निर्दलीय चुनाव लड़ने के फैसले से अब मुकाबला त्रिकोणीय**

डॉ. मारकंडा ने उदयपुर में अपने समर्थकों के साथ बैठक करने के बाद यह घोषणा की है। उनके निर्दलीय चुनाव लड़ने के फैसले से अब यहां मुकाबला त्रिकोणीय और दिलचस्प हो गया है। लाहौल-स्पीति विस क्षेत्र में करीब 25,000 मतदाता हैं। डॉ. मारकंडा ने कहा कि पहले भाजपा ने उन्हें धोखा दिया है। उनकी ओर से सींची भाजपा ने दूसरे दल के आए नेता को उम्मीदवार बना दिया। उन्होंने कहा कि अब





वह समर्थकों के कहने पर चुनाव लड़ने जा रहे हैं और 13 मई को केलांग में नामांकन भरेंगे।

डॉ. मारकंडा ने कहा कि मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि लगभग डेढ़ महीने मेरे साथ जो राजनीति दोनों पार्टियों ने की, भारतीय जनता पार्टी ने ऐसे व्यक्ति को टिकट दिया। मुझे इस बार खेद से कहना पड़ रहा है। हमने भारतीय जनता पार्टी को हमारे कार्यकर्ता इकट्ठे हुए। भाजपा को हमने खून पसीने से सींचा है मुझे दर किनार किया और मुझे ये भी कहा कि आप पार्टी द्वारा पार्टी के आला नेता मेरे घर में पहुंचे। रामलाल मारकंडा रुकिए, हम पार्टी का टिकट रिव्यू कर रहे हैं। आपको टिकट देने वाले हैं और अन्तोगत्वा मुझे जवाब मिला कि हम टिकट बदल नहीं पा रहे हैं।

इसबीच में हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू से मेरा संपर्क हुआ। उन्होंने अपने टिकट देने की बात कही और चार तारीख तक मुझे कहा गया आपको दिल्ली जाना पड़ेगा और ज्वाइन करना पड़ेगा। शिमला ज्वाइन करना पड़ेगा। आपको टिकट देने वाले हैं और पांच तारीख को मेरा टिकट कटा। कांग्रेस पार्टी से मिले डेढ़ महीने का समय मैंने जाया किया। मेरा कोई मन नहीं था कि मैं चुनाव लड़ूंगा। सभी समर्थकों ने फैसला किया कि आपको चुनाव लड़ना ही पड़ेगा। तत्काल मैंने फैसला ले लिया।

देशबन्धु

# [अर्थ जगत]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टाटा मोटर्स | 1.77 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.37 प्रतिशत |
| एसबीआई | 1.14 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 0.80 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 0.80 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एलटी | 5.56 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 4.51 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 3.46 प्रतिशत |
| आईटीसी | 3.27 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 2.83 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 73,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74400 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2600-2700 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6100-6200 |
| दाल चना | 7100-7200 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9850-9950 |
| अरहर दाल | 11700-11800 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



## वैश्विक चुनौतियों के बावजूद 2022-23 में उच्चतम स्तर पर देश का निर्यात

- बीते वित्त वर्ष में 115 गंतव्यों को भारत का निर्यात बढ़ा : सरकार
- सेवा निर्यात बढ़कर 341.1 अरब डॉलर पर

**नई दिल्ली,** 9 मई (एजेंसियां)। वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद वित्त वर्ष 2023-24 में कुल 238 गंतव्यों में से 115 देशों को भारत का निर्यात बढ़ा है। आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी सामने आई है। वाणिज्य मंत्रालय की तरफ से गुरुवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत के इन 115 निर्यात गंतव्यों की कुल निर्यात में हिस्सेदारी 46.5 प्रतिशत है। इन देशों में अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), नीदरलैंड, चीन, ब्रिटेन, सऊदी अरब, सिंगापुर, बांग्लादेश, जर्मनी और इटली शामिल हैं। पिछले वित्त वर्ष में देश का वस्तु निर्यात तीन प्रतिशत घटकर 437.1 अरब डॉलर रह गया।



हालांकि, सेवा निर्यात बढ़कर 341.1 अरब डॉलर हो गया, जबकि 2022-23 में यह 325.3 अरब डॉलर था। आंकड़ों से पता चला कि लगातार वैश्विक चुनौतियों के बावजूद देश का कुल निर्यात (वस्तुओं और सेवाओं को मिलाकर) 2022-23 में उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था।

पिछले वित्त वर्ष (2023-24) में देश का कुल निर्यात 778.2 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जबकि 2022-23 में यह 776.4 अरब डॉलर रहा था। इस तरह निर्यात में 0.23 प्रतिशत की मामूली वृद्धि दर्ज की गई। भारत के वस्तु निर्यात की हिस्सेदारी भी 2014 के 1.70 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में 1.82 प्रतिशत हो गई है।

इस दौरान विश्व माल निर्यातकों में भारत 19वें स्थान से 17वें स्थान पर आ गया है। इसके अलावा, 2023-24 में शीर्ष 10 गंतव्यों में भारत के निर्यात में सालाना आधार पर 13 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई।

### पहली तिमाही में देश में स्मार्टफोन की बिक्री आठ प्रतिशत बढ़ी

- 5जी की हिस्सेदारी 71 फीसदी पर

**नई दिल्ली।** ग्राहकों के अपने पुराने फोन छोड़कर महंगे फोन खरीदने से एक साल पहले की तुलना में इस साल की पहली तिमाही में देश में स्मार्टफोन की बिक्री संख्या के हिसाब से आठ प्रतिशत और मूल्य के मामले में 18 बढ़ी है। काउंटरप्वाइंट रिसर्च की गुरुवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि तिमाही के दौरान बिकने वाले हर 100 स्मार्टफोन में 71 प्रतिशत 5जी स्मार्टफोन थे। देश के समग्र स्मार्टफोन बाजार में प्रीमियम सेगमेंट की हिस्सेदारी अब तक के अपने उच्चतम स्तर 20 प्रतिशत (मूल्य के आधार पर 51 प्रतिशत) पर पहुंच गई है।

वरिष्ठ अनुसंधान विश्लेषक शिल्पी जैन ने कहा कि भारत का स्मार्टफोन बाजार पहली तिमाही में अपने उच्चतम मूल्य पर पहुंच गया। लोग प्रीमियम फोन ज्यादा खरीद रहे हैं। इससे स्मार्टफोन बाजार में राजस्व बढ़ा है। मध्य-स्तर के उपभोक्ताओं में से एक-तिहाई से ज्यादा प्रीमियम सेगमेंट में अपग्रेड करने के इच्छुक हैं। उन्होंने आगे कहा कि इस ट्रेंड के पीछे के कारकों में किफायती फाइनेंसिंग योजनाएं, ट्रेड-इन के लिए बेहतर मूल्य और बंडल योजनाएं शामिल हैं। साथ ही एआई, गेमिंग और इमेजिंग एन्हांसमेंट्स जैसी टॉप फीचर्स की मांग भी शामिल है। पहली बार, विवो ने एक ही तिमाही में वॉल्यूम के मामले में बाजार का नेतृत्व किया।

## सिंटन और एग्रीबिड ने कृषि क्षेत्र में रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की



नई दिल्ली 9 मई (एजेंसियां)। सिंटन वैंटेज ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड (सिंटन), एक वैश्विक कमोडिटी ट्रेडिंग कंपनी है जिसका मुख्यालय सिंगापुर में है और जिसका प्राथमिक संचालन मलेशिया, इंडोनेशिया और भारत में है। सिंटन की मुख्य व्यावसायिक गतिविधियों में पेट्रोलियम उत्पादों, कृषि व्यवसाय और ओलियोकेमिकल्स और उर्वरकों के लिए सोर्सिंग, आपूर्ति, व्यापार और लॉजिस्टिक्स शामिल हैं। सिंटन और एग्रीबिड ने कृषि क्षेत्र में वस्तुओं की खरीद में क्रांति लाने के उद्देश्य से एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। इंडोनेशिया के कृषि परिदृश्य को बदलने के लक्ष्य के साथ सिंटन एग्रीबिड इंडोनेशिया साझेदारी की शुरुआत होगी। सिंटन एग्रीबिड इंडोनेशिया का गठन अगले पाँच वर्षों के लिए इंडोनेशियाई सरकार से जुड़ी कंपनियों को उच्च गुणवत्ता वाली कृषि वस्तुओं की आपूर्ति और वितरण की भूमिका निभाएगा। एकजुत प्रयास से, सिंटन और एग्रीबिड इंडोनेशिया और अन्य दक्षिण पूर्व एशियाई देशों में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपनी विशेषज्ञता, संसाधनों और नेटवर्क के दोनों क्षेत्रों से तालमेल का लाभ उठा सकते हैं। यह साझेदारी, भारत में शीर्ष 4 बंदरगाहों में गोदाम बनाने और सुविधाएँ लाने के लिए इक्विटी और ऋण में 50 मिलियन अमरीकी डालर तक जुटाएगी। यह साझेदारी परियोजना के मूल्य श्रृंखला भागीदार को एक सर्वव्यापी समाधान प्रदान करने में सक्षम बनाएगी और इसका उद्देश्य पीएसीएस और एफपीओ के माध्यम से कृषि वस्तुओं के निर्यात को बढ़ावा देना होगा।

## 12 महीने बाद गोल्ड ईटीएफ से हुई निकासी

- निवेशकों ने अप्रैल में 396 करोड़ रुपए निकाले

**नई दिल्ली,** 9 मई (देशबन्धु)। गोल्ड के लिए पिछला महीना जबरदस्त उतार-चढ़ाव भरा रहा रहा। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजार दोनों में कीमतें ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई। हालांकि उसके बाद कीमतों में करेक्शन देखने को मिला। फिर भी गोल्ड ने अप्रैल के दौरान 4 फीसदी से ज्यादा का रिटर्न दिया। सेंट्रल बैंकों की तरफ से सोने की हो रही जबरदस्त खरीदारी और जियो पॉलिटिकल टेंशन इस धातु की कीमतों के लिए सबसे ज्यादा मददगार रहे। लेकिन रिकॉर्ड हाई से कीमतों में आई तेज गिरावट के बीच गोल्ड ईटीएफ में निवेश लगातार 12 महीने के इनफ्लो के बाद अप्रैल में घटा। देश के कुल 17 गोल्ड से अप्रैल 2024 के दौरान 395.69 करोड़ रुपए की शुद्ध निकासी दर्ज की गई। जबकि पिछले साल की समान अवधि के दौरान गोल्ड ईटीएफ में 124.54 करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश हुआ था। मार्च 2024 के दौरान इसमें 373.36 करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश हुआ था। एसोसिएशन ऑफ म्युचुअल फंड्स इन इंडिया के आंकड़ों के अनुसार लगातार 12 महीने के इनफ्लो के बाद अप्रैल में गोल्ड ईटीएफ से लोगों ने पैसे निकाले।

## भारत में इलेक्टिक वाहनों का उज्ज्वल भविष्य देखता है लोहिया

- 2030 तक देश में इलेक्ट्रिक वाहनों का होगा दबदबा
- 2030 तक कंपनी का इसे 30 प्रतिशत तक बढ़ने का लक्ष्य

**नई दिल्ली,** 9 मई (देशबन्धु)। लोहिया, एक प्रमुख नाम हैं भारतीय इलेक्ट्रिक दो-और तीन-पहिया वाहन उद्योग में। उन्होंने देश के इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए अपनी महत्वाकांक्षी योजना को सामने रखा है।

देश में लगातार बढ़ती इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग को पूरा करने के लिए लोहिया अपनी निर्माण क्षमता और उत्पादों की संख्या कई गुना बढ़ाने के लिए पुरजोर तैयारियां कर रहा है। यह लक्ष्य देश के



इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग के लिए एक ऐसे महत्वपूर्ण समय पर आ रहा है जब हाल ही में भारत ने सड़कों पर ईवी की तादाद 1 लाख से ज्यादा होने की खुशी मनाई है।

देश में तीन पहिया ईवी बाजार की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए, लोहिया गर्व से यह बयान किया है की एल 5 श्रेणी में बाजार में इनकी 50 प्रतिशत भागेदारी है। कंपनी को भरोसा है कि 2030 तक टिकाऊ शहरी परिवहन के लिए देश में इलेक्ट्रिक वाहनों का दबदबा होगा। जहां अभी दो पहिया वाहन श्रेणी में लोहिया की बाजार में 5 प्रतिशत की भागेदारी है, 2030 तक कंपनी का इसे 30 प्रतिशत तक बढ़ने का लक्ष्य है। नवाचार और सबसे बेहतर उत्पाद बनने के लिए कंपनी का समर्पण कंपनी के इस महत्वकांक्षी लाकसाय को पूरा करने के कारण बनेंगे।

आयुष लोहिया, सीईओ लोहिया ने सरकार से सब्सिडी कम होने और देश में किसी भी बैटरी निर्माता के न होने से पेश होने वाली परेशानियों को स्वीकारा। उन्होंने बताया की हालांकि पिछले 6 महीने में कंपनी के विकास की रफ्तार थोड़ी कम हुई है लेकिन फेम नीति के लागू होने के बाद बढ़ोतरी में दोबारा तेज़ी आएगी।

## सार संक्षेप

### बायजूस का नया सेल्स मॉडल पर जोर

**नई दिल्ली।** शैक्षणिक सेवाएं प्रदाता बायजूस ने अपने सेल्स मॉडल को पुश-आधारित से पुल-आधारित मॉडल में बदल दिया है जो 'चूकने के डर' के बजाय 'सीखने के प्यार' पर आधारित है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि अब मैनेजर सेल्स टीम के साथ एक कोच की तरह व्यवहार करेंगे, जो उन्हें अधिक सहायता करने और मजबूत बनाने पर ध्यान देंगे न कि कॉल कोटा को सख्ती से लागू कराने पर केंद्रित होंगे। सेल्स सहयोगियों को अपने तरीके से काम करने का लचीलापन मिलेगा और उनके द्वारा किए गए कॉल की संख्या पर नजर नहीं रखी जाएगी। बायजूस का कहना है कि अगर आप सिर्फ आधे घंटे काम करके भी नतीजे हासिल कर सकते हैं, तो कृपया ऐसा ही करें। यदि सिर्फ वीकेंड पर काम करना चाहते हैं तो भी कोई दिक्कत नहीं है। उन्हें केवल परिणाम लाने वाले दृष्टिकोण को ही प्रोत्साहित करना है।

### सनकाइंड एनर्जी को पांच रूफटॉफ परियोजनाओं का मिला काम

नई दिल्ली। सौर समाधानों (सोलर साल्यूशंस) में अग्रणी सनकाइंड एनर्जी को पांच रूफटॉफ परियोजनाओं का काम मिला है। इससे बढ़ते नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र की तरक्की का रास्ता और खुला है। सनकाइंड एनर्जी ने इन महत्वपूर्ण परियोजनाओं के जरिए व्यावसायिक और सौर प्रतिष्ठानों में अपनी उपस्थिति का विस्तार किया है। कंपनी ने स्वयं को विशेष रूप से उत्तर भारत में सौर इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) सेवाओं में एक अग्रणी कारोबारी के रूप में स्थापित किया है। कंपनी ने पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में 10 मेगावाट की संयुक्त क्षमता की परियोजनाएं हासिल की हैं। सनकाइंड एनर्जी की चमक बढ़ी, 5 प्रमुख छत परियोजनाओं के साथ सोलर इन्फ्रा बूस्ट को ऊर्जा देने की तैयारी नई दिल्ली, 3/5/2024: सौर समाधानों में अग्रणी सनकाइंड एनर्जी ने बढ़ते नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के लिए मार्ग प्रशस्त करते हुए पांच सौर छत परियोजनाएं हासिल की हैं।

### जीआई ग्रुप ने रिटेल, ईकॉमर्स व लॉजिस्टिक्स की वृद्धि के बारे में दी जानकारी

नई दिल्ली। जीआई ग्रुप होल्डिंग की ताज़ा रिपोर्ट 'द ग्रेट इंडियन कंज़म्पशन स्टोरी' ने रिटेल, ईकॉमर्स व लॉजिस्टिक्स की वृद्धि के बारे में जानकारी दी है। इन क्षेत्रों में नौकरी को लेकर दिलचस्पी बढ़ी है, खासकर युवाओं में और अत्याधुनिक तकनीक को इनमें तेजी से अपनाया जा रहा है। इस अध्ययन का लक्ष्य है एक परिवर्तनकारी एवं समृद्धकारी श्रम बाजार की रचना करना जिससे कर्मचारियों, संगठनों और समाज को लाभ हो। व्यापार समूह ग्राहकों की उभरती मांगों की पूर्ति हेतु खुद को तैयार कर रहे हैं, भर्ती के मामले में यह रुझान खास तौर से दिखाई दे रहा है। आधे से ज्यादा रिटेलर (52 प्रतिशत) इस साल नए स्नातकों को नौकरी पर रखने की योजना बना रहे हैं, जबकि पांच में से दो (38 प्रतिशत) अनुभवी पेशेवरों को भर्ती करना चाह रहे हैं।


## शेयर बाजार में हाहाकर, सेंसेक्स-निफ्टी डेढ़ फीसदी लुढ़के

- सेंसेक्स गिरावट के साथ तीन सप्ताह के निचले स्तर 72,404.17 अंक पर
- निफ्टी 1.55 प्रतिशत का गोता लगाकर 21,957.50 अंक पर बंद

**मुंबई,** 9 मई (एजेंसियां)। कंपनियों के कमजोर तिमाही नतीजे और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की भारी बिकवाली के दबाव में एलटी और रिलायंस समेत 25 दिग्गज कंपनियों के करीब छह प्रतिशत तक लुढ़कने से आज शेयर बाजार में हाहाकर मच गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1062.22 अंक अर्थात 1.45 प्रतिशत की भारी गिरावट लेकर करीब तीन सप्ताह के निचले स्तर 72,404.17 अंक रह गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 345.00 अंक यानी 1.55 प्रतिशत का गोता लगाकर 22 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के नीचे 21,957.50 अंक पर बंद हुआ।

बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी जमकर बिकवाली हुई। इससे मिडकैप 2.01 प्रतिशत लुढ़ककर 40,696.17 अंक और स्मॉलकैप 2.41 प्रतिशत टूटकर 45,037.83 अंक पर आ गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3943 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2910 में गिरावट




जबकि 924 में तेजी रही वहीं 109 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 43 कंपनियां लाल जबकि शेष सात हरे निशान पर बंद हुईं।

विश्लेषकों के अनुसार, देश में लोकसभा के तीसरे चरण के चुनाव के बाद भी कारोबारियों और निवेशकों को चुनावी नतीजे की स्पष्ट तस्वीर नहीं दिख रही है। इसका दबाव बाजार पर बना है। साथ ही कंपनियों के वित्त वर्ष 2023-24 की अंतिम तिमाही के कमजोर परिणाम ने भी निवेश धारणा को प्रभावित किया है। एशियन पेंट्स और हिंदुस्तान पेट्रोलियम के पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही के नतीजे अच्छे नहीं आए हैं। इनके अलावा एफआईआई की बिकवाली की वजह से शेयर बाजार में भारी गिरावट दर्ज की गई है। इस वर्ष मई में अब तक एफआईआई ने 2854 करोड रुपए की बिकवाली की है। साथ ही मार्च से जारी बिकवाली का दौर थमा नहीं है। मई में एफ़पीआई ने अब तक बाजार से 5076 करोड रुपए निकाले हैं। वहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.05, जर्मनी का डैक्स 0.34, हांगकांग का हैंगसेंग 1.22 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.83 प्रतिशत मजबूत जबकि जापान का निक्केई 0.34 और दक्षिण कोरिया का कोस्पी 1.20 प्रतिशत कमजोर रहा।

इस दौरान सेंसेक्स की जिन कंपनियों के शेयरों ने नुकसान उठाया उनमें एलटी 5.56, एशियन पेंट 4.51, जेएसडब्ल्यू स्टील 3.46, आईटीसी 3.27, बजाज फाइनेंस 2.83, इंडसइंड बैंक 2.73, टाटा स्टील 2.47, एनटीपीसी 2.43, बजाज फिनसर्व 2.17, एचडीएफसी बैंक 2.10, रिलायंस 1.85, विप्रो 1.71, पावरग्रिड 1.61, टेक महिंद्रा 1.51, सन फार्मा 1.39, नेस्ले इंडिया 1.20, भारती एयरटेल 1.08, एक्सिस बैंक 0.90, आईसीआईसीआई बैंक 0.77 शामिल रहे।

वहीं, टाटा मोटर्स 1.77, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.37, एसबीआई 1.14, इंफोसिस 0.80 और एचसीएल टेक के शेयर 0.80 प्रतिशत लाभ में रहे।

## ओमरॉन हेल्थकेयर इंडिया ने किया कोलैब्रेशन

नई दिल्ली 9 मई (एजेंसियां)। होम हेल्थ मॉनिटरिंग और ट्रीटमेंट के लिए मेडिकल इक्विपमेंट में ग्लोबल लीडर जापानी कंपनी की इंडियन ब्रांच ओमरॉन हेल्थकेयर इंडिया ने ईसीजी टेक्नोलॉजी में ग्लोबल लीडर की इंडियन सब्सिडरी एफडीए-क्लियर्ड, सीई मार्क्ड और सीडीएससीओ अप्रूव्ड लाइवकोर इंडिया के साथ अपने कोलैब्रेशन की घोषणा की है। यह कोलैब्रेशन, कार्डियोवैस्कुलर हेल्थ अवेयरनेस बढ़ाने और घटनाओं को रोकने के लिए ओमरॉन के 'गोइंग फॉर जीरो' विजन में एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन स्थापित करते हुए, पहले होम बीपीएम + ईसीजी मॉनिटरिंग एफडीए क्लियर डिवाइस (एक ही डिवाइस में अलाइवकोर ईसीजी के साथ ब्लड प्रेशर मॉनिटर) लेकर आया है जिससे कि सीवीडी (कार्डियोवैस्कुलर डिजीज) का जल्दी पता लगाकर उसे मैनेज किया जा सके। अलाइवकोर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर अनुज सेठ ने इस अवसर पर कहा



अलाइवकोर में, मोबाइल टेक्नोलॉजी के माध्यम से कार्डियक केयर में क्रांति लाने वाली अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी प्रदान करना हमारे लोकाचार में शामिल है। हम यथासंभव अधिक से अधिक व्यक्तियों तक पहुंचने के लिए रिमोट पेशेंट केयर तक पहुंच बढ़ाने के लिए समर्पित हैं।

## खाद्य तेल सहित सभी जिंसों के भाव स्थिर

**नई दिल्ली,** 9 मई (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में जारी गिरावट के दबाव में आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी



जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मई का पाम ऑयल वायदा 57 रिंगिट गिरकर 3,900 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.04 सेंट फिसलकर 43.76 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। **गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## स्टेट बैंक का मुनाफा 24 प्रतिशत बढ़कर 20698 करोड़ पर

- वर्ष 2023-24 में 61077 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया

**नई दिल्ली,** 9 मई (एजेंसियां)। सार्वजनिक क्षेत्र के देश के सबसे बड़े वाणिज्यिक बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में 20698 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 16695 करोड़ रुपए की तुलना में 24 प्रतिशत अधिक है।

बैंक ने जारी वित्तीय लेखाजोखा में कहा कि मार्च 2024 में समाप्त इस तिमाही में उसकी शुद्ध ब्याज आय 41655 करोड़ रुपए रही है जो मार्च 2023 में समाप्त तिमाही की 40393 करोड़ रुपए की शुद्ध ब्याज आय की तुलना में 3.13 प्रतिशत अधिक है।

बैंक ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में उसने 61077 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया है जो इससे पिछले वित्त वर्ष के 50232 करोड़ रुपए के लाभ की तुलना में 21.60 प्रतिशत अधिक है। इसी तरह से मार्च 2024 में समाप्त वित्त वर्ष में बैंक की शुद्ध ब्याज आय 159876 करोड़ रुपए रही है जो इससे पिछले वित्त वर्ष की 144841 करोड़ रुपए की शुद्ध ब्याज आय की तुलना में 10.38 प्रतिशत




अधिक है। बैंक ने कहा कि गैर निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) में सुधार हुआ है और मार्च 2023 में सकल एनपीए 2.78 प्रतिशत पर था जो मार्च 2024 में 54 आधार अंक सुधरकर 2.24 प्रतिशत पर आ गया। इसी तरह से शुद्ध एनपीए भी 0.67 प्रतिशत की तुलना में 10 आधार अंक कम होकर 0.57 प्रतिशत पर आ गया है। बैंक ने शेयर बाजार को बताया कि निदेशक मंडल ने एक रुपए के शेयर पर 13.70 रुपए अर्थात 1370 प्रतिशत लाभांश देने का प्रस्ताव किया है।

### पीएनबी का मुनाफा 160 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के प्रमुख बैंक पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने वित्त वर्ष 2023-24 की मार्च 2024 को समाप्त अंतिम तिमाही में 3010 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया है जो मार्च 2023 को समाप्त तिमाही के 1159 करोड़ रुपए के लाभ की तुलना में 160 प्रतिशत अधिक है। बैंक के प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अतुल कुमार गोयल ने निदेशक मंडल की बैठक के बाद आज यहां वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में वित्तीय लेखाजोखा पेश करते हुए कहा कि इस वर्ष मार्च में समाप्त तिमाही में बैंक की शुद्ध ब्याज आय 10363 करोड़ रुपए रही है जो वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि के 9499 करोड़ रुपए की तुलना में 9.19प्रतिशत अधिक है। उन्होंने बताया कि इस तिमाही में बैंक की कुल आय 32361 करोड़ रुपए रही है जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की आय की तुलना में 18.7 प्रतिशत अधिक है। गोयल ने कहा कि मार्च 2024 में समाप्त वित्त वर्ष में बैंक का शुद्ध लाभ 8245 करोड़ रुपये रहा है जो इससे पिछले वित्त वर्ष के 2507 करोड़ रुपए के लाभ की तुलना में 229 प्रतिशत अधिक है। इसी तरह से वित्त वर्ष 2023-24 में बैंक की शुद्ध ब्याज आय 40083 करोड़ रुपए रही है।



# खेल जगत

## दिल्ली ने केरल को शूटआउट में हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया

**नारायणपुर (छत्तीसगढ़)।** दिल्ली गुरुवार को यहां रामकृष्ण मिशन आश्रम ग्राउंड में टाई-ब्रेकर के जरिए केरल को हराकर स्वामी विवेकानंद अंडर-20 पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंच गई। निर्धारित समय के अंत में टीमें 3-3 से बराबरी पर थीं और 30 मिनट का अतिरिक्त समय भी गतिरोध को तोड़ने में विफल रहा, जिसके बाद टाई-ब्रेकर लागू किया गया। टाई-ब्रेकर में दिल्ली अपने प्रतिद्वंद्वियों से बेहतर साबित हुई और 4-1 से जीत हासिल की। दिल्ली के गोलकीपर करण मक्कड़ ने दो पेनल्टी किक बचाकर अपनी टीम की जीत में इजाफा किया। मक्कड़ को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। कर्नाटक और मणिपुर के बाद दिल्ली सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाली तीसरी टीम बन गई है।



# चेन्नई आज गुजरात टाइटंस के गढ़ में कड़ी चुनौती का सामना करने उतरेगी

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 9 मई (देशबन्धु)। पंजाब किंग्स से अपने घर में सात विकेट से हारने के बाद रवींद्र जडेजा के बल्ले और गेंद से दमदार प्रदर्शन से उसे उसके दूसरे घर धर्मशाला में कम वाले 28 रन से हरा जीत की राह पर वापस लौटने वाली चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके)अब गुजरात टाइटंस को शुक्रवार को अहमदाबाद मे रिटर्न मैच में भी हरा उसके खिलाफ जीत का चौका जड़ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 क्रिकेट में 12 मैचों में सात जीत और पांच हार के साथ चौथे स्थान पर बने रहे प्ले ऑफ की होड़ में बने रहने के मकसद से उतरेगी। सीएसके को शुक्रवार को गुजरात के खिलाफ मैच के बाद अपने अंतिम दो मैचों राजस्थान रॉजस्थान रायल्स से चेन्नई और बहुत देर से लय पाने वाली सीएसके के खिलाफ उसके घर में बेंगलुरू में खेलने हैं। मौजूदा सीजन में अपने दो सबसे कामयाब तेज गेंदबाज बांग्लादेश के मुस्तफिजुर रहमान (14 विकेट) और श्रीलंका के मतीशा पथिराना (कुल 13 विकेट) के स्वदेश वापस लौटने और दीपक चाहर (8 मैच , 5 विकेट) के चोट के चलते बाहर होने कारण इनमें सीएसके लिए इसे जीतना ही होगा इसमें जरा सी भी ढील की गुंजाइश नहीं है।

गुजरात टाइटंस अपने पिछले पांच में से दिल्ली कैपिटल्स और सीएसके के खिलाफ दो-दो मैच सहित 11 मैचों में सात हार और





चार जीत के साथ कुल आठ अंकों के साथ दसवें और आखिरी पायदान पर होने के चलते प्ले ऑफ की होड़ से लगभग बाहर ही है। गुजरात टाइटंस को सीएसके खिलाफ शुक्रवार के मैच के बाद अपने अंतिम दो मैच पहले

■ ऋतुराज व शिवम को गुजरात के राशिद व नूर से चौकस रहना होगा

स्थान पर चल रही केकेआर से अपने घर अहमदाबाद और तीसरे स्थान पर चल रही एसआरएच के खिलाफ उसके घर हैदराबाद में खेलने हैं जिसे वह अहमदाबाद में सात विकेट से हरा चुकी है। विराट कोहली की तरह एक शतक और चार अर्द्धशतक जड़ने के बावजूद सीएसके के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ (कुल 541 रन) रन बनाने में मौजूदा संस्करण में रन बनाने में उनके बाद दूसरे स्थान पर चल रहे हैं। सीएसके को गुजरात टाइटंस के खिलाफ रिटर्न मैच में जीतना है तो ऋतुराज गायकवाड़, तीन अर्द्धशतक जड़ने वाले शिवम दुबे(कुल 350 रन) और एक एक अर्द्धशतक जड़ने वाले डैरल मिचेल(कुल 228 रन) और रवींद्र जडेजा (कुल 202रन) और सलामी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे (कुल 208 रन) को अहमदाबाद में अब धीमी होती पिच पर गुजरात टाइटंस के अब तक आठ -आठ विकेट चटकाने वाले दोनों चतुर अफगानी लेग स्पिनरों राशिद खान और पांच मैच खेल कर सात विकेट चटकाने वाले बाएं हाथ के स्पिनर सई किशोर से चौकस रहना होगा। मौजूदा आईपीएल में आखिर के ओवर में गेंद संभाल विकेट चटकाने के साथ रनों पर लगाम लगाने वाले गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज मोहित शर्मा कुल( दस विकेट) का दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत ने बेदर्दी से धुनाई कर आत्मविश्वास ही तोड़ दिया है। ऐसे में मोहित खुद पर भरोसा कायम रखते हुए अनुभवी उमेश यादव (6 मैच,सात विकेट) और संदीप वारियर (4 मैच, पांच विकेट) के साथ यदि धैर्य से गेंदबाजी कर खासतौर पर ऋतुराज गायकवाड़ , उनके सलामी जोड़ीदार अजिंक्य रहाणे और शिवम दुबे के विकेट सस्ते में निकालने में कामयाब रहे तो फिर जरूर चेन्नई सुपर किंग्स का गणित बिगाड़ सकते हैं। भारत की अमेरिका और वेस्ट इंडीज में अगले महीने होने वाले आईसीसी टी-20 क्रिकेट विश्व कप के लिए चुनी 15 सदस्यीय टीम में जगह न पाने और केवल रिजर्व खिलाड़ियों में जगह पाने वाले दो अर्द्धशतक जड़ रन बनाने में दूसरे स्थान पर चल रहे कप्तान शुभमन गिल (कुल 322 रन) और उन्हीं की तरह दो अर्द्धशतक जड़ रन बनाने में सबसे आगे चल रहे सई सुदर्शन (कुल 424 रन) बड़ी पारियां खेल जरूर गुजरात टाइटंस को बड़े स्कोर तक पहुंचाने ही नहीं बल्कि उसके पार भी पहुंचाने का दम रखते हैं।

आईपीएल 2024

# ट्रैविस से बेहतर स्पिन कोई नहीं खेलता : अभिषेक शर्मा

**हैदराबाद,** 9 मई (एजेंसियां)। सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के युवा ओपनर अभिषेक शर्मा ने अपने ओपनिंग पार्टनर ट्रैविस हेड की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज में स्पिन गेंदबाजी को संभालने की अद्वितीय क्षमता है। राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) पर 10 विकेट से जीत हासिल करने के बाद एसआरएच ने आईपीएल 2024 में अपनी सातवीं जीत हासिल की। एलएसजी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 165 रन बनाए और पावर-प्ले में केवल 27 रन ही बना पाई। जवाब में, घरेलू टीम ने हेड (30 पर 89 रन) और अभिषेक (28 पर 75 रन) की विस्फोटक बल्लेबाजी की बदौलत 9.4 ओवर में 166 रनों के लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा किया और महत्वपूर्ण जीत हासिल की और स्टैंडिंग में नंबर 3 पर पहुंच गई। .

अभिषेक ने जियोसिनेमा पर हेड के साथ अपने रिश्ते पर बोलते हुए कहा, । मुझे नहीं लगता कि ट्रैविस से बेहतर कोई स्पिन खेलता है। उन्होंने के गौतम पर जो शॉट लगाए, आम तौर पर बल्लेबाज ऐसा नहीं कर सकते, इससे पता चलता है कि वह कितने खास हैं। वह बहुत स्पष्ट हैं, जब भी मैं उनसे बात करता हूं, जिस तरह से वह तारीफ करते हैं। पिछले साल से मैं हमेशा उनका बहुत बड़ा प्रशंसक रहा हूं, जब मैंने उन्हें फॉलो किया है। जब हमारी समझ स्थापित हुई और हमारी साझेदारी में सुधार हुआ, तो हम मैदान के बाहर अच्छे दोस्त बन गए और अधिक समय बिताना शुरू कर दिया। अभिषेक, जिन्होंने एलएसजी के खिलाफ अपनी सनसनीखेज पारी के दौरान आठ चौके और छह छक्के लगाए, ने कहा कि उनका निडर दृष्टिकोण कुछ ऐसा था जो उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के दौरान अपनाया था। मुझे लगता है कि यह दृष्टिकोण कुछ ऐसा था जो मैंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के दौरान



मुझे नहीं लगता कि ट्रैविस से बेहतर कोई स्पिन खेलता है, हेड ने गौतम पर जो शॉट लगाए, आम तौर पर बल्लेबाज ऐसा नहीं कर सकते, इससे पता चलता है कि वह कितने खास हैं : अभिषेक वर्मा

अपनाया था। मुझे लगता है कि जब मैं इस तरह से खेलता हूं, गेंद को देखता हूं और प्रतिक्रिया करता हूं, तो मेरे शॉट बेहतर लगते हैं और गेंदबाज दबाव में आ जाता है। मैं हमेशा सोचता था कि क्या मैं आईपीएल में खेलने और मैं इसे बनाए रखने की कोशिश कर सकता हूँ। हमारे सहयोगी स्टाफ और पैट (कमिंस), जिस तरह से सोचते हैं, मैंने कभी किसी और को ऐसा सोचते नहीं देखा, वहां जाओ और अपने आप को व्यक्त करो। जितना हो सके आक्रामक खेलो, हम तुम्हारा समर्थन करेंगे। मुझे लगता है कि यह बहुत मायने रखता है। शर्मा ने इस बात पर भी चर्चा की कि उन्होंने एलएसजी गेंदबाजों का सामना कैसे किया और कहा कि वे बीच में कटर गेंदबाजी कर रहे थे।

# मुंबई के सीनियर खिलाड़ी हार्दिक की नेतृत्व शैली से नाखुश

**नई दिल्ली,** 9 मई (एजेंसियां)। सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) को हराकर पांच बार की आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस को आधिकारिक तौर पर



मुंबई इंडियंस आईपीएल टी-20 की प्लेऑफ़ दौड़ से हुई बाहर

प्लेऑफ़ दौड़ से बाहर कर दिया।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, टीम के कुछ वरिष्ठ सदस्यों ने हार्दिक पांड्या की कप्तानी की शैली को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की है, जिससे आईपीएल सीजन के दौरान टीम का मनोबल लड़खड़ा गया है। इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह और सूर्यकुमार यादव जैसे वरिष्ठ खिलाड़ियों ने हार के बाद एक बैठक की जिसमें खिलाड़ियों ने व्यक्त किया कि वे अंतर्निहित समस्या क्या मानते हैं और समस्या का निर्धारण करने के लिए व्यक्तिगत बैठकें भी आयोजित की गईं।

मुंबई इंडियंस पिछले एक दशक से रोहित शर्मा के नेतृत्व में है और एक नए कप्तान के आने से ड्रेसिंग रूम में खलबली मचना तय है। मुंबई इंडियंस के एक अधिकारी ने इस सीज़न में टीम के संघर्ष को उस संक्रमणकालीन चरण के लिए जिम्मेदार ठहराया, जिसमें वे अभी हैं। अधिकारी के हवाले से कहा गया है, ये उस टीम के लिए नियमित शुरुआती समस्याएं हैं जो नेतृत्व परिवर्तन देखती है। खेल में यह हर समय होता है। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ एमआई की हार के बाद, पांड्या ने बताया कि उनका मानना है कि तिलक वर्मा अक्षर पटेल को अधिक निशाना बना सकते थे और हार के लिए खेल जागरूकता को जिम्मेदार ठहराया। यह विशेष घटना टीम के लिए अच्छी नहीं रही क्योंकि वर्मा ने रात में 32 गेंदों में 63 रन बनाकर शानदार पारी खेली और वह इस सीज़न में टीम के शीर्ष स्कोरर भी हैं। मुंबई इंडियंस फिलहाल गुजरात टाइटंस से एक मैच ज्यादा खेलकर अंक तालिका में नौवें स्थान पर है। प्लेऑफ़ में क्वालीफिकेशन की सभी उम्मीदें अब फ्रैंचाइजी के पीछे हैं, प्रबंधन के लिए अगले सीज़न से पहले सभी संभावित कमियों को दूर करना अत्यंत महत्वपूर्ण है ताकि अगले सीज़न में अपनी छठी आईपीएल ट्रॉफी जीतने की संभावना को अधिकतम किया जा सके।

# युवराज ने बताया कोहली की सफलता का राज

**नई दिल्ली,** 9 मई (एजेंसियां)। भारत के पूर्व स्टार ऑलराउंडर युवराज सिंह ने इस बात पर अपनी राय रखी कि कैसे विराट कोहली इस पीढ़ी के महानतम बल्लेबाजों में से एक बने। टी-20 में उनके स्ट्राइक रेट को लेकर आलोचना 2024 टी-20 विश्व कप से पहले बातचीत का केंद्र बिंदु बनने के बाद वह अपने पूर्व साथी की मदद के लिए आगे आए हैं। कई रिपोर्टों में यह भी अनुमान लगाया गया कि कोहली को टूर्नामेंट के लिए टीम से बाहर रखा जा सकता है। युवराज ने आईसीसी से कहा कि मुझे लगता है कि वह अपने खेल को अच्छी तरह

कोहली एक दशक से अधिक समय से भारत के स्टार बल्लेबाज रहे हैं और टीम में शामिल होने के बाद से वह आईसीसी टूर्नामेंटों में भारतीय क्रिकेट के लिए स्टार प्रदर्शन करने वालों में से एक रहे हैं : युवराज सिंह

से समझते हैं। वह जानते हैं कि अगर वह अंत तक टिके रहे तो वह भारत के लिए मैच जीतेंगे और उन्होंने कुछ बड़े मौकों पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी ऐसा किया है। उन्होंने कहा कि एक बार जब उसे लक्ष्य का पीछा करने और स्थिति को जानने का आत्मविश्वास मिल गया, तो वह जानता है कि इन परिस्थितियों में कैसे बल्लेबाजी करनी है, वह जानता है कि किस गेंदबाज पर आक्रमण करना है, किस गेंदबाज पर सिंगल लेना है, कब फिर से आक्रमण करना है, दबाव को संभालना है और जानता है कि कब अपना खेल बदलना है। कोहली एक दशक से अधिक समय से भारत के स्टार बल्लेबाज रहे हैं और टीम में शामिल होने के बाद से वह आईसीसी टूर्नामेंटों में भारतीय क्रिकेट के लिए स्टार प्रदर्शन करने वालों में से एक रहे हैं। 35 वर्षीय खिलाड़ी ने 2023 आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप में बिना किसी शतक के खराब दौर के बाद प्रवेश किया, जो 1,000 दिनों से अधिक समय तक चला और टूर्नामेंट के एक संस्करण में सबसे अधिक रनों के साथ टूर्नामेंट समाप्त किया, जो कि उनके द्वारा बनाए गए कई रिकॉर्डों में से एक था। मौजूदा आईपीएल 2024 में, भारत के पूर्व कप्तान ने 67.75 की औसत और 148.08 की स्ट्राइक-रेट से 542 रन बनाए हैं।



## सार संक्षेप

### दिव्यांगों के वर्ल्डकप की तैयारी में जुटी नवाब नगरी

**लखनऊ।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की हाल ही में सफल मेजबानी के बाद क्रिकेट के दीवाने शहर लखनऊ में अब दिव्यांगों के विश्वकप की तैयारी शुरु हो चुकी है। नवाब नगरी में पहली बार आयोजित होने वाले दिव्यांग विश्वकप में पाकिस्तान और श्रीलंका समेत दुनिया की चुनिंदा आठ टीमें हिस्सा लेंगे। विश्वकप की सटीक तारीखों का ऐलान फिलहाल नहीं किया गया है मगर जोश खरोश से भरे दिव्यांग क्रिकेटरों का जलवा नवंबर महीने में देखने को मिल सकता है। आयोजकों का कहना है कि खेल मंत्रालय से विश्वकप के आयोजन की अनुमति मिलने के बाद क्रिकेट खेलने वाले देशों से टीम भेजने के लिये संपर्क शुरु कर दिया गया है जिसमें से पाकिस्तान समेत कई मुल्कों ने आयोजन के प्रति अपनी गहरी दिलचस्पी का इजहार किया है।

### पीजीडीएवी कॉलेज हिंदू कॉलेज को 3 रन से हराकर फाइनल में

**नई दिल्ली।** आर्यन शर्मा, श्रेष्ठ पी. यादव और अंकित के शानदार खेल से पीजीडीएवी कॉलेज ने हिंदू कॉलेज को दूसरे स्वामी दयानंद सरस्वती डे-नाइट टी-20 इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट के रोमांचक लीग मैच में 3 रन से पराजित कर फ़ाइनल में प्रवेश कर लिया। हिंदू कॉलेज टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पीजीडीएवी कॉलेज ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 173 रन बनाए। आर्यन शर्मा ने 25 गेंदों में 38 रन, श्रेष्ठ पी. यादव ने 30 गेंदों में 37 रन बनाए।सिद्धांत ने 4 ओवर में 22 रन देकर 5 विकेट चटकाए। जवाब में हिंदू कॉलेज ने पीजीडीएवी कॉलेज टीम को जबरदस्त टक्कर दी लेकिन पूरी टीम 20 ओवर में 170 रन पर ऑल आउट हो गई। हिंदू कॉलेज की ओर से आदी ने 34 गेंद में 65 रन एवं आर्यन चौधरी ने 38 गेंद में 44 रन बनाए। अंकित कुमार ने 33 रन देकर 3 विकेट झटके। डॉ. मुकेश कुमार (सहायक प्रोफेसर, शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान विभाग, पीजीडीएवी) द्वारा पीजीडीएवी कॉलेज टीम के आर्यन शर्मा को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

### दिल्ली ने केरल को शूटआउट में हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया

**नारायणपुर (छत्तीसगढ़)।** दिल्ली गुरुवार को यहां रामकृष्ण मिशन आश्रम ग्राउंड में टाई-ब्रेकर के जरिए केरल को हराकर स्वामी विवेकानंद अंडर-20 पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंच गई। निर्धारित समय के अंत में टीमें 3-3 से बराबरी पर थीं और 30 मिनट का अतिरिक्त समय भी गतिरोध को तोड़ने में विफल रहा, जिसके बाद टाई-ब्रेकर लागू किया गया। टाई-ब्रेकर में दिल्ली अपने प्रतिद्वंद्वियों से बेहतर साबित हुई और 4-1 से जीत हासिल की। दिल्ली के गोलकीपर करण मक्कड़ ने दो पेनल्टी किक बचाकर अपनी टीम की जीत में इजाफा किया। मक्कड़ को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

# गुजरात टाइटंस कैंसर जागरूकता के लिए लैवेंडर जर्सी के साथ मैदान में उतरेगी

**अहमदाबाद,** 9 मई (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग के 63वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस की टीम लगातार दूसरे वर्ष कैंसर के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए 13 मई को कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ घरेलू मैदान पर आखिरी मुकाबले में विशेष लैवेंडर जर्सी पहनकर मैदान पर उतरेगी। गुजरात टाइटन्स के सीओओ कर्नल अरविंदर सिंह ने कहा, कैंसर अनगिनत जिंदगियों को प्रभावित करता है और इसके लिए लैवेंडर जर्सी हमारी ओर से एक छोटा सा प्रयास है। जर्सी कैंसर रोगियों और उबरे लोगों के लिए हमारे समर्थन का प्रतीक है। कैंसर के खिलाफ लड़ाई जीतने के लिए निवारक उपायों और शीघ्र निदान की आवश्यकता है। हम अपने प्रशंसकों के साथ मिलकर कैंसर से प्रभावित लोगों के जीवन में एक सार्थक बदलाव लाने की उम्मीद करते हैं। गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने कैंसर जागरुकता पर बल देते हुए कहा कि खिलाड़ी के रूप में हम अपने प्रशंसकों और समुदाय के प्रति अपनी सामाजिक जिम्मेदारी के बारे में जानते हैं। इन लैवेंडर जर्सी को पहनने से हम कैंसर से उबरने वाले लोगों के प्रति एकजुटता प्रदर्शित करते हैं और साथ मिलकर उनके साहस का सम्मान करते हैं। हम आशा करते हैं कि हमारा प्रयास एक ऐसी दुनिया में योगदान देगा जहां जागरूकता और शिक्षा के जरिए कैंसर को दूर किया जा सकता है।

# संजू टी-20 विश्व कप में भारत के लिए असाधारण होंगे : कुमार संगकारा

**नई दिल्ली,** 9 मई (एजेंसियां)। श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर कुमार संगकारा का मानना है कि अगर संजू सैमसन भारत के पहली पसंद के विकेटकीपर बनने की दौड़ जीत जाते हैं तो वह आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन कर सकते हैं। सैमसन, जिन्हें संगकारा द्वारा प्रशिक्षित किया जा रहा है, आईपीएल 2024 में राजस्थान रॉयल्स के साथ शानदार फॉर्म में हैं। 11 मैचों में, दाएं हाथ के बल्लेबाज ने अपनी विकेटकीपर भूमिका में सात शिकार करते हुए अविश्वसनीय 471 रन बनाए हैं और एक कप्तान के रूप में टीम को 11 मैचों में आठ मैचों में जीत दिलाई है। सैमसन संयुक्त राज्य अमेरिका और वेस्टइंडीज में 20 ओवर के प्रदर्शन के लिए



संजू सैमसन एक विशेष खिलाड़ी है और जब वह तरोताजा और केंद्रित होता है तो ऐसा कुछ नहीं होता जो वह नहीं कर सकता : संगकारा

विकेटकीपर के रूप में वापसी करने वाले ऋषभ पंत के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगे क्योंकि भारत ने अगले महीने होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए अपनी 15 खिलाड़ियों की टीम में दो विशेषज्ञ कीपरों का चयन किया है। संगकारा ने आईसीसी से कहा कि वह एक विशेष खिलाड़ी है और जब वह तरोताजा और केंद्रित होता है तो ऐसा कुछ नहीं होता जो वह नहीं कर सकता। वह एक विनम्र, ज़मीन से जुड़े व्यक्ति हैं...सोशल मीडिया पर ज्यादा सक्रिय नहीं हैं। वह बहुत अधिक गोपनीयता पसंद करते हैं और समूह के बाकी लोगों की परवाह करते हैं। उन्होंने कहा, प्रतिभा और कौशल के अलावा ये महान गुण हैं। मुझे लगता है कि वह विश्व कप में जाने वाले समूह में असाधारण होंगे। भले ही सैमसन हाल ही में आईपीएल में सर्वश्रेष्ठ कीपर-बल्लेबाजों में से एक रहे हैं।

# डब्ल्यूटीटी सऊदी स्मैश : मनिका बत्रा क्वार्टर फाइनल में हारीं

**जेद्दा ( सऊदी अरब ),** 9 मई (एजेंसियां) । विश्व टेबल टेनिस (डब्ल्यूटीटी) सऊदी स्मैश में शीर्ष भारतीय महिला पैडलर मनिका बत्रा का शानदार अभियान यहां गुरुवार को क्वार्टर फाइनल में जापान की विश्व नंबर 5 हिना हयाता से हारने के बाद समाप्त हो गया। जापान की हयाता ने वर्ल्ड नंबर-39 मनिका को 39 मिनट में 4-1 (7-11, 11-6, 11-4, 13-11, 11-2) से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। 28 वर्षीय भारतीय ने सऊदी स्मैश में अपने अभियान की शुरुआत पहले दौर में स्पेन की एंड्रिया ड्रैगोमैन पर 3-0 (11-6, 13-11, 11-8) से जीत के साथ की थी। राउंड 32 में मनिका ने पहला गेम हारने के बाद वापसी की और अगले तीन गेम जीतकर शीर्ष चीनी खिलाड़ी और ओलंपिक पदक विजेता वर्ल्ड नंबर 2 वांग मन्यु को हरा दिया और मैच 38 मिनट में 6-11, 11-5, 11-7,12-10 से जीत लिया। जेद्दा में शानदार प्रदर्शन के बाद मनिका को आईटीटीएफ विश्व रैंकिंग में शीर्ष रैंक वाली भारतीय महिला के रूप में अपना दर्जा फिर से हासिल करने की उम्मीद है।

# पेरिस ओलंपिक में भाला फेंक में तीन भारतीय पदक की दौड़ में होंगे : नीरज चोपड़ा

**नई दिल्ली,** 9 मई (एजेंसियां)। ओलंपिक खेलों की भाला फेंक स्पर्धा में मौजूदा चैंपियन, नीरज चोपड़ा का अनुमान है

■ चोपड़ा और जेना, जिन्होंने हांगझोउ एशियाई खेलों में ऐतिहासिक स्वर्ण-रजत पदक हासिल किया

कि आगामी पेरिस 2024 में तीन भारतीय पदक के लिए दौड़ में होंगे। उन्होंने बुडापेस्ट में विश्व चैंपियनशिप, जहां भारतीय थ्रोअरों ने फाइनल में शीर्ष छह में से तीन पर कब्ज़ा जमाया था, के दम पर भारत के विश्वास को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया।। भारत के भाला फेंक सितारे 10 मई को डायमंड लीग सीज़न के दोहा चरण में आउटडोर सीज़न की शुरुआत करेंगे। चुनौती का नेतृत्व मौजूदा विश्व चैंपियन चोपड़ा और उनके साथी किशोर जेना करेंगे। पेरिस 2024 से पहले 14-15 मई को भुवनेश्वर में फेडरेशन कप सहित होने वाले आयोजनों में शीर्ष कोचों के तहत कुछ गहन विदेशी प्रशिक्षण से रिटर्न का भी मूल्यांकन किया जाएगा। चोपड़ा और जेना, जिन्होंने हांगझोउ एशियाई खेलों में ऐतिहासिक स्वर्ण-रजत पदक हासिल किया, दोनों ने जुलाई-अगस्त में आगामी ग्रीष्मकालीन ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है, लेकिन चोपड़ा का मानना है कि तीसरे भाला फेंक खिलाड़ी डीपी मनु को भी पेरिस में जगह बनानी चाहिए। एक समय था जब मैं विश्व चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाई करने को लेकर भी आश्वस्त नहीं था, लेकिन देखिए समय कैसे बदल गया है। पिछले साल बुडापेस्ट में, फाइनल में हमारे तीन भारतीय (शीर्ष छह में से) थे और इससे हमें विश्वास हो गया है कि हम यूरोपीय लोगों से कम नहीं हैं। चोपड़ा ने साई मीडिया से कहा कि हम यूरोपीय लोगों से कम नहीं हैं जिन्होंने विश्व भाला फेंक में इतने लंबे समय तक अपना दबदबा बनाए रखा है। हमें बुडापेस्ट के इस विश्वास को आगे ले जाना है और पेरिस में कुछ भी संभव है। मनु पेरिस 2024 में चोपड़ा और जेना के साथ जुड़ने की कतार में हैं। मनु ने अभी तक 85.50 मीटर के क्वालीफाइंग मानक को पार नहीं किया है, लेकिन रोड टू पेरिस रैंकिंग में आराम से 11वें स्थान पर हैं। यह उसे पेरिस का टिकट दिलाने के लिए पर्याप्त होना चाहिए जब तक कि कई अन्य लोग उससे आगे नहीं निकल जाते और वह अपनी दूरी में सुधार करने में असमर्थ नहीं हो जाता। हाल ही में बेंगलुरु में इंडियन ग्रां प्री । में, मनु ने पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन मार्क 85.50 मीटर और अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 84.35 से पीछे हटते हुए 81.91 मीटर के प्रयास के साथ पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता जीती। वह अपने कोच काशीनाथ नाइक, जो राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व कांस्य पदक विजेता हैं, के साथ दक्षिण अफ्रीका के पोचेफस्ट्रूम में प्रशिक्षण ले रहे थे। नए आउटडोर सीज़न और ओलंपिक तक, भाला फेंकने वालों के लिए उचित और गहन प्रशिक्षण सर्वोच्च प्राथमिकता रही है और तीनों - चोपड़ा, जेना और मनु - को सरकार की टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) से लाभ हुआ है जो एथलीटों को वित्त पोषित करती है।

पेरिस ओलंपिक

हम यूरोपीय लोगों से कम नहीं हैं जिन्होंने विश्व भाला फेंक में इतने लंबे समय तक अपना दबदबा बनाए रखा है। हमें बुडापेस्ट के इस विश्वास को आगे ले जाना है और पेरिस में कुछ भी संभव है : नीरज चोपड़ा, विश्व चैंपियन

